भारतीय स्टेट बैंक

उद्यमशील बैंक।
चिरस्थायी उद्यम।

वार्षिक रिपोर्ट 2019-20

विषय सूची

1	सूचना
6	आपका एसबीआई
7	भारतीय स्टेट बैंक की उपलब्धिपूर्ण यात्रा
8	उद्यमशील बैंक। चिरस्थायी उद्यम।
20	एसबीआई समूह की संरचना
22	पिछले 10 वर्षों का वित्तीय प्रदर्शन
23	रेटिंग
24	केंद्रीय निदेशक बोर्ड
26	बोर्ड की समितियां/केंद्रीय प्रबंधन समिति के सदस्य/स्थानीय बोर्डों के सदस्य/बैंक के लेखापरीक्षक
30	अध्यक्ष का संदेश
36	निदेशकों की रिपोर्ट
36	**(I) आर्थिक पृष्ठभूमि एवं बैंकिंग परिवेश**
38	**(II) वित्तीय निष्पादन**
40	**(III) प्रमुख परिचालन**
40	**रिटेल एवं डिजिटल बैंकिंग समूह**
40	वैयक्तिक बैंकिंग
43	एनी टाइम चैनल
47	लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई)
50	ग्रामीण बैंकिंग
51	एनबीएफसी गठबंधन
51	कार्यनीति
52	सरकारी व्यवसाय
54	लेनदेन बैंकिंग इकाई
54	ग्लोबल बैंकिंग
54	कॉरपोरेट लेखा समूह
55	राजकोषीय परिचालन
58	अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग परिचालन
64	वाणिज्यिक ग्राहक समूह (सीसीजी)
64	परियोजना वित्त एवं पुनर्रचना कार्यनीतिक व्यवसाय इकाई
65	तनावग्रस्त आस्ति प्रबंधन
68	**(IV) सहायक एवं नियंत्रण परिचालन**
68	मानव संसाधन एवं प्रशिक्षण
73	सूचना प्रौद्योगिकी
78	जोखिम प्रबंधन
81	आंतरिक नियंत्रण
83	राजभाषा
84	विपणन और संचार
85	सतर्कता
86	आस्ति एवं देयता प्रबंधन
87	सदाचार और व्यवसाय आचरण
87	कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व
91	**(V) अनुषंगियां**
100	**कॉरपोरेट अभिशासन**
126	**सचिवालयीन लेखापरीक्षा रिपोर्ट**
131	**व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट**
132	**वित्तीय विवरणी, एकल संक्षिप्त तुलन पत्र, लाभ व हानि खाता और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट**
132	केवल भारतीय स्टेट बैंक (स्टैंड अलोन)
200	केवल भारतीय स्टेट बैंक (समेकित)
246	स्तंभ 3 प्रकटीकरण (समेकित)
272	ग्लोबल सिस्टेमिकली इम्पोरटेंट बैंक (G-SIBs) के निर्धारण संकेतकों से संबंधित प्रकटीकरण
273	**एक ग्रीन पहल शेयरधारक(कों) के उपयोग के लिये**

सूचना

भारतीय स्टेट बैंक

(भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 के अंतर्गत गठित)

भारतीय स्टेट बैंक के शेयरधारकों की 65 वीं वार्षिक महासभा "एसबीआई सभागार", स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, नरीमन पॉइंट, मुंबई-400021 (महाराष्ट्र) में मंगलवार, 14 जुलाई, 2020 को पूर्वाह्न 11.00 बजे निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

"भारतीय स्टेट बैंक के 31 मार्च 2020 तक के तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि खाता तथा भारतीय स्टेट बैंक के कार्य और कार्यकलाप पर केंद्रीय बोर्ड की रिपोर्ट एवं तुलन-पत्र और लेखों पर लेखा-परीक्षकों की रिपोर्ट पर चर्चा करना और उसे स्वीकार करना"।

कॉरपोरेट केंद्र
स्टेट बैंक भवन
मादाम कामा रोड
मुंबई - 400 021
दिनांकः 05 जून 2020

(रजनीश कुमार)
अध्यक्ष

वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम सुविधा के जरिए साधारण बैठक में हिस्सा लेने और दूर से ई-मतदान सहित इलेक्ट्रॉनिक माध्यम के जरिए मतदान करने के लिए अनुदेश

1. कोविड-19 महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए शारीरिक दूरी के मानदंडों का पालन किया जाना चाहिए। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दिनांक 8 अप्रैल 2020 के परिपत्र क्रमांक 14/2020, 13 अप्रैल 2020 के परिपत्र क्रमांक 17/2020 तथा 5 मई 2020 के परिपत्र क्रमांक 20/2020 (''एमसीए परिपत्र'') और उसके बाद भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किए गए दिनांक 12 मई 2020 के परिपत्र क्रमांक सेबी/एचओ/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 के अनुसार ईजीएम/एजीएम स्थल पर सदस्यों का प्रत्यक्ष उपस्थित होना जरूरी नहीं है और वार्षिक महासभा (एजीएम) वीडियो कान्फरेंसिंग अथवा अन्य आडियो विजुअल माध्यम से आयोजित की जानी चाहिए। बैंक के निदेशक बोर्ड द्वारा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी द्वारा जारी उपर्युक्त दिशा-निर्देशों का अनुसरण करने का निर्णय लिया गया है। अतः सदस्य आगामी वार्षिक महासभा में वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम पर उपस्थित होकर हिस्सा ले सकते हैं, जिसके लिए सदस्यों का एक ही जगह पर प्रत्यक्ष उपस्थित होना जरूरी नहीं है। बैठक का अनुमत स्थान बैंक के कॉरपोरेट केंद्र का स्टेट बैंक सभागार होगा।

2. बैंक के सदस्यों को वीडियो कान्फरेंसिंग की सुविधा उपलब्ध कराए जाने के कारण भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 के विनियम 34 में निर्धारित किए गए अनुसार प्रॉक्सी की नियुक्ति करने और सदस्यों की ओर से मतदान करने की सुविधा इस वार्षिक महासभा के लिए उपलब्ध नहीं है। तथापि भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 के विनियम 32 एवं 33 में निर्धारित किए गए अनुसार वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम के जरिए वार्षिक महासभा में उपस्थित होने और ई-मतदान के जरिए अपना मत देने के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधियों को नियुक्त करने हेतु निकाय कॉरपोरेट पात्र होंगे।

3. इस सूचना में उल्लिखित कार्यविधि का पालन करते हुए सदस्य वार्षिक महासभा शुरू होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले और बाद में वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम से सभा में भाग ले सकते हैं। पहले आए, पहले पाए आधार पर कम से कम 1000 सदस्यों के लिए वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम से वार्षिक महासभा में हिस्सा लेने की सुविधा दी जाएगी। इसमें बड़े शेयरधारक (2% अथवा उससे अधिक की शेयरधारिता वाले शेयरधारक), प्रवर्तक, संस्थागत निवेशक, निदेशक, प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक, लेखापरीक्षा समिति, नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति, हितधारक संबंध समिति, लेखापरीक्षक आदि शामिल नहीं होंगे, जिन्हें पहले आए, पहले पाए की शर्त के बिना एजीएम में हिस्सा लेने की अनुमति है।

4. भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 के विनियम 24 के अंतर्गत कोरम के निर्धारण के प्रयोजन से वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम से वार्षिक महासभा में उपस्थित होने वाले सदस्यों की उपस्थिति मान्य होगी।

5. कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (यथा संशोधित) के नियम 20 तथा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) के विनियम 44 (यथा संशोधित) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों तथा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार बैंक वार्षिक महासभा की कार्यवाही में अपने सदस्यों को दूर से ई-मतदान की सुविधा दे रहा है। इसके लिए बैंक ने नैशनल सिक्युरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के साथ प्राधिकृत एजेंसी के तौर पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा मुहैया कराने के लिए करार किया है। वार्षिक महासभा की तारीख अर्थात 14 जुलाई 2020 को सदस्यों के लिए दूरस्थ ई-मतदान व्यवस्था के इस्तेमाल और सभा स्थल पर मतदान करने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

6. कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के दिनांक 13 अप्रैल 2020 के परिपत्र क्रमांक 17/2020 के अनुरूप वार्षिक महासभा आयोजित करने की सूचना बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in पर अपलोड की गई है। इस सूचना को स्टॉक एक्सचेंज यथा बीएसई लिमिटेड एवं नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट क्रमशः www.bseindia.com एवं www.nseindia.com पर देखा जा सकता है और वार्षिक महासभा संबंधी सूचना एनएसडीएल (दूरस्थ ई-मतदान सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

7. कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के परिपत्रों के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों का अनुपालन करते हुए वार्षिक महासभा का आयोजन वीसी/अन्य विजुअल माध्यम के जरिए किया जा रहा है। स्थितियाँ अनुकूल होने और स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा वार्षिक महासभा के आयोजन के लिए अनुमति दिए जाने पर भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम एवं भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 के अनुसार सभा आयोजित की जाएगी।

8. भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 के विनियम 7 के अनुसार संयुक्त धारकों के मामले में वह सदस्य जिसका नाम कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर के अनुसार सबसे पहले हो, वार्षिक महासभा में मतदान करने का पात्र होगा, बशर्ते कि मत दूर से ई-मतदान के जरिए न डाला जा चुका हो।

9. वे सदस्य जो वीसी के जरिए उपस्थित होना चाहते हैं और जो दूर से ई-मतदान नहीं करना चाहते हैं, उन्हें वार्षिक महासभा में ई-मतदान के जरिए मत देने की अनुमति दी जाएगी। .

सदस्यों के लिए दूर से ई-मतदान करने के अनुदेश नीचे दिए गए हैं:-

दूर से ई-मतदान की अवधि 10 जुलाई, 2020 को भारतीय समय के अनुसार प्रातः 10 बजे शुरू होगी और 13 जुलाई, 2020 को शाम 5 बजे समाप्त होगी। उसके बाद एनएसडीएल द्वारा दूर से ई-मतदान मॉड्यूल को बंद कर दिया जाएगा। सदस्य द्वारा एक बार मतदान किए जाने के बाद मत को बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

उपर्युक्त अवधि के दौरान, भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 के विनियम 31 में निर्धारित तारीख को कागज रूप में अथवा कागजरहित रूप में शेयर रखने वाले बैंक के सदस्य दूर से ई-मतदान द्वारा अपना मतदान कर सकते हैं।

एनएसडीएल की ई-मतदान प्रणाली के इस्तेमाल से मैं कैसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान कर सकता/सकती हूँ

एनएसडीएल की ई-मतदान व्यवस्था का इस्तेमाल करके मतदान करने की प्रक्रिया ''दो चरण'' की है, जो नीचे दी गई है :

चरण 1 : https://www.evoting.nsdl.com/ पर एनएसडीएल की ई-मतदान प्रणाली पर लॉग-इन करें

चरण 2 : एनएसडीएल ई-मतदान प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना मतदान करें

चरण 1 के विवरण नीचे दिए गए हैं:

एनएसडीएल की ई-मतदान प्रणाली पर कैसे लॉग इन करें

1. एनएसडीएल की ई-मतदान वेबसाइट देखें। पर्सनल कंप्यूटर अथवा मोबाइल पर https://www.evoting.nsdl.com/ यूआरएल टाइप कर वेब ब्राउजर खोलें।
2. ई-मतदान व्यवस्था का होम पेज आते ही "लॉग-इन" आइकॉन पर क्लिक करें, जो "शेयरहोल्डर्स" भाग में उपलब्ध है।
3. एक नई स्क्रीन खुलेगी। आपको स्क्रीन पर दर्शाए गए अनुसार अपना यूजर आईडी, पासवर्ड एवं वेरिफिकेशन कोड दर्ज करना होगा।

   आपने एनएसडीएल की ई-सेवाओं अर्थात आईडीईएएस के लिए पंजीकरण किया है, तो आप अपने वर्तमान आईडीईएएस लॉग-इन से https://eservices.nsdl.com पर लॉग-इन कर सकते हैं। अपने लॉग-इन विवरण से एनएसडीएल की ई-सेवाओं पर लॉग-इन करते ही ई-मतदान पर क्लिक करें और आप चरण-2 के अनुसार अपना इलेक्ट्रॉनिक मतदान कर सकते हैं।

4. आपकी यूजर आईडी के विवरण नीचे दिए गए हैं :

शेयर किस रूप में हैं अर्थात कागज़रहित/डीमैट (एनएसडीएल अथवा सीडीएसएल) अथवा कागज़ में	**आपका यूजर आईडी :**
क) वे सदस्य, जिनके शेयर एनएसडीएल में डीमैट खाते में हैं	8 कैरेक्टर डीपी आईडी उसके बाद 8 अंकों का ग्राहक- आईडी उदाहरण के लिए, यदि आपका डीपी आईडी IN300*** है और ग्राहक आईडी 12****** है, तो आपका यूज़र आईडी होगा IN300***12******
ख) वे सदस्य, जिनके शेयर सीडीएसएल में डीमैट खाते में हैं	16 अंकों का लाभार्थी का आईडी उदाहरण के लिए, यदि आपका लाभार्थी आईडी 12********** है, तो आपका यूजर आईडी होगा 12**********
ग) कागज़ रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों के लिए	सम संख्या उसके बाद बैंक के पास पंजीकृत फोलियो नंबर उदाहरण के लिए, यदि आपका फोलियो नंबर 001*** है और सम संख्या 101456 है तो यूजर आईडी होगा 101456001***

5. आपके पासवर्ड के विवरण नीचे दिए गए हैं :

   क) यदि आपने ई-मतदान के लिए पहले से ही पंजीकरण कराया है, तो आप लॉगइन करने के लिए वर्तमान पासवर्ड का इस्तेमाल कर अपना मतदान कर सकते हैं।

   ख) यदि आप पहली बार एनएसडीएल की ई-मतदान व्यवस्था का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आपको प्रारंभ में सूचित पासवर्ड को रिट्रीव करना होगा। प्रारंभिक पासवर्ड को रिट्रीव करते ही आपको प्रारंभिक पासवर्ड दर्ज करना होगा और सिस्टम आपको अपना पासवर्ड बदलने के लिए कहेगा।

   ग) अपने 'प्रारंभिक पासवर्ड' को कैसे रिट्रीव करें

   (i) यदि आपका ई-मेल आईडी आपके डीमैट खाते अथवा बैंक के पास पंजीकृत है, तो प्रारंभिक पासवर्ड की सूचना आपको आपके ई-मेल आईडी पर दी जाएगी। अपने मेल बॉक्स से एनएसडीएल द्वारा भेजे गए ई-मेल को ढूंढ लें। ई-मेल खोलकर उसकी अटैचमेंट अर्थात पीडीएफ फाइल खोलें। एनएसडीएल खाते के लिए आपका 8 अंकों का ग्राहक आईडी, कागज रूप से धारित शेयरों के सीडीएसएल खाते का 8 अंकों का ग्राहक आईडी अथवा फोलियो नंबर ही पीडीएफ फाइल खोलने का पासवर्ड होगा। पीडीएफ फाइल में आपका यूजर आईडी और प्रारंभिक पासवर्ड होगा।

(ii) यदि आपका ई-मेल पंजीकृत नहीं है, तो नीचे ई-मेल पंजीकृत न करने वाले शेयरधारकों के लिए दिए गए चरणों का अनुसरण करें।

6. यदि आप "प्रारंभिक पासवर्ड" रिट्रीव नहीं कर पा रहे हैं अथवा वह आपको नहीं मिला है अथवा आप अपना पासवर्ड भूल गए हैं तो :

   क) www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "Forgot User Details/Password" पर क्लिक करें। (यदि एनएसडीएल अथवा सीडीएसएल के डीमैट में आपके शेयर हैं)

   ख) www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध "Physical User Reset Password" पर क्लिक करें। (यदि आपके शेयर कागज़ रूप में हैं)

   ग) उपर्युक्त दोनों विकल्पों के द्वारा पासवर्ड पाने में असमर्थ होने पर आप evoting@nsdl.co.in पर अपना अनुरोध अपने डीमैट खाता नंबर/फोलियो नंबर, पैन नंबर, नाम एवं पंजीकृत पते का विवरण देते हुए भेज सकते हैं।

   घ) एनएसडीएल की ई-मतदान व्यवस्था से मतदान करने के लिए सदस्य ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आधारित लॉगइन का उपयोग कर सकते हैं।

7. अपना पासवर्ड दर्ज करने के बाद "टर्म्स एंड कंडीशंस" का चयन करें और उनसे सहमत होने पर चैक बॉक्स में टिक का निशान लगाएँ।

8. अब आपको "लॉगइन" बटन पर क्लिक करना होगा।

9. "लॉगइन" बटन पर क्लिक करने के बाद ई-मतदान का होम पेज खुलेगा।

चरण 2 की जानकारी नीचे दी गई है :

एनएसडीएल की ई-मतदान व्यवस्था पर कैसे अपना मत इलेक्ट्रॉनिक माध्यम पर दें

1. चरण 1 पर सफलतापूर्वक लॉगइन करने के बाद आप ई-मतदान का होम पेज देख पाएंगे। ई-मतदान पर क्लिक करें। उसके बाद एक्टिव वोटिंग साइकल्स पर क्लिक करें।

2. एक्टिव वोटिंग साइकल्स पर क्लिक करने के बाद आप उन सभी "ईवीईएन" कंपनियों को देख पाएंगे, जिनके शेयर आपके पास हैं और जिनकी वोटिंग साइकल एक्टिव स्टेटस में है।

3. बैंक के "ईवीईएन" का चयन करें, जिसे आप अपना मत देना चाहते हैं।

4. वोटिंग पेज खुल जाने पर आप ई-मतदान के लिए तैयार हैं।

5. उपयुक्त विकल्प अर्थात एसेंट अथवा डिसेन्ट, का चयन कर, उन शेयरों की संख्या की जांच/संशोधन करें जिनके लिए आप अपना मत देना चाहते हैं, अपना मत दें, और "सबमिट" पर क्लिक करें। कहे जाने पर "कनफर्म" पर भी क्लिक करें।

6. पुष्टि के बाद "सफलतापूर्वक मतदान किया गया" संदेश दिखाई देगा।

7. कनफर्मेशन पेज पर प्रिंट विकल्प को क्लिक कर आप अपने मतदान का प्रिंट आउट भी ले सकते हैं।

8. रिसोल्यूशन पर अपने मतदान की पुष्टि के बाद आपको अपने मतदान में संशोधन करने की अनुमति नहीं होगी।

शेयरधारकों के लिए सामान्य दिशा-निर्देश

1. संस्थागत शेयरधारकों (अर्थात व्यक्ति, हिंदू अविभाज्य परिवार, अनिवासी भारतीय आदि से भिन्न) से अपेक्षा की जाती है कि वे मतदान करने के लिए प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता (ओं) के नमूना हस्ताक्षर से विधिवत सत्यापित संबंधित बोर्ड संकल्प/प्राधिकार पत्र आदि की स्केन की हुई प्रति संवीक्षक (Scrutinizer) को info@mehta-mehta.com पर मेल से भेज दें। इसकी एक प्रति evoting@nsdl.co.in को भी भेज दें।

2. आपको हिदायत दी जाती है कि अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं और अपने पासवर्ड को गोपनीय रखने के लिए अत्यंत सावधानी बरतें। सही पासवर्ड दर्ज करने के पाँच असफल प्रयासों के बाद ई-मतदान के लॉगइन को डिसेबल कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में आपको www.evoting.nsdl.com पर पासवर्ड रीसेट करने के लिए उपलब्ध विकल्प "Forgot User Details/Password" अथवा "Physical User Reset Password" का चयन करना होगा।

3. संदेह होने पर आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड भाग में उपलब्ध शेयरधारकों द्वारा प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न तथा शेयरधारकों के ई-मतदान यूजर मैनुअल को देख सकते हैं अथवा टोल फ्री नंबर 1800-222-990 पर फोन कर सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in अथवा amitv@nsdl.co.in अथवा pallavid@nsdl.co.in पर श्री अमित विशाल, सीनियर मैनेजर अथवा सुश्री पल्लवी म्हात्रे, मैनेजर, एनएसडीएल को अपना अनुरोध भेज सकते हैं अथवा टेलीफोन नंबर +91-22-24994360 अथवा +91-9920264780 अथवा +91-22-24994545 पर फोन कर सकते हैं, वे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किए गए मतदान से संबंधित शिकायतों का समाधान भी करेंगे।

यूज़र आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने और इस सूचना में दिए गए संकल्प के ई-मतदान हेतु ई-मेल के पंजीकरण के लिए डिपॉजिटरियों के साथ अपना ई-मेल पंजीकृत न कराने वाले शेयरधारकों के लिए प्रक्रिया:

1. शेयर कागज़ रूप में होने पर कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र की स्कैन की हुई प्रति (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की स्वयं द्वारा सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं द्वारा सत्यापित स्कैन प्रति) ईमेल से investor.complaints@sbi.co.in को भेज दें।

2. शेयर कागजरहित रूप में होने पर कृपया डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों का डीपीआईडी + सीएलआईडी अथवा 16 अंक वाला लाभार्थी आईडी), नाम, क्लाइंट मास्टर अथवा समेकित खाता विवरण की प्रति, पैन (पैन कार्ड की स्वयं द्वारा सत्यापित स्कैन प्रति), आधार (आधार कार्ड की स्वयं द्वारा सत्यापित स्कैन प्रति) ईमेल से investor.complaints@sbi.co.in को भेज दें।

3. वैकल्पिक रूप से सदस्य बिंदु (1) अथवा (2), जैसी भी स्थिति हो, में उल्लिखित विवरण उपलब्ध कराकर यूज़र आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने के लिए evoting@nsdl.co.in पर ईमेल भी भेज सकते हैं।

वार्षिक महासभा के दिन ई-मतदान करने हेतु सदस्यों के लिए अनुदेश निम्नानुसार हैं-

1. वार्षिक महासभा के दिन ई-मतदान करने की कार्यविधि ऊपर दूर से ई-मतदान करने के लिए उल्लिखित अनुदेशों के समान ही है।

2. वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम सुविधा के जरिए वार्षिक महासभा में उपस्थित होने वाले सदस्य/शेयरधारक एवं जिन्होंने दूर से ई-मतदान के जरिए संकल्प पर अपना मतदान नहीं किया है तथा जिन्हें ऐसा करने से अन्यथा विवर्जित न किया गया हो, महासभा में ई-मतदान के जरिए मतदान करने के पात्र होंगे। सदस्य भारतीय स्टेट बैंक सामान्य विनियम, 1955 के विनियम 31 के अनुसार मतदान करने के पात्र होंगे।

3. दूर से ई-मतदान करने वाले सदस्य वार्षिक महासभा में हिस्सा लेने के पात्र होंगे। परंतु वे वार्षिक महासभा के दिन मतदान करने के पात्र नहीं होंगे।

4. वार्षिक महासभा के दिन ई-मतदान करने की सुविधा से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का पता आदि वही होगा, जो दूर से ई-मतदान के लिए दिया गया है।

5. बैंक को प्रत्यक्ष रूप से वार्षिक महासभा आयोजित करने की अनुमति मिल जाने पर उन सदस्यों को टैबलेट के जरिए मतदान करने की सुविधा दी जाएगी, जिन्होंने इससे पहले दूर से ई-मतदान नहीं किया है।

वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम से वार्षिक महासभा में हिस्सा लेने हेतु सदस्यों के लिए अनुदेश नीचे दिए गए हैं:

1. एनएसडीएल ई-मतदान व्यवस्था के जरिए वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम से वार्षिक महासभा में हिस्सा लेने की सुविधा सदस्य को दी जाएगी। दूर से मतदान के विवरण दर्ज कर शेयरधारक/सदस्यों के लॉगइन के तहत https://www.evoting.nsdl.com पर भी सदस्य यह सुविधा पा सकते हैं। शेयरधारक/सदस्यों के लॉगइन के तहत वीसी/अन्य आडियो विजुअल माध्यम का लिंक उपलब्ध है, जहां बैंक के ईवीईएन की जानकारी दी गई है। कृपया नोट कर लें कि वे सदस्य जिनके पास ई-मतदान का आईडी और पासवर्ड नहीं है अथवा जो आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, सूचना में दूर से ई-मतदान करने के अनुदेशों का पालन कर अपने आईडी और पासवर्ड को रिट्रीव कर सकते हैं, जिससे ऐन समय पर भागदौड़ न करनी पड़े। इसके अलावा सदस्य एनएसडीएल की ई-मतदान व्यवस्था पर लॉगइन के लिए ओटीपी आधारित लॉगइन का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

2. बेहतर अनुभव के लिए सदस्यों को लैपटॉप के जरिए सभा से जुड़ने की सलाह दी जाती है।

3. सभा के दौरान किसी भी प्रकार के व्यवधान से बचने के लिए सदस्यों को अच्छी स्पीड वाले इन्टरनेट का इस्तेमाल करना होगा।

4. कृपया नोट कर लें कि मोबाइल डिवाइस अथवा टैबलेट अथवा लैपटॉप से मोबाइल हॉटस्पाट से जुड़ने वाले प्रतिभागियों को अपने संबंधित नेटवर्क के बार बार बंद होते रहने पर आडियो/वीडियो सुविधा भी रुक सकती है। इसलिए उपर्युक्त किसी प्रकार की अड़चन की संभावना को कम करने के लिए स्टेबल वाई-फाई अथवा लाइन कनेक्शन इस्तेमाल करने का सुझाव दिया जाता है।

5. वार्षिक महासभा के दौरान अपने विचार व्यक्त करने/प्रश्न पूछने के लिए इच्छुक शेयरधारक वक्ता के रूप में पंजीकारण करवा सकते हैं। वे 14 जुलाई 2020 को प्रातः 11.00 बजे वार्षिक महासभा शुरू होने से पहले अपना नाम, डीमैट खाता नंबर/फोलियो नंबर, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर का उल्लेख करते हुए अपना अनुरोध investor.complaints@sbi.co.in को भेज सकते हैं।

6. वक्ता के रूप में पंजीकृत कराने वाले शेयरधारकों को ही अपने विचार बताने/प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाएगी। इनका उपयुक्त उत्तर बैंक द्वारा दिया जाएगा।

मतदान अधिकारों का निर्धारण :- भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम की धारा 11 में दिए गए प्रावधानों के अध्यधीन वार्षिक महासभा की तारीख से कम से कम तीन महीने पहले शेयरधारक के रूप में पंजीकृत प्रत्येक शेयरधारक को उसके द्वारा धारित प्रत्येक 50 शेयरों के लिए इस सभा में एक वोट देने का अधिकार होगा। प्रत्येक शेयरधारक (केंद्र सरकार से भिन्न) जो उपर्युक्त अनुसार मतदान करने के पात्र हैं, को ऐसी सभा की तारीख से पहले तीन महीने की अवधि अर्थात 13.04.2020 तक धारित प्रत्येक 50 शेयरों के लिए एक वोट देने का अधिकार होगा।

संवीक्षक (Scrutinizer) वार्षिक महासभा में मतदान के तुरंत बाद, सर्वप्रथम वार्षिक महासभा के दौरान डाले गए मतों की गिनती करेगा, उसके बाद ई-मतदान से डाले गए मतों को अनब्लॉक करेगा। वार्षिक महासभा की समाप्ति के 48 घंटों के भीतर पक्ष अथवा विपक्ष में डाले गए कुल वोटों पर संवीक्षक (Scrutinizer) की समेकित रिपोर्ट अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को प्रस्तुत की जाएगी, जो इस पर प्रति हस्ताक्षर (काउंटर साइन) करेगा।

संवीक्षक (Scrutinizer) रिपोर्ट के साथ घोषित परिणाम तुरंत बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in एवं एनएसडीएल की वेबसाइट https://evoting.nsdl.com पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके साथ ही बैंक परिणाम को नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एवं बीएसई लिमिटेड, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं, को भेज दिया जाएगा।

(रजनीश कुमार)
अध्यक्ष

कॉरपोरेट केंद्र,
स्टेट बैंक भवन,
मादाम कामा रोड,
मुंबई - 400 021

आपका एसबीआई

भारतीय स्टेट बैंक 200 वर्षों से अधिक की गौरवशाली परंपरा वाला एक भारतीय बहुराष्ट्रीय, सार्वजनिक क्षेत्र का बैंकिंग और वित्तीय सेवा संगठन है, जिसका गठन भारत के संविधान के तहत किया गया है। जन जन का हित भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य कारोबार का अभिन्न अंग रहा है। बैंक के पास विशिष्ट उत्पादों और सेवाओं का एक मजबूत पोर्टफोलियो है, और वह उन्हें व्यक्तिगत और ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण के साथ वितरित और प्रबंध करने के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।

भारतीय स्टेट बैंक का मुख्यालय मुंबई में है, जहाँ बैंक की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं को रूपाकार मिलता है। इसकी परिकल्पना व्यक्तिगत ग्राहकों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, बड़े कॉरपोरेटों, सार्वजनिक निकायों और संस्थागत ग्राहकों सभी को ध्यान में रखकर की जाती है। इन्हें ये सेवाएं देने का काम करती हैं बैंक की देश-विदेश में फैली हजारों शाखाएं, ग्राहक सेवा केंद्र, संयुक्त उद्यम और सहायक तथा सहयोगी कंपनियाँ। बैंक परिवर्तनों को अंगीकार करने में सबसे आगे रहा है। इस प्रक्रिया में सेवा, पारदर्शिता, सदाचार, शिष्टता तथा निरंतरता के उसके मूल्यों ने सदैव इसका पथ प्रशस्त किया है।

लक्ष्य

अग्रसर भारत का सर्वप्रिय बैंक बनना।

ध्येय

सरल, उत्तरदायी और अभिनव वित्तीय समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध।

मूल्य

– सेवा
– पारदर्शिता
– सदाचार
– शिष्टता
– निरंतरता

हमारी सेवाएँ

वैयक्तिक बैंकिंग

एसबीआई विभिन्न प्रकार के ऋण उत्पादों, वेतन पैकेजों, डिजिटल ऋणों, एनआरआई व्यवसाय और वेल्थ मैनेजमेंट सेवाओं के माध्यम से परिपूर्ण वैयक्तिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है।

36 लाख
एसबीआई होम लोन ग्राहक

एसएमई बैंकिंग

एसबीआई एसएमई वित्तपोषण में बाजार का नेतृत्व करता है। हम उच्च गुणवत्ता वाली ग्राहक सेवाएं सुनिश्चित करते हुए अपने एसएमई ग्राहकों को सरल और अभिनव वित्तीय समाधान प्रदान करते हैं।

₹2,67,614 करोड़
कुल एसएमई ऋण राशि

अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग समूह

एसबीआई भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बीच अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग का अग्रणी है। आईबीजी व्यवसाय समूह विभिन्न क्षेत्रों में अपने विशेष संप्रभागों के माध्यम से उद्योग परिदृश्य को बदलने में निरंतर योगदान देता है।

233 कार्यालय
सभी समय क्षेत्रों में उपस्थिति

ग्रामीण बैंकिंग

एसबीआई वित्तीय समावेशन सूक्ष्म ऋणों, कृषि व्यवसाय के उत्पादों के माध्यम से भारत के ग्रामीण नागरिकों की आवश्यकता को पूरा करता है।

1.42 करोड़
एसबीआई के कृषक ग्राहक

सरकारी बैंकिंग

एसबीआई सरकारी व्यवसाय में बाजार में सबसे आगे है। यह भारत सरकार द्वारा की गई ई-गवर्नेंस पहलों में महत्वपूर्ण योगदान देता है और केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए ई-समाधान के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

₹52,62,643 करोड़
कुल सरकारी व्यवसाय की राशि

कॉरपोरेट बैंकिंग

भारतीय स्टेट बैंक में, कॉरपोरेट खाता समूह की प्रत्येक शाखा में सभी सेवाएं उपलब्ध हैं, जो विशेष रूप से देश के प्रमुख शीर्ष कॉरपोरेटों और नवरत्न पीएसयू को विभिन्न प्रकार के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है।

₹8,44,215 करोड़
कुल कॉरपोरेट ऋण की राशि

निवेश

हमारी अनुषंगी एसबीआई कार्ड ने 2020 में अपना आईपीओ निर्गम जारी किया था। कंपनी भारत की दूसरी सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता है जिसे उद्योग की अच्छी समझ है तथा विकास और लाभप्रदता का चिरपरीक्षित अनुभव है।

27.40%
एसबीआई कार्ड द्वारा इक्विटी पर प्रतिलाभ

भारतीय स्टेट बैंक की उपलब्धिपूर्ण यात्रा

जमाराशियों, अग्रिमों, ग्राहकों तथा ग्राहक सेवा केंद्रों की संख्या में हम भारत के सबसे बड़े बैंक हैं।

44.89 करोड़
ग्राहक

बाजार अंश
22.84%
जमाराशियां

बाजार अंश
19.69%
अग्रिम

22,141
कुल शाखाएँ

58,555
देश भर में एटीएम, सीडीएम और रीसाइकलर

61,102
व्यवसाय प्रतिनिधि सेवा

91%
वैकल्पिक चैनल लेनदेन का हिस्सा

13.43%
पीओएस की संख्या में बाजार में हिस्सा

29.42%
डेबिट कार्ड खर्च में बाजार में हिस्सा

15.53 करोड़
वित्तीय समावेशन खाते

₹2,27,469 करोड़
वित्तीय समावेशन लेनदेनों की राशि

49.29 करोड़
वित्तीय समावेशन लेनदेन बीसी चैनल के माध्यम से

होम लोन्स

(₹ करोड़)

↑ 13.85%



ऑटो लोन्स

(₹ करोड़)

↑ 1.08%



अन्य पर्सनल लोन्स

(₹ करोड़)

↑ 24.76%



देशीय निवल ब्याज मार्जिन

(%)

↑ 24 bps



वार्षिक रिपोर्ट 2019-20
भारतीय स्टेट बैंक

उद्यमशील बैंक।
चिरस्थायी उद्यम।

प्रगतिशील भारत डिजिटल रूप से उन्नत है। देश में तेजी से नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी अंगीकरण होता देखा जा सकता है। डिजिटल अर्थव्यवस्था फल-फूल रही है। एसबीआई भी अपने तकनीकी विकास के साथ आगे बढ़ रहा है। यह खुद को इस दौड़ में आगे रखे हुए है। अनेक प्रकार के डिजिटल-चैनल प्लेटफार्मों में अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। हम अपने आप को प्रौद्योगिकी समर्थित डिजिटलीकृत संगठन में बदलने की दिशा में प्रतिबद्ध हैं और हमने काउंटर के पीछे के कामकाज को भी डिजिटलीकृत कर लिया है।

एसबीआई, प्रगतिशील भारत का एक सशक्त भागीदार बनने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने में निरंतर मदद करना है। उनकी दैनिक बैंकिंग को उत्तरोत्तर सहज, आसान और सुरक्षित करते जा रहे हैं। हर भारतीय के बैंकर के रूप में हम डिजिटल बैंकिंग में सबसे आगे रहने के नए नए तरीकों पर शोध और इसका विस्तार भी करते रहेंगे। समय बीतने के साथ, हम समाज को और विकसित करने और उसे और अधिक उन्नत बनाने में प्रौद्योगिकी की अहमियत को समझते हैं। इसलिए, हम कभी भी और कहीं भी निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के अपने डिजिटल बैंकिंग प्रयासों को निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं।

हमारा मानना है कि जन-जन के बैंक के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम दुनिया के विभिन्न हिस्सों में स्थित ग्राहकों की छोटी से छोटी जरूरतों को पूरा करें। हमारा उद्देश्य, हर भारतीय का भरोसेमंद और सबसे पसंदीदा बैंक बनना है। हम पहले से ही अपने खुदरा, कॉरपोरेट और सरकारी क्षेत्र के उपक्रम ग्राहकों में से प्रत्येक के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हर स्तर पर, एक बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए व्यावहारिक समाधान और उपाय खोजने में हम अभिनव और सक्रिय प्रयास करते रहेंगे।

पिछले कुछ वर्षों से हम परिसंपत्तियों पर अपना प्रतिलाभ बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रहे हैं। हर मोड़ पर, हमने हमेशा उद्योग उत्कृष्टता प्रतिमानों को पार करने का लक्ष्य अपने सामने रखा है, ताकि हम बैंक के ऋण कारोबार, लाभप्रदता, परिसंपत्ति गुणवत्ता की स्थिति को बेहतर बना सकें और त्वरित पूंजी सृजन कर सकें।

भारत का सबसे पुराना बैंक होने के कारण एसबीआई प्रत्येक व्यवसाय इकाई के प्रमुख परिचालन लाभ के परम लक्ष्यों को पूरा करने में निरंतर प्रयासरत रहा है और भारत के विकास और सफलता के प्रयासों को गति देने में सबसे आगे बना हुआ है। भविष्य में भी हम एक संवेदनशील बैंकर होने के कारण अपनी समग्र बैलेंस शीट को मजबूत बनाने की यात्रा में अविचल प्रयास करते रहेंगे।

आज वैश्विक महामारी के उत्पन्न होने के कारण दुनिया रुक सी गई है। हालांकि, दुनिया भर की सरकारें स्थिति से निपटने के लिए दृढ निश्चय और पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रसायरत हैं। वैश्विक एकजुटता के इस समय में भारत भी अन्य देशों का समर्थन करते हुए आगे खड़ा है, जबकि हिम्मत से खुद को ठीक रखने के लिए आगे बढ़ रहा है। हम उस समय में हैं जब हम जो काम कर रहे हैं वही सबसे महत्वपूर्ण है।

हमारी उत्तरदायित्वपूर्ण बैंकिंग की 214 वर्षों की विरासत में, हम भारत को गतिशील बनाए रखने में मदद करने में सब कुछ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस देश के एक अग्रणी वित्तीय संस्थान के रूप में, हम हर भारतीय का एक संवेदनशील बैंकर बनने के लिए भी कृतसंकल्प हैं। हमारा निरंतर लक्ष्य रहेगा कि हम अपने ग्राहकों, हितधारकों और सहयोगियों को निर्बाध बैंकिंग समाधान प्रदान करते रहें। दुनिया भर के हजारों हजार

उद्यमशील और समर्पित एसबीआई कर्मियों द्वारा इसे संभव बनाया गया है, जो हमारी सेवाओं को जारी रखने और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में योगदान करने के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं।

हम अपने शेयरधारकों को उनके निवेश का बेहतर मूल्य देने, ग्राहक सेवा और आर्थिक विकास पर हमारा निरंतर ध्यान है और यही एसबीआई को **उद्यमशील बैंक** बनाता है। इसके अलावा, भारत में बैंकिंग उद्योग का नेतृत्व करने का उत्तरदायित्व हमें एक **चिरस्थायी उद्यम** बनाता है।

वार्षिक रिपोर्ट 2020 को ऑनलाईन पढ़ने के लिए *https://sbi.co.in* पर जाए

हम भविष्य के लिए तैयार बैंक के निर्माण में लगातार निवेश कर रहे हैं। भारत में डिजिटल भुगतानों का परिदृश्य त्वरित दर से विकसित हो रहा है, और हम अर्थव्यवस्था के डिजिटलीकरण के माध्यम से भारत को अग्रसर रखने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

yono SBI

~46+ मिलियन
योनो का कुल डाउनलोड

~21+ मिलियन
कुल योनो पंजीकरण

29.42%
डेबिट कार्ड खर्चों में बाजार अंश

"योनो की विशेषता यह है कि वह जीवन शैली और बैंकिंग लेनदेन दोनों की पेशकश करने की क्षमता रखता है। यह एक वित्तीय सुपरस्टोर है जिसमें हमारे और कई संयुक्त उद्यम भागीदारों के माध्यम से कुल 31+ उत्पाद तथा 40+ सेवाएँ उपलब्ध हैं।"

"तेजी से डिजिटलीकरण को अपनाने के कारण हमें अपनी लागत को कम करने में मदद मिली है, जिससे हमारी लाभप्रदता बेहतर हुई है।"

आज, कई डिजिटल चैनलों के बाज़ार में हमारी प्रमुख हिस्सेदारी है । हमारा ध्वजवाहक सर्वसेवा संपन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म, योनो लाखों खुदरा ग्राहकों को अत्याधुनिक डिजिटल सेवाएं देने की हमारी जबरदस्त क्षमता का प्रमाण है। बैंकिंग सेवाओं के लिए अधिक से अधिक संख्या में वे हमारे साथ ऑनलाइन माध्यम से जुड़ने का विकल्प चुन रहे हैं और योनो निर्बाध रूप से हमें उनके साथ जोड़ रहा है। हमें यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 31 मार्च 2020 तक, योनो ने 46+ मिलियन डाउनलोड और 21 + मिलियन पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के साथ एक नया रिकॉर्ड बनाया है। योनो की विशेषता यह है कि वह जीवन शैली और बैंकिंग लेनदेन दोनों की पेशकश करने की क्षमता रखता है। यह एक वित्तीय सुपरस्टोर है जिसमें हमारे और कई संयुक्त उद्यम भागीदारों के माध्यम से कुल 31 + उत्पाद तथा 40 + सेवाएँ उपलब्ध हैं। अधिकाधिक ग्राहकों को इससे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, हमने अपने खुदरा ग्राहकों के लिए एक मोबाइल बैंकिंग ऐप भी तैयार किया है, जिसे 'योनो लाइट' कहा जाता है। हमारे विविध ग्राहक आधार की सेवा के लिए, यह ऐप अंग्रेजी के अलावा आठ क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। योनो के अलावा, हमने एकल स्वामित्व वाली इकाइयों के ऑनलाइन लेनदेन के लिए 'एसबीआई एनिवेअर कॉरपोरेट' भी शुरू किया है।

इसके अलावा, हमने ग्राहकों द्वारा डेबिट कार्ड के उपयोग को एटीएमों से हटाकर, पीओएस टर्मिनलों और ई-कॉमर्स वेबसाइटों पर लाने पर ध्यान केंद्रित किया है। हमने एनसीएमसी के अनुरूप रुपे कार्ड, रुपे जेसीबी (अंतरराष्ट्रीय सुविधाओं के लिए), भूटान में उपयोग के लिए रुपे कार्ड और प्रमुख ग्राहकों के लिए मास्टरकार्ड वर्ल्ड जैसे विभिन्न प्रकार के डेबिट कार्ड शुरू किए हैं। इन पहलों ने कुल डेबिट कार्ड खर्च में हमारी हिस्सेदारी में बढ़ोतरी के कारण हमें अग्रणी बनाया है, जो समीक्षाधीन वित्त वर्ष के लिए 29.42% के उच्च स्तर पर है। 31 मार्च 2020 तक हमारे लगभग 27.81 करोड़ सक्रिय डेबिट कार्ड और देश में डेबिट कार्ड जारी करने में भी हम अग्रणी बने हुए हैं।

'कम नकदी' अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भारत सरकार के उद्देश्य के अनुरूप, हमने देश भर में अपने डिजिटल उपस्थिति का विस्तार किया है। इस उद्देश्य के लिए, हमने महत्वपूर्ण कॉरपोरेट और सरकारी विभागों के साथ उनके परिचालनों को नकदी से डिजिटल माध्यम पर लाने के लिए गठजोड़ किया है। हमने थर्ड पार्टी प्रॉडक्ट्स की बिक्री के लिए डिजिटल सफर भी शुरू किया है। डिजिटलीकरण के आगमन ने आवश्यकता आधारित बिक्री को मजबूत किया है और हमारे ग्राहकों की हमारे साथ बने रहने की स्थिति में सुधार आया है। एसबीआईएमएफ और एसबीआई लाइफ के मामले में, क्रमशः 100% और 98% बिक्री डिजिटल रूप से की जाती हैं।

प्रतिलाभ के अधिकतमकरण पर विशेष ध्यान देने वाले बैंक के रूप में, एसबीआई अपने व्यवसाय को नई ऊँचाइयों पर ले जाने, बेहतर नियंत्रित और अधिक लाभप्रद बनाने के लिए प्रयासरत है। तेजी से डिजिटलीकरण को अपनाने के कारण हमें अपनी लागत को कम करने में मदद मिली है, जिससे हमारी लाभप्रदता में वृद्धि हुई है। हम अपनी डिजिटल यात्रा को और भी अधिक तेज करने का प्रयास करते हुए और नवोन्मेष को अपनाकर, लाखों ग्राहकों के बीच उसका प्रसार बढ़ाकर अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

अग्रणी डिजिटल बैंक

प्रौद्योगिकी

एसबीआई तेजी से डिजिटलीकृत हो रहे भारत को अपनी सेवाएं देने के लिए डिजिटल अंगीकरण अभियान का नेतृत्व कर रहा है

भारतीय स्टेट बैंक में, हम अपने ग्राहकों को हर कार्यकलाप का केंद्रबिंदु मानते हैं। हम उन्हें ध्यान से सुनते हैं और उनकी उत्तरोत्तर बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं को उनके अनुकूल बनाते हैं। बाजार में अपने श्रेष्ठ नेतृत्व के स्थान के साथ, हम लगातार ग्राहक सेवा और अनुभव में सर्वोच्च स्थान में बने रहने के लिए प्रयासरत हैं।

सेवाभाव में अग्रणी

सेवाभाव

ग्राहक सेवा तथा अनुभव में सर्वोच्च

हमारे ग्राहक विविध आकार-प्रकार के हैं। जहाँ एक ओर हम छोटे और बड़े वैश्विक ग्राहकों की सभी बैंकिंग जरूरतों की पूर्ति करते हैं, वही दूसरी ओर हम पूरे भारत में कृषि और लघु और मध्यम आकार के व्यवसायों की सेवा करते हैं, उन्हें वित्तपोषण के विकल्प और फलने-फूलने के लिए आवश्यक समाधान प्रदान करते हैं। हम भारत की तेजी से बढ़ती मध्यम वर्ग की आबादी को उनकी विभिन्न व्यक्तिगत वित्तीय जरूरतों के लिए सेवाएं देते हैं।

गतिशील ग्राहक वरीयताओं, विशेष रूप से युवा पीढ़ी के, तथा वर्धित ग्राहक सुविधा पर ध्यान के कारण खुदरा बैंकिंग परिदृश्य बदल रहा है। रिटेल और डिजिटल बैंकिंग समूह हमारा सबसे बड़ा व्यवसाय समूह है जिसमें 31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार हमारी कुल घरेलू जमाराशियों का 94.31% और कुल घरेलू अग्रिमों का 58.14% इस समूह के पास है। गृह ऋण खंड में सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के बीच

> *"हालही के वर्षों में, हमने कई डिजिटल पहल शुरू की हैं जिससे हमारे ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को फिर से परिभाषित किया है। आज, हमारे पास एक सुसंचालित मल्टी-चैनल डिलीवरी मॉडल है, जो हमारे ग्राहकों को एक व्यापक विकल्प प्रदान करता है कि वे किसी भी समय और किसी भी स्थान पर अपने लेनदेन को कैसे पूरा कर सकते हैं।"*

30.80% की बाजार हिस्सेदारी के साथ हम पहले से ही अग्रणी हैं। इसके अलावा, हमने कई नई गतिविधियां शुरू की हैं, जैसे कि हमारे गृह ऋण ग्राहकों के लिए एक समेकित प्रोसेसिंग शुल्क की शुरुआत और डिजिटलीकृत विक्रेता सत्यापन मॉड्यूल, जिससे हमें तेजी से सत्यापन में मदद मिलेगी। हमारे सभी प्रयास निरंतर वृद्धि सहित भारतीय स्टेट बैंक को गृह ऋण उत्पादों के लिए 'ग्राहकों का पसंदीदा' बैंक बनाने की दिशा में अग्रसर हैं। आज, हमारे पास 36 लाख संतुष्ट गृह ऋण ग्राहक हैं, और प्रत्येक दिन इसमें वृद्धि हो रही है।

हम प्रौद्योगिकी चालित नवोन्मेषों की एक सतत धारा के साथ डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में सबसे आगे बने हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में, हमने कई डिजिटल पहल की हैं जिन्होंने हमारे ग्राहकों के बैंकिंग अनुभव को पहले की तुलना में बेहतर किया है। आज, हमारे पास एक सुस्थापित बहुमाध्यम सेवाप्रदायगी मॉडल है, जो हमारे ग्राहकों को एक व्यापक विकल्प प्रदान करता है कि वे किसी भी समय और किसी भी स्थान पर अपने लेनदेन कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2020 में, हमने अपने उत्पादों और सेवाओं की निर्बाध प्रदायगी सुनिश्चित करने के लिए कई चैनलों- डिजिटल, मोबाइल, एटीएम, इंटरनेट, सोशल मीडिया और हमारी शाखाओं में अपने उत्पादों को बढ़ाया है।

कृषि वित्तपोषण के क्षेत्र में,भारतीय स्टेट बैंक अग्रणी और बाजार नेतृत्वकर्ता है। 'खेत से थाली' तक, हमारे पास कृषि अर्थव्यवस्था की पूरी मूल्य श्रृंखला के भीतर आनेवाली सभी जरूरतों के लिए वित्तपोषण का समाधान है। इसी प्रकार, हम लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को भारत के सकल घरेलू उत्पाद में उनके योगदान और अर्थव्यवस्था के विकास में उनकी भूमिका के कारण हमारे व्यवसाय का एक महत्वपूर्ण खंड मानते हैं। अग्रसर भारत को आगे बनाए रखने में मदद करने के लिए, हमने शाखा नेटवर्क और अन्य तृतीय पक्ष चैनलों के माध्यम से उद्योग के भीतर देश भर में सबसे अधिक संख्या में संपर्क केंद्र स्थापित किए हैं। एसएमई के लिए कारोबार सरलता को बढ़ाने के लिए हमने एसेट मैनेजमेंट टीम्स (एएमटी) गठित करके एक नया डिलिवरी मॉडल शुरू किया है, ताकि हम 50 लाख रुपये के तहत लोन लेने वाले ग्राहकों के साथ शुरू से अंत तक संबंध बनाए रख सकें। इस क्षेत्र में कार्यबल की गुणवत्ता को मजबूत और बेहतर बनाकर, हमने एसएमई के लिए अपने सेवा स्तर में काफी सुधार किया है।

एसबीआई फ्रैंचाइजी में हमारे ग्राहकों का विश्वास प्रत्येक ग्राहक के साथ हमारे संबंधों का दायरा बढ़ाने के लिए आधारभूत है। एक सशक्त बैंक के रूप में, हम क्रॉस-सेलिंग के मूल्य को समझते हैं और हमारे मौजूदा ग्राहक आधार का एक बड़ा वॉलेट-शेयर प्राप्त कर रहे हैं। हमारे ग्राहकों को भी एक ही छत के नीचे वित्तीय समाधान के असंख्य विकल्प की सुविधा मिलती है। देश के कोने-कोने में स्थित हमारे विशाल शाखा नेटवर्क के माध्यम से, वे म्यूचुअल फंड, साधारण बीमा, जीवन बीमा, क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली और डीमैट खातों जैसे कई वित्तीय समाधानों को प्राप्त कर सकते हैं।

निर्बाध सेवा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए, हमने एक ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस) स्थापित की है, जिसपर हमारे ग्राहक हमारी वेबसाइट, www.sbi.co.in के माध्यम से ऑनलाइन अपनी शिकायत, प्रतिक्रिया और सुझाव दर्ज कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हमारे संपर्क केंद्र विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में 24 *7 * 365 कार्य कर रहे हैं, जो हमारे ग्राहकों को हिंदी, अंग्रेजी और दस अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में सेवा देते हैं। बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हमने अपने नियमित संपर्क केंद्रों के दायरे से बाहर के किसी भी मुद्दे को सुलझाने के लिए अपने कर्मचारियों के साथ एक आंतरिक संपर्क केंद्र भी स्थापित किया है।

अपनी ख्याति पर संतोष करके बैठे बिना, हमारा उद्देश्य हमसे चाही गई जानकारी और शिकायतों के समाधान व्यवस्था को उत्तरोत्तर बेहतर बनाते जाना है। हम लगातार ग्राहकों की समस्याओं के मूल कारणों की पहचान और समाधान कर रहे हैं और अपनी सेवाओं की गुणवत्ता और बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं । हम अपने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अभिनव कार्य-प्रणालियों की खोज और उनके अंगीकरण के लिए भी संकल्पबद्ध हैं।

> *"वहीं दूसरी ओर हम पूरे भारत में कृषि और लघु और मध्यम आकार के व्यवसायों की सेवा करते हैं, उन्हें वित्तपोषण के विकल्प और फलने फूलने के लिए आवश्यक समाधान प्रदान करते हैं।"*

₹4.56 लाख करोड़

आपके बैंक का गृह ऋण पोर्टफोलियो

36 लाख

संतुष्ट गृह ऋण ग्राहकों की संख्या

वित्त वर्ष 2020 हमारे सभी व्यवसाय समूहों की गुणवत्तापूर्ण वृद्धि दर देने के एक सफल वर्ष के रूप में स्मरण किया जाएगा। हम आपके बैंक को एक ऐसे मोड़ पर ले आए हैं जहाँ से यह उत्तरोत्तर और मजबूत तथा हमारे शेयरधारकों को उनके निवेश का बेहतर मूल्य देने में नई से नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करता जाएगा।

यह वर्ष बैंक का ऋण कारोबार, लाभप्रदता, परिसंपत्ति गुणवत्ता और पूंजी सृजन की गति को बढ़ाने पर हमारी प्रगति के लिए भी याद किया जाएगा। कठिन बाजार स्थिति के बावजूद, बैंक ने अपने पूरे उत्पाद वर्ग में बाजार हिस्सेदारी प्राप्त की है, जो उद्योग में अपनी मजबूती का प्रमाण है। इसके साथ ही, हम अपने ऋण कारोबार की गुणवत्ता को मजबूत करने के लिए भी लगातार अपनी ऋण नीतियों का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं । इस तरह, हम उच्च स्तरीय व्यवसाय के संचालन में अपनी प्रतिष्ठा को उत्तरोत्तर मजबूत करते जा रहे हैं। हमारे अनेक व्यवसाय समूह बाजार का नेतृत्व कर रहे हैं।

अपनी ऋण प्रणालियों को उत्तरोत्तर बेहतर बनाने के हमारे अनेक वर्षों के प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। हम गुणवत्तापूर्ण ऋण कारोबार जुटाने में कई तरह के दूरगामी उपाय कर रहे हैं। इससे हमें रिटेल व्यवसाय को मजबूत और वृद्धिशील करने में मदद मिल रही है। आपके बैंक ने अपनी क्षमताओं और अपने कारोबार में डिजिटाइजेशन को अधिकाधिक अपनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। हालांकि हमने डिजिटल भारत का सक्रिय अंग बनने के लिए आईटी के क्षेत्र मं अनेक पहल की हैं और पथप्रदर्शक B2C प्लेटफार्म शुरू किए हैं, हमने भारत की शहरी और ग्रामीण आबादी की सेवा के लिए अपनी शाखा पहुंच और अनुभव को भी बढ़ाया है। आज, इन परिवर्तनकारी पहलों ने एसबीआई को ग्राहकों के विविध आधार के लिए अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और उपयोगी बना दिया है। इस पृष्ठभूमि के साथ, अब हम निरंतर विकास के माध्यम से बेहतर मूल्य निर्माण के लिए तैयार खड़े हैं। आनेवाले दिनों के लिए, हम अपनी वित्तीय समावेशन पहलों को बहुत महत्व दे रहे हैं, जिससे कि बैंक के लिए भविष्य के विकास और मूल्य सृजन के अवसरों को गति मिलेगी।

इस बीच, हम अपनी तनावग्रस्त परिसंपत्तियों के कई खाते को सकारात्मक समाधान की दिशा में ले जा रहे हैं, जिसमें से कई मामले उनके समाधान के निकट पहुंच चुके हैं। देयता प्रबंधन के पक्ष में, हमने विवेकपूर्ण ट्रेजरी परिचालन बनाए रखते हुए ऋण कारोबार की वृद्धि दर को बढ़ाने के लिए एक विश्वसनीय जमाराशि आधार के रूप में अपनी जमाराशियों की स्थिति को मजबूत किया है। वित्त वर्ष 2020 के उत्तरार्ध में, हमने अपनी अनुषंगी एसबीआई कार्ड के आईपीओ निर्गम के माध्यम से सफल मूल्यवर्धन का लाभ उठाया, जिसे पूंजी बाजार से भारी प्रतिसाद मिला और 26 गुना से अधिक अभिदान प्राप्त हुआ। इस इकाई का सफल आईपीओ आपके बैंक की उन व्यवसाय समूहों का भरण-पोषण करने की क्षमता का प्रमाण है जो अपने अपने व्यवसाय क्षेत्रों का नेतृत्व कर रहे हैं। कंपनी भारत में दूसरी सबसे बड़ी क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता कंपनी है, जिसका ग्राहक आधार 10 मिलियन से अधिक है।

वित्त वर्ष 2020 में भी हमने अपने बृहद तुलन पत्र को और मजबूत बनाया तथा अपने शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजन किया था। आज, हम एक मजबूत पूंजी और अग्रणी स्थिति के कारण सुपूंजीकृत हैं, और ईक्विटी पर आय और परिसंपत्तियों पर आय बढ़ाने की दिशा में अग्रसर हैं। वित्त वर्ष 2021 और उसके आगे, आपका बैंक पर्याप्त आरक्षितियों और अधिशेष की भरमार से एक चलनिधि संपन्न संस्थान बना रहेगा। कोविड-19 के कारण उत्पन्न वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यवधान के बावजूद, हम कोविड-19 द्वारा लाए गए इस महत्वपूर्ण आर्थिक और जीवन शैली संकट में और मजबूत होकर उभरने के लिए आश्वस्त हैं।

बैंक बड़े पैमाने पर समाज की बेहतरी हेतु योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम अपने सभी हितधारकों को उत्तरदायित्वपूर्ण वित्तीय सेवाएं प्रदान करके एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में काम करना जारी रखेंगे जो सभी आय समूहों के लोगों के विकास और आर्थिक प्रगति के अवसर उपलब्ध कराएगा।

> *"वित्त वर्ष 2020 में भी हमने अपने बृहद तुलन पत्र को और मजबूत बनाया तथा अपने शेयरधारकों के लिए मूल्य सृजन किया। आज, हम एक मजबूत पूंजी और अग्रणी स्थान के कारण सुपूंजीकृत हैं, और ईक्विटी पर आय और परिसंपतियों पर आयबढ़ाने की दिशा में अग्रसर हैं।"*

इस समय, हम अपने सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं ताकि भारत और उसके लोगों को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती एक बड़ी अर्थव्यवस्था के अपने अग्रणी स्थान को हासिल करने में मदद कर सकें। इस चुनौतीपूर्ण आर्थिक परिवेश में मानवता के प्रति संवेदनशील, अनुभूतिपूर्ण बैंक बनना चाहते हैं। हम हर भारतीय के निरंतर विश्वसनीय बैंक बने रहेंगे।

7.74%

31, मार्च 2020 को ईक्विटी पर आय

> *वित्त वर्ष 2020 के उत्तरार्ध में, हमने अपनी अनुषंगी एसबीआई कार्ड की आईपीओ लिस्टिंग के माध्यम से निवेशकर्ताओं को सफल मूल्यवर्धन दिया है। पूंजी बाजार में निवेशकर्ताओं में इस आईपीओ के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इसमें अपेक्षित राशि से 26 गुना अधिक निवेश हुआ।*

शेयरधारकों के प्रति उत्तरदायी:

उत्तरदायी

विविध व्यवसायों में बाजार नेतृत्वकर्ता बनकर प्रतिलाभ में वृद्धि

भारत के अग्रणी बैंक के रूप में, हम समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने में विश्वास करते हैं। हम वंचित वर्गों के उत्थान के समर्थक होने में विश्वास करते हैं, ताकि वे भी आधुनिकीकरण और प्रगतिशील राष्ट्र के लाभार्थी हो सकें। किसी भी समाज के विकसित और सुखी होने का सबसे बड़ा परिचय अर्थव्यवस्था में वित्तीय समावेशन के स्तर पर निर्भर है। "हर भारतीय का बैंक" के रूप में, वित्तीय समावेशन हमारे ध्येय का एक अभिन्न अंग है और यह हमारे आचार-व्यवहार में सम्मिलित है।

समाज सेवा में तत्पर:

मददगार

भारत के वित्तीय समावेशन अभियान का संचालन

भारतीय स्टेट बैंक में, हमारा दीर्घकालिक दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करना है कि देश में वित्तीय समावेशन का प्रसार हो। हमारे लिए यह गौरव की बात है कि हम मूल्य और धन सृजन के अपने प्रयासों में भारत के लोगों और उसकी अर्थव्यवस्था के विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं ।

इस दिशा में, हमारी शाखाओं, डिजिटल बैंकिंग चैनलों और व्यवसाय प्रतिनिधियों का नेटवर्क तंत्र आधारभूत स्तर पर हमारी वित्तीय समावेशन पहलों को आगे बढ़ाने के लिए सेवारत हैं। समावेशी विकास और बेहतर वृद्धि दर प्राप्त करने के लिए, हमने अपनी वित्तीय सेवाओं को भारत की विशाल बैंक रहित जनसंख्या के द्वार तक ले जाने के लिए सुनियोजित नीतियाँ तैयार की हैं और प्रौद्योगिकी की सहायता से इन्हें उन तक पहुंचा भी रहे हैं। बहुआयामी दृष्टिकोण के माध्यम से हमारा लक्ष्य उन्हें औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था के दायरे में लाना है।

हम न केवल देश के प्रत्येक व्यक्ति को सुविधाजनक बैंकिंग समाधान प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं बल्कि पर्याप्त वित्तीय साक्षरता भी प्रदान कर रहे हैं । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने देश भर में 341 सक्रिय वित्तीय साक्षरता केन्द्रों (एफएलसी) की स्थापना की है। वित्त वर्ष 2020 तक, इन एफएलसी ने पूरे भारत में 29,995 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए हैं जिसमें 16.82 लाख लोगों की कुल भागीदारी है। आरबीआई द्वारा लागू पायलट प्रोजेक्ट के एक हिस्से के तौर पर हमने आरबीआई द्वारा नियुक्त एनजीओ के सहयोग से ब्लॉक स्तर पर वित्तीय साक्षरता के ऐसे 15 केंद्र खोले हैं, जिनमें से महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्य में से प्रत्येक में पांच-पांच हैं ।

हम ग्रामीण रोजगार और धनसंपदा सृजन के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन को प्रोत्साहित करने वाले एक मान्यता प्राप्त आरसेटी एजेंट भी हैं । हमने अब तक 152 आरसेटी की स्थापना की है, जो 26 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में कार्यरत हैं। 31 मार्च, 2020 तक हमने अपने व्यापक नेटवर्क के माध्यम से 70,233 उम्मीदवारों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एसबीआई को 19 दिसंबर 2019 को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आरसेटी पहल के कार्यान्वित करने में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बैंक चुना गया।

₹2,27,469 करोड़

हमारे व्यवसाय प्रतिनिधि चैनल द्वारा किए गए लेन देनों की राशी

12.05 करोड़

एसबीआई द्वारा खोले गए पीएमजेडीवाय खाते

11.28 करोड़

ग्राहकों को जारी रुपे डेबिट कार्ड

61,102

एसबीआई के सक्रिय व्यवसाय प्रतिनिधियां

> *समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, एसबीआई को ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आरसेटी पहल को कार्यान्वित करने में 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला बैंक' का सम्मान दिया गया।*

हमारे लोग हमारी सभी उपलब्धियों के वाहक और समर्थक हैं। कर्मचारियों के साथ मजबूत और स्वस्थ संबंध बनाए रखना हमारी सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी सबसे मूल्यवान पूंजी के रूप में, हम अपने कर्मचारियों का पोषण और निवेश करते हैं ताकि वे आपके बैंक के उद्देश्यों के साथ मिलकर विकास कर सकें।

> *हमारी सबसे मूल्यवान पूंजी के रूप में, हम अपने लोगों का पोषण और निवेश करते हैं ताकि वे आपके बैंक के उद्देश्यों के साथ मिलकर विकास कर सकें।*

हमारी बौद्धिक पूंजी:

हमारे कर्मचारी

परिणामोन्मुख कार्य-संस्कृति को गति देने के लिए प्रतिबद्ध

हमारा मानना है कि विभिन्न दृष्टिकोणों और जीवन के अनुभवों वाले कर्मचारी हमारे संगठन को और भी शक्तिशाली बनाते हैं। इस उद्देश्य के लिए, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे कर्मचारी अपने कार्यस्थल में वैविध्यपूर्ण और समावेशी वातावरण में काम करें। हमारा मानना है कि एसबीआई की संस्कृति दुनिया भर के हमारे अनेकानेक कर्मचारियों द्वारा विकसित और रूपाकार प्राप्त संस्कृति है, जो एक महान उद्देश्य के साथ हमारे ग्राहकों की सेवा कर रहे हैं।

हमारा उद्देश्य अपने संगठन में सर्वश्रेष्ठ लोगों को आकर्षित करना, विकसित करना और बनाए रखना है । इस दिशा में, हमने एक गतिशील करियर विकास प्रणाली स्थापित की है जो हमारी कार्यप्रणाली को उत्तरोत्तर पारदर्शी, परिपूर्ण, उत्तरदायी और प्रभावशील बनने में मदद करती है। यह प्रणाली विश्वसनीय डेटा समर्थित कार्य मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने में अत्यधिक कारगर सिद्ध हुई है। इससे हम अपने बैंककर्मियों को संगठन के लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध बना पाए हैं। हमने एक अर्धवार्षिक ऑनलाइन फीडबैक व्यवस्था लागू की है। इसके अलावा, हमने वरिष्ठ नेतृत्वकर्ताओं के पदों के लिए एक उत्तराधिकार योजना नीति भी लागू की है ताकि सभी प्रमुख कार्यपालक-स्तर के पदों पर निरंतर सुचारू रूप से कार्य संचालित होता रहे।

भारतीय स्टेट बैंक में, कर्मचारियों के साथ जुड़ने और संवाद स्थापित करने की प्रक्रिया हमारे दीर्घकालिक विकास और प्रगति का आधार है । इसलिए, हमने अपने कर्मचारियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने के लिए अनेक उपाय किए हैं । सर्वप्रथम, हमने संजीवनी की स्थापना की है, जो कर्मचारियों की शिकायतों के निपटारे के लिए एक हेल्पलाइन है। इसमें परामर्शदाता की सेवाएं भी उपलब्ध हैं। यह भी कर्मचारी मनोबल बढ़ाने का ही एक प्रयास है । दूसरे, हमने सबसे व्यापक कर्मचारी भागीदारी पहल 'अभिव्यक्ति' की शुरुआत भी की है, जिससे ऐसे परिवेश का निर्माण हुआ है जिसमें कर्मचारी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रेरित होते हैं। साथ ही इसके द्वारा कम उत्पादकता वाले लोगों को भी बेहतर निष्पादन के लिए प्रेरित किया जाता है। इस पहल में अब तक1,91,881 कर्मचारियों की भागीदारी हुई है। 'अभिव्यक्ति' भारत में किसी भी संगठन द्वारा संचालित अब तक का सबसे बड़ा कर्मचारी जुड़ाव कार्यक्रम है।

अब कई वर्षों से हमने अपने लैंगिक विविधता एजेंडे के इर्द-गिर्द प्रगति को मापने के महत्व को पहचाना है। हम अपने कार्यस्थल में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए अपने प्रयास जारी रखते हैं । आज के दौर में, हमारे कुल कार्यबल का 25.28% महिलाएं हैं।

जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते जाते हैं, हमारा ध्यान एक अनुकूल कार्य परिवेश का निर्माण करने में लगा रहता है जिससे बैंककर्मियों को लंबे समय तक अपने साथ बनाए रखने और अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके । हमारा मानना है कि हमारे लोगों का निरंतर योगदान हमारे विकास को आगे बढ़ाता है । भविष्य में भी, हमारी भारतीय स्टेट बैंक को काम करने के लिए एक उत्कृष्ट स्थान बनाने में उनमें निवेश करते रहने की योजना है।

2,49,448
कुल कर्मचारी

25.28%
महिला कर्मचारी

2,00,000
वर्ष के दौरान प्रशिक्षित कर्मचारी

"हमारा मानना है कि एसबीआई की संस्कृति दुनिया भर के हमारे अनेकानेक कर्मचारियों द्वारा विकसित और रूपाकार प्राप्त संस्कृति है, जो एक महान उद्देश्य के साथ हमारे ग्राहकों की सेवा कर रहे हैं।"

एसबीआई समूह की संरचना

31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार

गैर-बैंकिंग अनुषंगियां/ संयुक्त उद्यम

100% एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड

- एसबीआई कैप सेक्यूरिटीज लिमिटेड
- एसबीआई कैप वेंचर्स लिमिटेड
- एसबीआई कैप (यूके लिमिटेड)
- एसबीआई कैप ट्रस्टीज कंपनी लिमिटेड
- एसबीआई कैप (सिंगापुर लिमिटेड)

69.04% एसबीआई डीएफएचआइ लिमिटेड

100% एसबीआई म्युचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड

86.18% एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लिमिटेड

60% एसबीआई पेंशन फंड्स प्राइवेट लिमिटेड

63% एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्राइवेट लिमिटेड

69.51% एसबीआई कार्डस एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड

57.60% एसबीआई लाइफ इंशोरंस कंपनी लिमिटेड

65% एसबीआई-एसजी ग्लोबल सेक्यूरिटीज सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड

70% एसबीआई जेनरल इंश्योरंस कंपनी लिमिटेड

49% सी-एड्ज टेक्नालोजीस लिमिटेड

45% मैक्वारी एसबीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट पीटीई लिमिटेड

मैक्वारी एसबीआई इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी पीटीई लिमिटेड

45% एसबीआई मैक्वारी इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड

45% एसबीआई मैक्वारी इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्राइवेट लिमिटेड

50% ओमान इंडिया जाइंट इंवेस्मेंट फंड-ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड

50% ओमान इंडिया जाइंट इंवेस्मेंट फंड-ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लिमिटेड

99.72% एसबीआई फाउंडेशन

100% एसबीआई इंफ्रा मैनेजमेंट सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड

30% जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड.

74% एसबीआई पेमेंट सर्विसेज प्रा. लि.

विदेश स्थित बैंकिंग अनुषंगियां / संयुक्त उद्यम

100%	भारतीय स्टेट बैंक (कलिफोर्निया)
100%	एसबीआई कनाडा बैंक
100%	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लि.
60%	सीआईबीएल मास्को
99%	बैंक एसबीआई इंडोनेशिया
55%	नेपाल एसबीआई बैंक लिमिटेड
	नेपाल एसबीआई मर्चंट बैंकिंग लिमिटेड
100%	बैंक एसबीआई बोट्सवाना लिमिटेड
96.60%	एसबीआई मोरिशियस लिमिटेड
20%	बैंक आफ भुटान लिमिटेड

विदेश स्थित गैर-बैंकिंग अनुषंगी

99.99%	एसबीआई सर्विकोस लिमिटडा, ब्राजिल

एसबीआई के अंतरराष्ट्रीय परिचालन दुनिया भर में फैले वैश्विक भारतीय मूल के प्रवासियों के सहयोग के व्यापक सिद्धांत से तैयार किया गया है।

पिछले 10 वर्षों का वित्तीय प्रदर्शन

	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18	2018-2019	2019-2020
देयताएं										
पूंजी (करोड़ ₹)	635	671	684	747	747	776	797	892	892	892
आरक्षित निधियां एवं अधिशेष (करोड़ ₹)	64,351	83,280	98,200	1,17,536	1,27,692	1,43,498	1,87,489	2,18,236	2,20,021	2,31,115
जमाराशियां (करोड़ ₹)	9,33,933	10,43,647	12,02,740	13,94,409	15,76,793	17,30,722	20,44,751	27,06,344	29,11,386	32,41,621
उधारियां (करोड़ ₹)	1,19,569	1,27,006	1,69,183	1,83,131	2,05,150	3,23,345	3,17,694	3,62,142	4,03,017	3,14,656
अन्य (करोड़ ₹)	1,05,248	80,915	95,404	96,927	1,37,698	1,59,276	1,55,235	1,67,138	1,45,597	1,63,110
कुल (करोड़ ₹)	12,23,736	13,35,519	15,66,211	17,92,748	20,48,080	23,57,617	27,05,966	34,54,752	36,80,914	39,51,394
आस्तियां										
निवेश (करोड़ ₹)	2,95,601	3,12,198	3,50,878	3,98,800	4,81,759	5,75,652	7,65,990	10,60,987	9,67,022	10,46,954
अग्रिम (करोड़ ₹)	7,56,719	8,67,579	10,45,617	12,09,829	13,00,026	14,63,700	15,71,078	19,34,880	21,85,877	23,25,290
अन्य आस्तियां (करोड़ ₹)	1,71,416	1,55,742	1,69,716	1,84,119	2,66,295	3,18,265	3,68,898	4,58,885	5,28,015	5,79,150
कुल (करोड़ ₹)	12,23,736	13,35,519	15,66,211	17,92,748	20,48,080	23,57,617	27,05,966	34,54,752	36,80,914	39,51,394
निवल ब्याज आय (करोड़ ₹)	32,526	43,291	44,329	49,282	55,015	57,195	61,860	74,854	88,349	98,085
एनपीए के लिए प्रावधान (करोड़ ₹)	8,792	11,546	11,368	14,224	17,908	26,984	32,247	70,680	54,529	42,776
परिचालन परिणाम (करोड़ ₹)	25,336	31,574	31,082	32,109	39,537	43,258	50,848	59,511	55,436	68,133
कर-पूर्व निवल लाभ (करोड़ ₹)	14,954	18,483	19,951	16,174	19,314	13,774	14,855	-15,528	1,607	25,063
निवल लाभ (करोड़ ₹)	8,265	11,707	14,105	10,891	13,102	9,951	10,484	-6,547	862	14,488
औसत आस्तियों से आय (%)	0.71	0.88	0.97	0.65	0.68	0.46	0.41	-0.19	0.02	0.38
ईक्विटी से आय (%)	12.84	14.36	15.94	10.49	11.17	7.74	7.25	-3.78	0.48	7.74
आय की तुलना में व्यय (%) (निवल आय की तुलना में परिचालन व्यय)	47.6	45.23	48.51	52.67	49.04	49.13	47.75	50.18	55.70	52.46
प्रति कर्मचारी लाभ (000 ₹)	385	531	645	485	602	470	511	-243	33	578.98
प्रति शेयर आय (₹)	130.16	184.31	210.06	156.76	17.55	12.98	13.43	-7.67	0.97	16.23
प्रति शेयर लाभांश (₹)	30	35	41.5	30	3.5	2.60	2.60	Nil	Nil	Nil
एसबीआई शेयर (एनएसई में मूल्य) (₹)	2,765.30	2,096.35	2,072.75	1,917.70	267.05	194.25	293.40	249.90	320.75	196.85
लाभांश भुगतान अनुपात %(₹)	23.05	20.06	20.12	20.56	20.21	20.28	20.11	NA	NA	NA
पूंजी पर्याप्तता अनुपात (%)										
योग			**3241620,73,43**	**2911386,01,07**

अनुसूची 4 - उधार-राशियाँ

(000 को छोड़ दिया गया है)

			31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹		31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I.	**भारत में उधार-राशियाँ**				
	(i) भारतीय रिज़र्व बैंक		33533,00,00		94319,00,00
	(ii) अन्य बैंक		40,00,00		260,00,00
	(iii) अन्य संस्थाएं एवं अभिकरण		6165,75,42		27853,89,24
	(iv) पूंजीगत लिखत :				
	क) नवोन्मेषी सतत ऋण लिखते (आईपीडीआई)	23535,70,00		19152,30,00	
	ख) गौण ऋण	32006,73,80		28256,73,80	
			55542,43,80		**47409,03,80**
योग			**95281,19,22**		**169841,93,04**
II.	**भारत के बाहर उधार-राशियाँ**				
	(i) भारत के बाहर उधार-राशियाँ तथा पुनर्वित्त		217104,50,99		231100,53,78
	(ii) पूंजीगत लिखते :				
नवोन्मेषी सतत ऋण लिखते (आईपीडीआई)			2269,95,00		2074,65,00
योग			**219374,45,99**		**233175,18,78**
कुल योग			**314655,65,21**		**403017,11,82**
उपर्युक्त I व II में प्रतिभूत उधार-राशियाँ सम्मिलित हैं।			**42790,93,47**		**124028,25,70**

अनुसूची 5 - अन्य देयताएँ व प्रावधान

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I.	संदेय बिल	26822,90,16	23875,66,31
II.	अंतर-कार्यालय समायोजन (निवल)	-	21735,74,61
III.	उपचित ब्याज	15697,16,19	14479,87,48
IV.	आस्थगित कर देयताएँ (निवल)	6,16,17	2,33,15
V.	अन्य (प्रावधानो सहित)*	120583,87,89	85503,68,00
योग		**163110,10,41**	**145597,29,55**

* मानक आस्तियों के लिए ₹ 11544,24,43 हजार का विवेकशील प्रावधान शामिल है (पिछले वर्ष ₹ 12396,67,91 हजार)

अनुसूची 6 - नकदी व भारतीय रिज़र्व बैंक में जमाराशियाँ

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I.	हाथ में नकदी (विदेशी मुद्रा नोट तथा स्वर्ण सहित)	20104,58,40	18777,94,34
II.	भारतीय रिज़र्व बैंक में जमाराशियाँ		
	(i) चालू खाते में	146631,19,50	158154,47,41
	(ii) अन्य खातों में	-	-
योग		**166735,77,90**	**176932,41,75**

अनुसूची 7 - बैंकों में जमाराशियाँ व मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य राशि

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I.	**भारत में**		
	(i) बैंकों में जमाराशियाँ		
	(क) चालू खातों में	22,59,77	870,270
	(ख) अन्य जमा खातों में	-	-
	(ii) मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धन राशि		
	(क) बैंकों में	44747,71,31	4608,88,73
	(ख) अन्य संस्थानों में	-	-
योग		**44770,31,08**	**4695,91,43**
II.	**भारत के बाहर**		
	(i) चालू खातों में	28303,47,50	19667,07,18
	(ii) अन्य जमा खातों में	1379,28,32	2870,14,73
	(iii) मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धन राशि	9908,15,74	18324,56,06
योग		**39590,91,56**	**40861,77,97**
कुल योग (I एवं II)		**84361,22,64**	**45557,69,40**

अनुसूची 8 - निवेश

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I.	**भारत में निवेश :**		
	(i) सरकारी प्रतिभूतियाँ	803270,12,10	761883,12,15
	(ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ	-	-
	(iii) शेयर	8221,43,31	9878,74,38
	(iv) डिबेंचर और बांड	102363,82,19	84948,36,68
	(v) अनुषंगियों तथा/अथवा संयुक्त उद्यमों में (इसमें सहयोगियाँ सम्मिलित हैं)	11744,07,18	5608,00,04
	(vi) अन्य (म्यूचुअल फंड की यूनिट, कमर्शियल पेपर इत्यादि)	74057,22,82	53388,53,85
योग		**999656,67,60**	**915706,77,10**

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
II. भारत के बाहर निवेश			
(i) सरकारी प्रतिभूतियाँ (इसमें स्थानीय प्राधिकरण सम्मिलित हैं)		17062,82,86	11644,84,99
(ii) विदेश में स्थापित अनुषंगियाँ तथा/अथवा संयुक्त उद्यम		4298,49,28	4298,49,28
(iii) अन्य निवेश (शेयर, डिबेंचर इत्यादि)		25936,52,01	35371,83,38
योग		**47297,84,15**	**51315,17,65**
कुल योग (I एवं II)		**1046954,51,75**	**967021,94,75**
III. भारत में निवेश :			
(i) निवेशों का सकल मूल्य		1010599,04,40	926650,59,97
(ii) घटाएं: कुल प्रावधान/मूल्यह्रास		10942,36,80	10943,82,87
(iii) निवल निवेश (उपर्युक्त I के अनुसार)	**योग**	**999656,67,60**	**915706,77,10**
IV. भारत के बाहर निवेश :			
(i) निवेशों का सकल मूल्य		47448,66,41	51473,39,76
(ii) घटाएं: कुल प्रावधान/मूल्यह्रास		150,82,26	158,22,11
(iii) निवल निवेश (उपर्युक्त II के अनुसार)	**योग**	**47297,84,15**	**51315,17,65**
कुल योग (III एवं IV)		**1046954,51,75**	**967021,94,75**

अनुसूची 9 - अग्रिम

(000 को छोड़ दिया गया है)

			31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
क.	I.	क्रय किए गए और बट्टाकृत बिल	84017,46,96	80278,87,21
	II.	कैश क्रेडिट, ओवरड्राफ्ट तथा मांग पर प्रतिसंदेय ऋण	708726,92,91	776633,45,81
	III.	सावधि ऋण	1532545,16,20	1328964,58,75
योग			**2325289,56,07**	**2185876,91,77**
ख.	I.	मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (इसमें बही ऋणों पर अग्रिम शामिल है)	1673925,40,51	1582764,41,50
	II.	बैंक/सरकारी गारंटी द्वारा संरक्षित	92117,72,36	80173,16,17
	III.	अप्रतिभूत	559246,43,20	522939,34,10
योग			**2325289,56,07**	**2185876,91,77**
ग.	I.	भारत में अग्रिम		
	(i)	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	526675,87,35	520729,77,60
	(ii)	सार्वजनिक क्षेत्र	287504,28,69	240295,89,39
	(iii)	बैंक	812,52,23	9174,06,50
	(iv)	अन्य	1154187,79,39	1114679,73,28
योग			**1969180,47,66**	**1884879,46,77**
	II.	भारत के बाहर अग्रिम		
	(i)	बैंकों से प्राप्य	80372,75,07	69975,74,47
	(ii)	अन्यों से प्राप्य		
		(क) क्रय किए गए और बट्टाकृत बिल	31091,11,08	26740,94,11
		(ख) सिंडीकेट ऋण	172482,45,21	138191,25,40
		(ग) अन्य	72162,77,05	66089,51,02
योग			**356109,08,41**	**300997,45,00**
कुल योग (C-I एवं C-II)			**2325289,56,07**	**2185876,91,77**

अनुसूची 10 - अचल आस्तियां

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹		31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹	
I.	**परिसर (पुनर्मूल्यांकित परिसरों सहित)**				
	पिछले वर्ष की 31 मार्च की स्थिति के अनुसार लागत पर पुनर्मूल्यांकित	30831,77,23		30201,53,82	
	परिवर्धन:				
	- वर्ष के दौरान	299,15,09		669,84,09	
	- पुनर्मूल्यांकन हेतु	3936,14,00		-	
	कटौतियाँ:				
	- वर्ष के दौरान	14,17,04		39,60,68	
	- पुनर्मूल्यांकन हेतु	4735,02,74		-	
	अद्यतन मूल्यह्रास				
	- लागत पर	833,18,06		714,18,98	
	- पुनर्मूल्यांकन पर	670,54,22		497,17,97	
			28814,14,26		**29620,40,28**
II.	**अन्य अचल आस्तियां (इसमें फर्नीचर तथा फिक्सचर सम्मिलित हैं)**				
	पिछले वर्ष की 31 मार्च की स्थिति के अनुसार लागत पर पुनर्मूल्यांक्ति	31074,77,30		30114,90,96	
	वर्ष के दौरान परिवर्धन	3352,06,86		2404,25,97	
	वर्ष के दौरान कटौतियाँ	929,22,06		1444,39,63	
	अद्यतन मूल्यह्रास	24288,37,20		22186,23,44	
			9209,24,90		**8888,53,86**
III.	**निर्माणाधीन आस्तियां (परिसर सहित)**		**415,89,02**		**688,62,80**
योग (I, II एवं III, IV)			**38439,28,18**		**39197,56,94**

अनुसूची 11 - अन्य आस्तियां

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I.	अंतर-कार्यालय समायोजन (निवल)	1936,15,88	-
II.	प्रोद्भूत ब्याज	26252,46,38	26141,97,03
III.	अग्रिम कर भुगतान/ स्रोत पर कर कटौती	34450,84,01	24376,29,42
IV.	आस्थगित कर आस्तियां (निवल)	2933,44,38	10422,49,17
V.	लेखन सामग्री तथा स्टैम्प	92,02,77	102,14,03
VI.	दावों के निपटान से प्राप्त की गई गैर-बैंकिंग आस्तियां	56,10	73,71
VII.	अन्य *	223948,05,74	205284,06,92
योग		**289613,55,26**	**266327,70,28**

*नाबार्ड/सिडबी/एनएचबी में जमा रखे गए ₹ 163238,91,62 हजार (पिछले वर्ष ₹ 138245,29,37 हजार) की जमाराशियाँ शामिल हैं।

अनुसूची 12 - आकस्मिक देयताएँ

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 की स्थिति के अनुसार (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार (पिछला वर्ष) ₹
I.	बैंक के विरुद्ध दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है	71642,48,25	43357,92,57
II.	अंशतः प्रदत्त निवेशों/ वेंचर फंड्स के लिए देयता	1682,66,59	472,87,61
III.	बकाया वादा विनिमय संविदाओं के संबंध में देयता	635813,45,45	596621,66,74
IV.	ग्राहकों की ओर से दी गई गारंटियाँ		
	(क) भारत में	165584,80,13	157186,66,27
	(ख) भारत के बाहर	70636,18,96	72425,94,84
V.	प्रतिग्रहण,पृष्ठांकन तथा अन्य दायित्व	132364,00,65	124194,94,04
VI.	अन्य मदें जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है*	137271,00,66	121821,43,87
योग		**1214994,60,69**	**1116081,45,94**

* ₹132209,26,69 हजार के डेरिवेटिव्स (पिछले वर्ष ₹ 117435,24,87 हजार) शामिल हैं।

भारतीय स्टेट बैंक

लाभ और हानि खाता 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

(000 को छोड़ दिया गया है)

		अनुसूची संख्या	31.03.2020 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I.	**आय**			
	अर्जित ब्याज	13	257323,59,22	242868,65,35
	अन्य आय	14	45221,47,80	36774,88,78
योग			**302545,07,02**	**279643,54,13**
II.	**व्यय**			
	व्यय किया गया ब्याज	15	159238,76,57	154519,77,80
	परिचालन व्यय	16	75173,69,02	69687,73,74
	प्रावधान और आकस्मिक व्यय		53644,50,37	54573,79,61
योग			**288056,95,96**	**278781,31,15**
III.	**लाभ**			
	हानि वर्ष के लिए निवल लाभ		14488,11,06	862,22,98
	आगे लाया गया लाभ / (हानि)		(15226,05,54)	(15078,56,86)
योग			**(737,94,48)**	**(14216,33,88)**
IV.	**विनियोजन**			
	सांविधिक आरक्षित निधियों को अंतरण		4346,43,32	258,66,89
	पूंजी आरक्षित निधियों को अंतरण		3985,83,93	379,20,76
	निवेश अस्थिरता आरक्षित निधियों को अंतरण		1119,88,09	-
	आय एवं अन्य आरक्षित निधियों को अंतरण		308,20,39	371,84,01
	तुलन पत्र में आगे ले जाई गई शेष राशि		(10498,30,21)	(15226,05,54)
योग			**(737,94,48)**	**(14216,33,88)**
V.	**प्रति इक्विटी शेयर आय (अंकित मूल्य ₹ 1 प्रति शेयर)**			
	मूल आय (₹)		16.23	0.97
	कम की गई आय (₹)		16.23	0.97
	महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	17		
	लेखा टिप्पणियाँ	18		

उपर्युक्त संदर्भित अनुसूचियाँ लाभ और हानि लेखा का अभिन्न अंग हैं।

श्री चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी
प्रबंध निदेशक
(रिटेल एंव डिजिटल बैंकिंग)

श्री अरिजित बसु
प्रबंध निदेशक
(सीसीजी एवं आईटी)

श्री दिनेश कुमार खारा
प्रबंध निदेशक
(ग्लोबल बैंकिंग एवं अनुषंगियां)

निदेशक:
श्री संजीव मल्होत्रा
श्री भास्कर प्रामाणिक
श्री बसंत सेठ
डॉ. पुष्पेंद्र राय
डॉ. पूर्णिमा गुप्ता
श्री बी. वेणुगोपाल
श्री चंदन सिन्हा
श्री देवाशीष पांडा
श्री संजीव महेश्वरी

स्थान:
उदगमंडलम
नई दिल्ली
कानपुर
नई दिल्ली
नई दिल्ली
मुंबई
मुंबई
नई दिल्ली
मुंबई

श्री रजनीश कुमार
अध्यक्ष

स्थान: मुंबई
दिनांक: 05 जून, 2020

इसी तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

कृते जे.सी. भल्ला एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

राजेश सेठी
भागीदार: स. क्र. 085669
फर्म पंजी सं. 001111 एन
स्थान: नई दिल्ली

कृते रे एंड रे
सनदी लेखाकार

अरविन्द नारायण येन्नमडी
भागीदार: स.क्र. 031004
फर्म पंजी सं.301072 ई
स्थान: मुंबई

कृते के. वेंकटाचलम अय्यर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

ए. गोपालकृष्णन
भागीदार: स.क्र. 018159
फर्म पं.क्र.004610 एस
स्थान: एर्नाकुलम

कृते जी.पी. अग्रवाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

सुनीता केडिया
भागीदार: स.क्र. 60162
फर्म पं.क्र. 302082 ई
स्थान: कोलकाता

कृते उमामहेश्वर राव एंड कं.
सनदी लेखाकार

जी. शिव रामकृष्ण प्रसाद
भागीदार: स.क्र. 024860
फर्म प. क्र. 004453 एस
स्थान: हैदराबाद

कृते चतुर्वेदी एंड शाह एलएलपी
सनदी लेखाकार

विठेश डी. गांधी
भागीदार: स.क्र. 110248
फर्म पं.क्र.101720 डबल्यू / डबल्यू 100355
स्थान: मुंबई

कृते ओ.पी. तोतला एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

एस.आर. तोतला
भागीदार: स.क्र. 071774
फर्म पं.क्र. 000734 सी
स्थान: इन्दौर

कृते एस.के. कपूर एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

वी. बी. सिंह
भागीदार: स.क्र. 073124
फर्म पं.क्र. 000745 सी
स्थान : कानपुर

कृते एससीवी एंड कं. एलएलपी
सनदी लेखाकार

संजय वासुदेवा
भागीदार: स.क्र. 090989
फर्म पं.क्र. 000235 एन / एन500089
स्थान: नई दिल्ली

कृते खंडेलवाल जैन एंड कं.
सनदी लेखाकार

पंकज जैन
भागीदार: स.क्र. 48850
फर्म प. क्र. 105049 डबल्यू
स्थान: मुंबई

कृते एस. के. मित्तल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

एस मूर्ति
भागीदार: स.क्र. 072290
फर्म पं.क्र. 001135 एन
स्थान: नई दिल्ली

कृते एन.सी. राजगोपाल एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

वी. चंद्रशेखरन
भागीदार: स.क्र. 024844
फर्म पं.क्र. 003398 एस
स्थान: चेन्नई

कृते कर्णावट एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

विरल जोशी
भागीदार: स.क्र. 137686
फर्म पं.क्र.104863 डबल्यू
स्थान: मुंबई

कृते शाह गुप्ता एंड कंपनी
सनदी लेखाकार

विपुल के चोकसी
भागीदार: स.क्र. 37606
फर्म पं.क्र.109574 डबल्यू
स्थान: मुंबई

दिनांक: 5 जून 2020

अनुसूची 13 - अर्जित ब्याज

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I.	अग्रिमों/बिलों पर ब्याज/बट्टा	179748,83,55	161640,23,23
II.	निवेशों पर आय	68204,72,38	74406,16,37
III.	भारतीय रिज़र्व बैंक तथा अन्य अंतर-बैंक निधियों के अधिशेष पर ब्याज	2920,40,56	1179,06,59
IV.	अन्य	6449,62,73	5643,19,16
योग		**257323,59,22**	**242868,65,35**

अनुसूची 14 - अन्य आय

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I.	कमीशन, विनिमय और दलाली	23725,05,94	23303,89,22
II.	निवेशों की बिक्री पर लाभ/ (हानि) (निवल) 1	8575,65,21	3146,86,06
III.	निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ/ (हानि) (निवल)	-	(2124,03,82)
IV.	भूमि, भवनों और अन्य आस्तियों की बिक्री पर लाभ/ (हानि) (निवल)	(28,37,38)	(34,98,24)
V.	विनिमय लेनदेनों पर लाभ/ (हानि) (निवल)	2516,41,29	2155,75,29
VI.	विदेश/भारत में अनुषंगियों/कंपनियों तथा/या संयुक्त उद्यमों से लाभांशों इत्यादि के रूप में अर्जित आय	212,03,35	348,01,18
VII.	विविध आय[2]	10220,69,39	9979,39,09
योग		**45221,47,80**	**36774,88,78**

[1] निवेशों की बिक्री पर (निवल) लाभ/(हानि) में ₹ 6,215.64 करोड़ की विशेष मदें शामिल हैं।(पिछले वर्ष ₹ 473.12 करोड़)

[2] विविध आय में असाधारण मद में शून्य करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 1,087.43) तथा अपलिखित खातों में की गई ₹ 9,250.23 करोड़ की वसूली शामिल है (पिछले वर्ष ₹ 8,344.61 करोड़)

अनुसूची 15 - व्यय किया गया ब्याज

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I.	जमाराशियों पर ब्याज	147398,96,33	140272,36,59
II.	भारतीय रिज़र्व बैंक/अंतर बैंक उधार राशियों पर ब्याज	6891,11,73	9838,95,98
III.	अन्य	4948,68,51	4408,45,23
योग		**159238,76,57**	**154519,77,80**

अनुसूची 16 - परिचालन व्यय

(000 को छोड़ दिया गया है)

		31.03.2020 को समाप्त वर्ष (चालू वर्ष) ₹	31.03.2019 को समाप्त वर्ष (पिछला वर्ष) ₹
I.	कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान	45714,96,78	41054,70,68
II.	भाड़ा, कर और लाइटिंग	5339,11,88	5265,65,95
III.	मुद्रण और लेखन सामग्री	526,20,36	498,94,99
IV.	विज्ञापन व प्रचार	246,16,76	354,05,58
V.	बैंक की संपति पर मूल्यह्रास	3303,81,33	3212,30,65
VI.	निदेशकों के शुल्क, भत्ते और व्यय	1,86,42	1,34,65
VII.	लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा परीक्षकों की फीस तथा व्यय सहित)	244,67,58	293,67,65
VIII.	विधि प्रभार	266,66,85	261,84,28
IX.	डाक व्यय, तार, टेलीफोन इत्यादि	349,13,89	387,01,81
X.	मरम्मत और अनुरक्षण	924,32,58	904,08,56
XI.	बीमा	3212,71,45	2845,44,78
XII.	अन्य व्यय	15044,03,14	14608,64,16
योग		**75173,69,02**	**69687,73,74**

अनुसूची 17-
महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ

क. तैयार करने का आधार :

बैंक के वित्तीय विवरण, जहाँ अन्यथा न कहा गया हो, अवधिगत लागत परिपाटी के तहत लेखा की निरंतर प्रोद्भवन पद्धति के आधार पर तैयार किए गए हैं और वे भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखा-सिद्धांतों (जीएएपी); जिनमें लागू सांविधिक प्रावधान, विनियामक मानदंड/ भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के दिशा-निर्देश, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955, बैंककारी विनियमन अधिनियम-1949, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखा-मानक और भारतीय बैंकिंग उद्योग में प्रचलित प्रथाएँ शामिल होती हैं; के अनुरूप हैं।

ख. प्राक्कलनों का प्रयोग:

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रबंधन-मंडल को, वित्तीय विवरणों की तिथि को - आस्तियों और देयताओं, (इसमें आकस्मिक देयताएँ सम्मिलित हैं) की सूचित राशि तथा सूचना अवधि के दौरान सूचित आय एवं व्यय में प्रतिफलित प्राक्कलन और पूर्वानुमान करने की आवश्यकता होती है। प्रबंधन-मंडल का यह मानना है कि वित्तीय विवरणों को तैयार करने में प्रयुक्त प्राक्कलन यथोचित एवं तर्कसंगत हैं। वास्तविक परिणाम इन प्राक्कलनों से अलग हो सकते हैं। इन अनुमानों में किसी भी संशोधन के असर को परिवर्तन की अवधि से भावी प्रभाव से हिसाब में लिया जाता है।

ग. महत्वपूर्ण लेखा नीतियाँ:

1. आय निर्धारण :

1.1 जहाँ अन्यथा न कहा गया हो, आय और व्यय को प्रोद्भवन आधार पर लेखे में लिया गया है। बैंक के विदेश स्थित कार्यालयों के संबंध में आय एवं व्यय को उस देश के स्थानीय कानून के अनुसार शामिल किया गया है जिस देश में वह कार्यालय स्थित है।

1.2 ब्याज/छूट आय को लाभ और हानि खाते में प्रोद्भवन आधार पर हिसाब में लिया गया है जो इनके अतिरिक्त है: (i) अग्रिमों, पट्टों और निवेशों से समाविष्ट अनर्जक आस्तियों से आय, जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक/विदेश स्थित कार्यालयों के मामलों में संबंधित देश के विनियामकों (इसके पश्चात् सामूहिक रूप से विनियामक प्राधिकारी के रूप में संदर्भित) द्वारा निर्धारित विवेकपूर्ण मानदंडों के अनुसार वसूली आधार पर किया जाता है, (ii) निवेशों तथा बट्टाकृत बिलों पर अतिदेय ब्याज (iii) रुपया डेरीवेटिव्स पर आय जिसे वसूली के आधार पर लेखे में लिया गया है, को "ट्रेडिंग" नाम दिया गया है।

1.3 निवेशों की बिक्री पर होने वाले लाभ अथवा हानि को लाभ तथा हानि खाते में दिखाया जाता है। तथापि "परिपक्वता तक धारित" श्रेणी के निवेशों की बिक्री पर होने वाले लाभ को (प्रयोज्य करों और सांविधिक आरक्षित निधि में अंतरित की जाने वाली निवल राशि) "आरक्षित पूंजी खाते" में विनियोजित किया जाता है।

1.4 वित्त पट्टों से हुई आय का परिकलन प्राथमिक पट्टा अवधि से अधिक अवधि के पट्टे में बकाया निवल निवेश पर पट्टे में अन्तर्निहित ब्याज दर लगाकर किया गया है। 01 अप्रैल, 2001 से प्रभावी पट्टों को पट्टे में निवल निवेश के समान राशि को आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक 19 - "पट्टे" के अनुसार अग्रिम के रूप में लेखे में लिया गया है। पट्टों का किराया मूल राशि और वित्त आय में संविभाजित किया गया है, जो कि वित्त पट्टों के संबंध में बकाया निवल निवेशों के नियत आवधिक प्रतिफल के रुझान पर आधारित है। मूल राशि का उपयोग पट्टे में निवल निवेश की शेष राशि को घटाने के लिए किया गया है और वित्त आय को ब्याज आय के रूप में रिपोर्ट किया गया है।

1.5 "परिपक्वता तक धारित" श्रेणी में निवेश पर आय (ब्याज को छोड़कर) को अंकित मूल्य की तुलना में बट्टाकृत मूल्य पर निम्नवत स्वीकृत किया गया है :

क) ब्याज युक्त प्रतिभूतियों पर इसे बिक्री/शोधन के समय हिसाब में लिया जाता है।

ख) शून्य-कूपन प्रतिभूतियों पर इसे प्रतिभूति की शेष अवधि के लिए नियत आय आधार पर लेखे में लिया गया है।

1.6 लाभांश प्राप्त करने का अधिकार लागू होने पर, लाभांश आय को हिसाब में लिया जाता है।

1.7 इस अवधि में साख-पत्र/बैंक गारंटी, आस्थगित भुगतान गारंटियों, सरकारी व्यवसाय, एटीएम इंटरचेंज शुल्क और 'पुनर्संरचित खाते पर अग्रिम शुल्क' पर कमीशन को प्रोद्भवन आधार पर आनुपातिक रूप से हिसाब में लिया गया है। अन्य सभी कमीशन और शुल्क आय उनकी प्राप्ति के आधार पर हिसाब में ली गई है।

1.8 विशेष आवास ऋण योजना (दिसम्बर 2008 से जून 2009) के अंतर्गत प्रदत्त एकबारगी बीमा प्रीमियम को 15 वर्ष की अवधि के औसत ऋण पर परिशोधित किया गया है।

1.9 बॉन्ड/जमापत्र जारी करने के लिए अदा की गई गई दलाली, कमीशन को संबंधित बॉन्ड एवं जमापत्र की अवधि के दौरान परिशोधित किया गया है एवं इन्हें जारी करने पर हुए खर्च को अग्रिम रूप से प्रभारित किया गया है।

1.10 अनर्जक आस्तियों के विक्रय को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार लेखे में लिया गया है,:-

i. जब बैंक अपनी वित्तीय आस्तियों का विक्रय प्रतिभूतिकरण कंपनी/ पुनर्निर्माण कंपनी को करता है, तो इसे अपने खातों से हटा देता है।

ii. यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य (बही मूल्य से प्रावधानों को घटा कर) से कम है, तो इस कमी को उस वर्ष के लाभ एवं हानि खाते को नामे किया जाता है।

iii. यदि विक्रय मूल्य निवल बही मूल्य से ज्यादा है, तो भारतीय रिज़र्व बैंक की अनुमति के अनुसार अतिरिक्त प्रावधान की राशि को उसके प्राप्त होने वाले वर्ष में ही वापस कर लिया जाता है।

2. निवेश

सभी प्रतिभूतियों में लेनदेन को "निपटान तिथि" (सेटलमेंट डेट) पर दर्ज किया गया है।

2.1 वर्गीकरण :

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार निवेशों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है अर्थात् "परिपक्वता तक धारित (एचटीएम)", "विक्रय के लिए उपलब्ध (एएफएस)" और "ट्रेडिंग के लिए धारित" (एचएफटी)। तुलनपत्र की अनुसूची 8 (I) में प्रकटीकरण के प्रयोजन के लिए 'भारत में निवेशों' को छह समूहों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है (i) सरकारी प्रतिभूतियाँ, (ii) अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ, (iii) शेयर, (iv) बॉन्ड एवं डिबेंचर, (v) अनुषंगियाँ एवं संयुक्त उद्यम और (vi) अन्य एवं (II) 'भारत के बाहर के निवेशों' को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है- (i) सरकारी प्रतिभूतियाँ, (ii) विदेश स्थित अनुषंगियाँ एवं/अथवा संयुक्त उद्यम और (iii) अन्य निवेश।

2.2 वर्गीकरण का आधार :

i. जिन निवेशों को बैंक परिपक्वता तक रखना चाहता है, उन्हें "परिपक्वता तक धारित (एचटीएम)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

ii. जिन निवेशों को सिद्धांततः क्रय तिथि से 90 दिनों के भीतर पुनर्विक्रय हेतु रखा गया है, उन्हें "ट्रेडिंग के लिए रखे गए (एचएफटी)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

iii. जिन निवेशों को उपर्युक्त दो श्रेणियों में वर्गीकृत नहीं किया गया है, उन्हें "विक्रय के लिए उपलब्ध (एएफएस)" के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

iv. किसी निवेश को इसके क्रय के समय "परिपक्वता तक धारित", ठविक्रय के लिए उपलब्धड या "ट्रेडिंग के लिए रखे गए" के रूप में वर्गीकृत किया गया है और उसके पश्चात श्रेणियों में परिवर्तन विनियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप किया गया है।

v. अनुषंगियों और संयुक्त उद्यमों सहयोगियों में किए गए निवेश को "परिपक्वता तक धारित" के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन निवेशों को छोडकर जिनको क्रय करके तत्पश्चात विक्रय के लिए विशेष रू से रखा गया है। इन निवेशों को विक्रय के लिए उपलब्ध के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

2.3 मूल्यांकन :

i. किसी निवेश की अधिग्रहण-लागत का निर्धारण करने में:

(क) अभिदानों पर प्राप्त दलाली/कमीशन को लागत में से घटा दिया गया है।

(ख) निवेश के अधिग्रहण के संबंध में प्रदत्त दलाली, कमीशन, प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) आदि को उसी समय के व्यय में शामिल कर लिया गया है और इन्हें लागत में शामिल नहीं किया गया है।

(ग) ऋण लिखतों पर खंडित अवधि के लिए प्रदत्त/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय माना गया है और इन्हें लागत/विक्रय-प्रतिफल में शामिल नहीं किया गया है।

(घ) लागत का निर्धारण, "विक्रय के लिए उपलब्ध" एवं "ट्रेडिंग के लिए रखे गए" श्रेणी के तहत निवेश हेतु भारित औसत लागत प्रणाली के अनुसार एवं 'परिपक्वता तक धारित' श्रेणी के लिए फीफो (फर्स्ट इन फर्स्ट आउट) आधार पर किया गया है।

ii. एचएफटी/एएफएस श्रेणी से एचटीएम श्रेणी में प्रतिभूतियों का अंतरण, अंतरण की तिथि को अधिग्रहण लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य, इन तीनों में से न्यूनतम के आधार पर किया गया है। ऐसे अंतरण पर हुआ मूल्यह्रास, यदि कोई हो तो, उस हेतु पूर्णतः प्रावधान किया गया है। परंतु एचटीएम श्रेणी से एएफएस श्रेणी में अंतरण अधिग्रहण लागत/बही मूल्य पर किया गया है। अंतरण के बाद इन प्रतिभूतियों का तुरंत पुनर्मूल्यांकन किया गया है एवं किसी भी प्रकार के मूल्यह्रास के लिए प्रावधान किया गया है ।

iii. ट्रेजरी बिलों और वाणिज्यिक पत्रों का मूल्यांकन रखाव लागत आधार पर किया गया है।

iv. **"परिपक्वता तक धारित" श्रेणी:** क) "परिपक्वता तक धारित" श्रेणी के निवेशों को अधिग्रहण लागत पर लेखे में लिया गया है जब तक कि उसका मूल्य अंकित मूल्य से अधिक न हो, जिसमें प्रीमियम को बची हुई परिपक्वता अवधि के लिए नियत आय आधार पर परिशोधित किया गया है। ऐसे प्रीमियम के परिशोधन को "निवेश पर ब्याज" शीर्ष के अन्तर्गत आय के सापेक्ष समायोजित किया गया है। (ख) अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और सहयोगियों (देश और विदेश दोनों) में निवेश को अवधिगत लागत आधार पर मूल्यांकित किया गया है। अस्थायी से इतर प्रत्येक निवेश के मामले में कमी की पूर्ति के लिए अलग अलग प्रावधान किया गया है। (ग) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश जिसे रखाव लागत (यानी बही मूल्य) आधार पर मूल्यांकित किया गया है।

v. **विक्रय के लिए उपलब्ध तथा ट्रेडिंग के लिए धारित श्रेणियाँ:** एएफएस एवं एचएफटी श्रेणियों के तहत रखे गए निवेशों का पुनर्मूल्यन विनियामक दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित बाजार मूल्य या उचित मूल्य के अनुसार किया गया है और प्रत्येक श्रेणी से संबद्ध प्रत्येक समूह (जैसे (i) (सरकारी प्रतिभूतियाँ) (ii) (अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियाँ) (iii) (शेयर) (iv) (बांड एवं डिबेंचर) (v) (अनुषंगी एवं संयुक्त उद्यम) और (vi) अन्य) के सिर्फ निवल मूल्यह्रास का प्रावधान किया गया है और निवल मूल्यवृद्धि को लेखे में नहीं लिया गया है। मूल्यह्रास का प्रावधान होने पर प्रत्येक प्रतिभूति का बही मूल्य बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकन के पश्चात् अपरिवर्तित रहा है।

vi. प्रतिभूति रसीदों पर प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी को अनर्जक आस्तियां (वित्तीय आस्तियां) बेचे जाने के मामले में प्रतिभूति रसीद में निवेश को i) वित्तीय आस्ति के निवल बही मूल्य (बही मूल्य में से प्रावधान घटा कर) ii) प्रतिभूति रसीद के मोचन मूल्य, दोनों में जो भी कम हो, को हिसाब में लिया जाता है। प्रतिभूतिकरण कंपनी/आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों के मूल्य का नॉन एसएलआररिलखतों के लिए लागू दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकन किया जाता है। तदनुसार, जिन मामलों में आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों का परिशोधन संबंधित योजना के लिखतों के लिए आबंटित वित्तीय आस्तियों की वास्तविक वसूली के अनुसार किया गया है, उन मामलों में निवल आस्ति मूल्य, आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी से प्राप्त, की गणना ऐसे निवेश के मूल्यन के लिए की गई है।

vii. देशी कार्यालयों के संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक के तथा विदेश स्थित कार्यालयों के संबंध में उस देश के विनियामकों के दिशानिर्देशों के आधार पर निवेश को अर्जक और अनर्जक श्रेणियों में विभाजित किया गया है। देशी कार्यालयों के निवेश निम्नलिखित स्थितियों में अनर्जक हो जाते हैं:

(क) ब्याज/किस्त (परिपक्वता राशि सहित) देय है और 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए बकाया है।

(ख) ईक्विटी शेयरों के संबंध में, जहाँ अद्यतन तुलनपत्र की अनुपलब्धता के कारण शेयरों को ₹1/- प्रति कंपनी मूल्य प्रदान किया गया है - ऐसे ईक्विटी शेयरों को अनर्जक निवेश माना जाएगा।

(ग) यदि इकाई द्वारा ली गई कोई ऋण-सुविधा बैंक-बही में अनर्जक आस्ति हो गई हो, तो ऐसी स्थिति में उस इकाई द्वारा जारी किसी भी प्रतिभूति में निवेश को अनर्जक निवेश माना जाएगा।

(घ) उपर्युक्त, आवश्यक परिवर्तनों के साथ उन अधिमानी शेयरों पर भी लागू होगा, जहाँ नियत लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है।

(ङ) ऐसे डिबेंचरों/बांडों में निवेश जो अग्रिम प्रकृति के माने गए हैं, पर भी अनर्जक निवेश के वही मानदंड लागू होंगे जो निवेश पर लागू होते हैं।

(च) विदेश स्थित कार्यालयों के मामले में अनर्जक निवेश हेतु प्रावधान, स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों, इनमें से जो अधिक सख्त हों, के अनुसार किया गया है।

viii. रेपो/रिवर्स रिपो लेनदेन (भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन लेनदेन के अलावा) का लेखाकरण:

(क) रेपो /रिवर्स रेपो के अधीन विक्रय/क्रय की गई प्रतिभूतियों को संपार्श्विक ऋण लेनदेन के रूप में लेखांकित किया गया है। परंतु एकमुश्त विक्रय/क्रय लेनदेन मामलों की तरह प्रतिभूतियों को अंतरित किया गया है और इस तरह के अंतरणों को रिपो/ रिवर्स रिपो खातों एवं दुतरफा प्रविष्टियों का उपयोग करके दर्शाया गया है। इन प्रविष्टियों को परिपक्वता की तिथि को प्रतिवर्तित किया गया है। लागत एवं आय को यथास्थिति ब्याज व्यय/आय के रूप में लेखे में लिया गया है। रेपो खाते की शेष राशि को अनुसूची - 4 (उधार-राशियाँ) एवं रिवर्स रिपो खाते की शेष राशि को अनुसूची - 7 (बैंकों में शेष तथा माँग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि) के तहत श्रेणीबद्ध किया गया है।

(ख) भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अधीन क्रय/ विक्रय की गई प्रतिभूतियों पर व्यय/ अर्जित ब्याज को व्यय/आय के रूप में लेखे में लिया गया है।

ix. बाजार पुनर्खरीद और प्रतिवर्ती पुनर्खरीद लेनदेन के साथ-साथ चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के तहत भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ लेनदेन को मौजूदा आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार उधार लेने और उधार देने के लेनदेन के रूप में माना गया है।

3. ऋण/अग्रिम और उन पर प्रावधान:

3.1 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर ऋणों और अग्रिमों का वर्गीकरण अर्जक और अनर्जक ऋणों एवं अग्रिमों के रूप में किया गया है। ऋण आस्तियाँ उन मामलों में अनर्जक बन जाती हैं, जहाँ :

i. सावधि ऋण के संबंध में, ब्याज और/अथवा मूलधन की किस्त 90 दिनों से अधिक अवधि के लिए अतिदेय रहती है;

ii. ओवरड्राफ्ट या नकदी-ऋण अग्रिम के संबंध में खाता ("आउट ऑफ आर्डर)" रहता है, अर्थात् यदि बकाया शेष राशि लगातार 90 दिनों की अवधि के लिए संस्वीकृत सीमा/आहरण अधिकार से अधिक हो जाती है, या तुलनपत्र की तिथि को लगातार 90 दिनों तक कोई राशि जमा नहीं है अथवा ये जमाराशियाँ उसी अवधि के दौरान देय ब्याज का भुगतान करने के लिए अपर्याप्त हैं;

iii. क्रय किए गए/बट्टाकृत बिलों के संबंध में, बिल 90 दिनों की अवधि से अधिक अतिदेय रहते हैं;

iv. कृषि अग्रिमों के जब (अ) अल्पावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन की किस्त या ब्याज दो फसल-मौसमों के लिए अतिदेय रहते हैं एवं (ब) दीर्घावधि फसलों के लिए जहाँ मूलधन या ब्याज एक फसल मौसम के लिए अतिदेय रहते हैं।

3.2 अनर्जक अग्रिमों को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर अवमानक, संदिग्ध और हानिप्रद आस्तियों में वर्गीकृत किया गया है:

i. अवमानक : कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों या उससे कम अवधि के लिए अनर्जक रह गई है।

ii. संदिग्ध : कोई ऋण आस्ति, जो 12 महीनों की अवधि के लिए अवमानक रही है।

iii. हानिप्रद : कोई ऋण आस्ति, जिसमें हानि होने की जानकारी मिली है किंतु उस राशि को पूर्णतया बट्टे खाते नहीं डाला गया है।

3.3 अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान विनियामक प्राधिकरणों द्वारा निर्धारित वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार किए गए हैं और ये निम्नलिखित न्यूनतम प्रावधान मानदंड के अधीन किए गए हैं :

अवमानक आस्तियाँ :	i. कुल बकाया पर 15% का सामान्य प्रावधान ii. प्रारंभ से ही अप्रतिभूत ऋण जोखिमों के लिए 10% का अतिरिक्त प्रावधान (जहाँ प्रतिभूति का वसूली - मूल्य प्रारंभ से ही 10% से अधिक नहीं है) iii. इन्फ्रास्ट्रक्चर अग्रिम खातों, जहाँ एस्क्रो खाते आदि जैसे कुछ बचाव उपाय उपलब्ध हैं, से संबंधित प्रतिभूति-रहित ऋण जोखिम - 20 %
संदिग्ध आस्तियां :	
-प्रतिभूत हिस्सा :	i. एक वर्ष तक - 25% ii. एक से तीन वर्ष-40% iii. तीन वर्ष से अधिक - 100%
-अप्रतिभूत हिस्सा	100%
हानिप्रद आस्तियां :	100%.

3.4 विदेश स्थित कार्यालयों के संबंध में, ऋण एवं अग्रिमों का वर्गीकरण एवं अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान, स्थानीय विनियमों अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के मानदंडों इनमें से जो अधिक सख्त हों, के अनुसार किया गया है।

3.5 अग्रिमों में से विशिष्ट ऋण पर किए गए हानिप्रद प्रावधानों, अप्राप्त ब्याज, भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम (ईसीजीसी) के प्राप्त दावों और बट्टाकृत बिलों को घटा दिया गया है।

3.6 पुनर्संरचनागत/पुनः निर्धारित आस्तियों के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार किए गए हैं, जिसके अनुरूप संबंधित ऋणों/अग्रीमो के लिए प्रावधान के अलावा पुर्नसंरचना के पहले एवं बाद ऋण/अग्रिम के उचित मूल्य के अंतर के लिए भी प्रावधान किया जाता है। उपरोक्त मामलों में अंकित मूल्य में कमी में एवं त्याग किए गए ब्याज के लिए यदि कोई अतिरिक्त प्रावधान किया जाता है, तो वह राशि अग्रिम से घटा दी जाती है।

3.7 अनर्जक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत ऋण खातों के मामले में, विनियामकों द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप होने पर ही किसी खाते को अर्जक खाते के रूप में पुनर्वर्गीकृत किया जा सकता है।

3.8 पूर्ववर्ती वर्षो में बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के सापेक्ष वसूली गई राशि का निर्धारण वसूल किए गए वर्ष में आय के रूप में किया गया है।

3.9 अनर्जक आस्तियों पर विशिष्ट प्रावधान के अतिरिक्त मानक आस्तियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार सामान्य प्रावधान भी किए गए हैं। ये प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची 5 के "अन्य देयताएँ और प्रावधान- अन्य" शीर्ष के अंतर्गत प्रदर्शित हैं एवं निवल अनर्जक आस्तियों का निर्णय करने के लिए इनको संज्ञान में नहीं लिया जाता है।

3.10 अनर्जक आस्तियों में वसूली का समायोजन निम्नलिखित प्राथमिकता के अनुसार किया जाता है:

क. प्रभार, लागत, कमीशन आदि

ख. अप्राप्त ब्याज/ब्यान

ग. मूलधन

तथापि राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी)के जरिए समझौता एवं समाधान/निपटान के मामलों में वसूलियों का समायोजन संबंधित समझौता/समाधान/निपटान की शर्तों के अनुसार किया जाता है। वाद दायर किए गए खातों में वसूली का समायोजन संबंधित न्यायालयों के निर्देशों के अनुसार किया जाता है।

4. अस्थिर प्रावधान:

बैंक में अग्रिमों, निवेश तथा सामान्य प्रयोजनों हेतु पृथक् रूप से अस्थायी प्रावधानों के सृजन एवं उपयोग की नीति विद्यमान है। सृजन किए जाने वाले इन अस्थायी प्रावधानों की मात्रा का निर्धारण वित्त वर्ष के अंत में किया जाता है। इन अस्थायी प्रावधानों का उपयोग भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति से नीति में निर्धारित असाधारण परिस्थितियों के अधीन सिर्फ आकस्मिकताओं के लिए ही किया जाएगा।

5. देशवार ऋण-जोखिम के लिए प्रावधान:

आस्ति वर्गीकरण की स्थिति के अनुरूप किए गए विशिष्ट प्रावधानों के अतिरिक्त पृथक् देशवार ऋण जोखिम (निजी देश के अलावा) के लिए प्रावधान किए गए हैं। इन देशों का वर्गीकरण सात जोखिम श्रेणियों यथा - नगण्य, कम, सामान्य, अधिक, अत्यधिक, प्रतिबंधित एवं ऋण में शामिल न होने वाले वर्गों में किया गया है तथा यह प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार किया गया है। यदि प्रत्येक देश से संबंधित बैंक का देशवार ऋण जोखिम (निवल) कुल निधिक आस्तियों के 1% से अधिक नहीं होता है, तो ऐसे देशवार ऋण जोखिम पर कोई प्रावधान नहीं रखा जाता है। यह प्रावधान तुलनपत्र की अनुसूची 5 के "अन्य देयताएं और प्रावधान - अन्य" शीर्ष के अंतर्गत दर्शाया गया है।

6. डेरीवेटिव्स:

6.1 बैंक तुलनपत्र की/तुलनपत्र इतर आस्तियों और देयताओं के लिए बचाव-व्यवस्था करने या इनके क्रय-विक्रय के प्रयोजन से डेरीवेटिव्स संविदाएं जैसे विदेशी मुद्रा विकल्प, ब्याज दर अदला-बदली, मुद्रा अदला-बदली, परस्पर मुद्रा ब्याज दर अदला-बदली और वायदा दर करार निष्पादित करता है। तुलनपत्र की आस्तियों और देयताओं के लिए बचाव-व्यवस्था करने के प्रयोजन से निष्पादित की जाने वाली विनिमय संविदाएं इस प्रकार तैयार की जाती हैं कि तुलनपत्र की अंतर्निहित मदों का प्रभाव प्रतिकूल और प्रति संतुलनकारी हो। इन डेरीवेटिव लिखतों का प्रभाव अंतर्निहित आस्तियों के क्रय-विक्रय पर निर्भर करता है और इसे बचाव-व्यवस्था लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार लेखे में लिया जाता है ।

6.2 बचाव संविदाओं के रूप में वर्गीकृत डेरीवेटिव संविदाओं को प्रोद्भवन आधार पर अंकित किया गया है। बचाव संविदाओं की गणना तब तक बाजार के बही मूल्य के अनुसार नहीं की जाती, जब तक कि अंतर्निहित आस्तियाँ/देयताएं बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित न की गई हों।

6.3 उपर्युक्त के सिवाय, सभी अन्य डेरीवेटिव संविदाएं उद्योग में प्रचलित सामान्यतया मान्य लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित की गई है। बाजार के बही मूल्य के अनुसार अंकित डेरीवेटिव संविदाओं के संबंध में बाजार मूल्य में परिवर्तन, परिवर्तन की अवधि में लाभ और हानि खाते में शामिल किए गए हैं। डेरीवेटिव संविदाओं के अंतर्गत प्राप्य राशि, जो 90 दिनों से अधिक अतिदेय है, को लाभ और हानि खाते से "उचंत खाता कुल प्राप्य" में प्रतिवर्तित किया गया है। ऐसे मामलों में जहां डेरिवेटिव संविदाएं भविष्य में और अधिक निपटान के अवसर प्रदान करती हैं और यदि ये डेरिवेटिव संविदा के अतिदेय प्राप्य 90 दिनों से अधिक समय तक अदत्त रहने के कारण समाप्त न हो गई हो, तो भावी आगमों से संबंधित सकारात्मक एमटीएम को भी लाभ और हानि खाते से "उचंत खाता सकारात्मक एमटीएम" में प्रतिवर्तित किया जाता है।

6.4 संदत्त या प्राप्त ऑप्शन प्रीमियम को ऑप्शन अवधि की समाप्ति पर लाभ और हानि खाते में अंकित किया गया है। विक्रय किए गए ऑप्शनों पर प्राप्त प्रीमियम और क्रय किए गए ऑप्शनों पर संदत्त प्रीमियम की शेष राशि का फॉरेक्स ओवर द काउंटर ऑप्शनों के लिए बाजार मूल्य पर परिकलन करके बही में शामिल किया गया है।

6.5 सौदों के उद्देश्य से बाजार (एक्सचेंज) में क्रय-विक्रय किए जाने वाले डेरीवेटिवों में किए गए निवेश को बाजार द्वारा दी गई प्रचलित बाजार दरों के अनुसार मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ तथा हानि को लाभ और हानि खाते में दर्शाया गया है।

7. अचल आस्तियाँ, मूल्यह्रास और परिशोधन :

7.1 अचल आस्तियों का अंकन लागत में से संचित मूल्यह्रास/परिशोधन घटाकर किया गया है।

7.2 लागत में क्रय लागत तथा समस्त व्यय, जैसे कि स्थान की तैयारी, संस्थापन लागतें और आस्ति पर उसका उपयोग करने से पूर्व वहन की गई प्रोफेशनल फीस शामिल है। उपयोग की गई आस्तियों पर वहन किए गए अनुवर्ती व्यय/व्ययों को केवल तभी पूंजीकरण किया गया है, जब ये व्यय इन आस्तियों से होने वाले भावी लाभ को या इन आस्तियों की व्यावहारिक क्षमता को बढ़ाते हैं।

7.3 इन देशी परिचालनों के संबंध में मूल्यह्रास की दरें और मूल्यह्रास प्रभारित करने की पद्धति का विवरण निम्नानुसार है :

क्र. सं.	अचल आस्तियों का विवरण	मूल्यह्रास प्रभारित करने की पद्धति	मूल्यह्रास/परिशोधन दर
1	कंप्यूटर	सीधी रेखा पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
2	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग है	सीधी रेखा पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
3	कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का अभिन्न अंग नहीं है और सॉफ्टवेयर विकसित करने का खर्च	सीधी रेखा पद्धति	33.33% प्रति वर्ष
4	ऑटोमेटेड टैलर मशीन/कैश डिपॉजिट मशीन/ क्वाइन डिस्पेंसर/ क्वाइनवेंडिंग मशीन	सीधी रेखा पद्धति	20.00% प्रति वर्ष
5	सर्वर	सीधी रेखा पद्धति	25.00% प्रति वर्ष
6	नेटवर्क उपकरण	सीधी रेखा पद्धति	20.00% प्रति वर्ष
7	अन्य अचल आस्तियां	सीधी रेखा पद्धति	आस्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर। प्रमुख अस्थायी आस्तियों का अनुमानित उपयोगी जीवन निम्नानुसार रहता है: परिसर 60 वर्ष; वाहन 5 वर्ष; जमा सुरक्षा लॉकर 20 वर्ष; फर्नीचर व फिक्सचर 10 वर्ष

7.4 वर्ष के दौरान देशी परिचालनों से प्राप्त आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास वर्ष में आस्ति का उपयोग करने के दिनों के अनुपात के आधार पर प्रभारित किया गया है।

7.5 आस्तियाँ जिनमें से प्रत्येक का मूल्य ₹1000/- से कम था, उन्हें क्रय वर्ष में ही बट्टे खाते में डाल दिया गया है।

7.6 पट्टाकृत परिसरों से संबद्ध पट्टा प्रीमियम, यदि कोई हो तो, को पट्टा अवधि पर परिशोधित किया गया है और पट्टा किराये को उसी वर्ष प्रभारित किया गया है।

7.7 बैंक द्वारा 31 मार्च 2001 को या उससे पूर्व पट्टे पर दी गई आस्तियों के संबंध में पट्टे पर दी गई आस्तियों के मूल्य को पट्टाकृत आस्तियों के रूप में अचल आस्तियों के अंतर्गत दर्शाया गया है और वार्षिक पट्टा शुल्क (पूंजी-वसूली) एवं मूल्यह्रास के अंतर को पट्टा समानीकरण लेखे में लिया गया है।

7.8 विदेश स्थित कार्यालयों की अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास का प्रावधान संबंधित देशों के स्थानीय विनियमों/मानदंडों के अनुसार किया गया है।

7.9 बैंक पुनर्मूल्यांकन के लिए केवल अचल आस्तियों पर ही विचार करता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान अधिग्रहीत आस्तियों का पुनर्मूल्यन नहीं किया गया है। इसके बाद हर तीन वर्षों में पुनर्मूल्यन की गई आस्ति का मूल्यांकन किया जाता है।

7.10 पुनर्मूल्यांकन के कारण निवल बही मूल्य में वृद्धि को पुनर्मूल्यांकन आरक्षित खाते में जमा किया जाता है। इन्हें लाभ और हानि खाते में नहीं दिखाया जाता है। पुनर्मूल्यांकित आस्ति के मूल्यह्रास को लाभ एवं हानि खाते को प्रभारित किया जाता है और पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों से अन्य राजस्व आरक्षिति को विनियोजित किया जाता है।

7.11 पुनर्मूल्यांकित आस्तियों पर मूल्यह्रास पुनर्मूल्यांकन के समय यथामूल्यांकित आस्तियों की शेष उपयोगी अवधि पर किया जाता है।

8. पट्टे :

ऊपर पैरा 3 में निर्धारित किए गए अनुसार आस्ति वर्गीकरण और अग्रिमों के लिए लागू प्रावधानीकरण मानदंड वित्तीय पट्टों पर भी लागू हैं।

9. आस्तियों की अपसामान्यता:

जब कभी घटनाएँ अथवा स्थितियों में परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की रखाव राशि की वसूली संदिग्ध है, तो ऐसी स्थिति में अचल आस्तियों की अपसामान्यता की समीक्षा की जाती है। धारित और प्रयुक्त आस्तियों की वसूली हो पाएगी या नहीं इसे मापने के लिए आस्ति की रखाव राशि की तुलना आस्ति द्वारा अपेक्षित भविष्यगत निवल बट्टाकृत नकदी प्रवाह से करके ज्ञात की जाती है। यदि ऐसी आस्तियों को अपसामान्यता के योग्य पाया जाता है, तो अपसामान्यता का माप-समावेश उस अधिक राशि के आधार पर किया जाता है, जो आस्ति की रखाव राशि और उसके उचित मूल्य के बीच का अंतर होता है।

10. विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव:

10.1. विदेशी मुद्रा लेनदेन :

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में प्रारंभिक निर्धारण पर दर्ज किया गया है।

ii. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों की सूचना भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (एफईडीएआई) द्वारा अधिसूचित अंतिम (हाजिर/ वायदा) दरों का प्रयोग करके दी गई है।

iii. विदेशी मुद्रा गैर मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित मुद्रा विनिमय दरों का प्रयोग करके दी गई है।

iv. विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित आकस्मिक देयताओं की सूचना एफईडीएआई की अंतिम हाजिरी दर का प्रयोग करके दी गई है।

v. व्यवसाय के लिए रखी गई बकाया तत्काल विदेशी मुद्रा विनिमय तथा वायदा संविदाओं को इनकी निर्धारित परिपक्वताके लिए एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

vi. विदेशी मुद्रा वायदा संविदाओं, जो व्यवसाय के लिए अपेक्षित नहीं हैं और तुलनपत्र की तिथि को बकाया हैं, का अंतिम तत्काल दर पर पुनः मूल्यांकन किया गया है। ऐसी वायदा विनिमय संविदा के प्रारंभ से उद्भूत प्रीमियम या बट्टे को संविदा की परिपक्वता अवधि के व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया गया है।

vii. मौद्रिक मदों के निपटान से उद्भूत विनिमय अंतर राशियों को आरंभ से दर्ज की गई दरों से भिन्न दरों पर उस अवधि, जिसमें ये दरें उद्भूत हुई हैं, की आय या व्यय के रूप में निर्धारित किया गया है।

viii. मुद्रा वायदा व्यापार में विदेशी मुद्रा दरों की आरंभिक स्थिति में हुए परिवर्तनों के कारण हुए लाभ/हानि को विदेशी मुद्रा समाशोधन गृह से प्रतिदिन निर्धारित किया जाता है और इस लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

10.2 विदेशी परिचालन :

बैंक की विदेश स्थित शाखाओं और समुद्रपारीय बैंकिंग इकाइयों (ओ बी यू) को असमाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और प्रतिनिधि कार्यालयों को समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क. असमाकलित परिचालन:

i. असमाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक और गैर-मौद्रिक दोनों विदेशी मुद्रा आस्तियों एवं देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं को तुलनपत्र तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है।

ii. असमाकलित विदेशी परिचालनों की आय एवं व्यय को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित तिमाही की औसत अंतिम दर पर परिवर्तित किया गया है।

iii. निवेश का निपटान होने तक असमाकलित विदेशी परिचालनों से उद्भूत विनिमय अंतर- राशियों का संचयन विदेशी मुद्रा रूपांतरण आरक्षिति में किया गया है।

iv. विदेशी कार्यालयों की विदेशी मुद्रा में आस्तियां और देयताएं (विदेश स्थित कार्यालयों की स्थानीय मुद्रा के अलावा) तुलनपत्र की तिथि उस देश पर लागू हाजिर दर का प्रयोग करते हुए स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित किया गया है।

ख. समाकलन परिचालन:

i. विदेशी मुद्रा लेनदेन को लेनदेन की तिथि की सूचित मुद्रा और विदेशी मुद्रा में विनिमय दर पर विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में आरंभिक अभिज्ञान पर दर्ज किया गया है।

ii. समाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को तुलनपत्र की तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है और परिणामी लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है। आकस्मिक देयताएं हाजिर (स्पॉट) दर पर रूपांतरित की गई हैं।

iii. अवधिगत लागत के अनुरूप अग्रनीत विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक मदों की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित विनिमय दर का प्रयोग करके दी गई है।

11. कर्मचारी हितलाभ :

11.1 अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ

अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ यथा चिकित्सा हितलाभ, जिसको कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा के विनिमय में प्रदान किया जाना अपेक्षित है, कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा अवधि के दौरान शामिल किया गया है।

11.2 दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ:

i. नियत हितलाभ योजनाएं :

क. बैंक भविष्य निधि योजना का परिचालन करता है। बैंक की भविष्य निधि योजना के अंतर्गत सभी पात्र कर्मचारी यह हितलाभ प्राप्त करने के हकदार हैं। बैंक निर्धारित दर पर (वर्तमान समय में कर्मचारियों के मूल वेतन एवं पात्र-भत्ते का 10%) मासिक अंशदान करता है। इन अंशदान को, इस उद्देश्य के लिए स्थापित न्यास को प्रेषित कर दिया जाता है तथा इसे लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है। बैंक इस प्रकार के वार्षिक अंशदानों और उस पर ब्याज को संबंधित वर्ष के संदर्भ में व्यय मानता है। यदि कोई कमी हो, तो बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उसका प्रावधान किया जाता है।

ख. बैंक, ग्रेच्युटी और पेंशन जैसी नियत हितलाभ योजनाएँ परिचालित करता है।

(i) बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी प्रदान करता है। यह हितलाभ कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति या नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाने या नौकरी की समाप्ति पर एकमुश्त राशि के भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है। यह राशि बैंक की सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए देय 15 दिनों के मूल वेतन के समतुल्य राशि होती है, जो सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित उच्चतम सीमा के अध्यधीन रहती है। यह हितलाभ सेवा के पांच वर्ष पूरे होने पर ही प्राप्त होता है। बैंक इस राशि का आवधिक अंशदान, वार्षिक स्वतंत्र बाह्य बीमांकिक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करता है।

(ii) बैंक सभी पात्र कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करता है। यह हितलाभ नियमानुसार मासिक भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है और यह भुगतान कर्मचारियों को नियमानुसार उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु होने या नौकरी की समाप्ति पर किया जाता है। निहितीकरण नियमों के अनुसार विभिन्न चरणों में संपन्न होता है। बैंक एसबीआई पेंशन फंड नियमों के अनुसार पेंशन निधि में वेतन के 10% का मासिक अंशदान करता है। पेंशन-देयता की गणना वार्षिक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यन के आधार पर की जाती है और बैंक आवश्यक होने पर पेंशन विनियम के अंतर्गत हितलाभों के भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए इस निधि में अतिरिक्त अंशदान आवधिक आधार पर करता है।

ग. नियत हितलाभ-प्रावधान-लागत को प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि पर अग्रनीत बीमांकिक मूल्यन के आधार पर अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से निर्धारित किया जाता है। बीमांकिक लाभ/हानि को लाभ और हानि में तुरन्त शामिल कर दिया जाता है और उन्हें स्थगित नहीं किया जाता है।

ii. नियत अंशदान योजना :

बैंक ने 01 अगस्त 2010 को या उसके बाद बैंक में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना लागू की है, जो एक नियत अंशदान योजना है और नए कर्मचारी बैंक की वर्तमान पेंशन योजना के सदस्य बनने के पात्र नहीं हैं। इस योजना (एनपीएस) के तहत आने वाले कर्मचारी, अपने मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते की 10% राशि को अंशदान के रूप में जमा करेंगे और इतनी ही राशि बैंक अपनी ओर से देगा। संबंधित कर्मचारी की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने तक इन अंशदानों को बैंक में जमा रखा जाएगा एवं इस जमा पर किसी चालू भविष्य निधि खाते के समकक्ष ब्याज दिया जाएगा। बैंक इन वार्षिक अंशदानों एवं इन पर दिए जाने वाले ब्याज को संबंधित वर्ष के खर्च के रूप में परिगणित करता है। स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या की प्राप्ति पर समेकित अंशदान राशि को एनपीएस न्यास में अंतरित कर दिया जाता है।

iii. अन्य दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ :

क. बैंक का प्रत्येक पात्र कर्मचारी प्रतिपूरित अनुपस्थिति, रजत जयंती सम्मान और अवकाश यात्रा-रियायत, सेवानिवृत्ति लाभ और पुनर्वासन भत्ते का पात्र होता है। इस प्रकार के दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ की लागत के लिए निधि बैंक द्वारा आंतरिक स्रोत से उपलब्ध कराई जाती है।

ख. अन्य दीर्घावधि हितलाभ के प्रावधान की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को बीमांकिक मूल्यन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया जाता है। पूर्ववर्ती सेवा लागत को लाभ और हानि में तुरंत शामिल कर दिया जाता है और उन्हें स्थगित नहीं किया जाता है।

11.3 विदेश स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के कर्मचारी हितों को संबंधित देशों के स्थानीय कानूनों/विनियमों के अनुसार मूल्यांकित एवं लेखांकित किया जाता है।

12. खंड रिपोर्टिंग

बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों और भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखांकन मानक 17 के अनुसार व्यवसाय खंड को प्राथमिक रिपोर्ट खंड तथा भौगोलिक खंड को गौण रिपोर्टिंग खंड के रूप में मानता है।

13. आय पर कर :

बैंक द्वारा भुगतान की गई वर्तमान कर तथा आस्थगित कर व्यय की कुल राशि आय कर व्यय होता है। चालू वर्ष के कर तथा आस्थगित कर का निर्धारण आयकर अधिनियम 1961 तथा लेखा मानक 22, जो 'आय पर कर के लेखा' से संबंधित है, के अनुसार किया जाता है और ऐसा करते समय विदेश स्थित कार्यालयों द्वारा संबंधित देशों के कर नियमों के अनुसार भुगतान किए गए कर को भी शामिल किया जाता है। आस्थगित कर समायोजनों में वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्तियों या देयताओं में हुए परिवर्तन भी समाविष्ट हैं। आस्थगित कर-आस्तियों और देयताओं का आकलन वर्तमान वर्ष की कर योग्य आय और लेखा आय तथा अग्रनीत हानि के बीच के अवधिगत अंतर के प्रभाव पर विचार करते हुए किया गया है। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं को कर दरों और कर नियमों द्वारा आंका जाता है, जो तुलनपत्र की तारीख को लागू है। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं में हुए परिवर्तन का प्रभाव लाभ और हानि खाते में प्रकट किया जाता है। आस्थगित कर आस्तियों का अभिज्ञान प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर प्रबंधन-मंडल के विवेक के आधार पर किया जाता है कि क्या उनकी वसूली होने की संभावना है/होना निश्चित है। आस्थगित कर आस्तियों को अनवशोषित मूल्यह्रास और कर घाटा के रूप में कैरी फॉरवर्ड तभी किया जाए जब यह निश्चित रूप से प्रमाण द्वारा समर्थित हो कि इस तरह की आस्थगित कर संपत्ति को भविष्य के लाभ के रूप में वसूल किया जा सकता है।

14. प्रति शेयर आय:

14.1 बैंक आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक - 20 "प्रति शेयर आय" के अनुसार प्रति शेयर मूल और कम हुई आय रिपोर्ट करता है। प्रति शेयर मूल आय की गणना ईक्विटी शेयरधारकों को प्राप्य उस वर्ष के करोपरांत निवल लाभ को उस वर्ष के लिए शेष ईटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

14.2 कम की हुई प्रति शेयर आय यह प्रदर्शित करती है कि यदि प्रतिभूतियों अथवा अन्य संविदाओं को वर्ष के दौरान जारी करने या संपरिवर्तित करने का विकल्प लिया गया तो शेयर मूल्यों में कितनी कमी आएगी। कम की हुई प्रति शेयर आय की गणना ईक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम संभावना वाले ईक्विटी शेयरों के बीच तुलना करके की जाती है।

15. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां:

15.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखा मानक 29 के अनुसार जारी "प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ" में बैंक पिछले परिणाम से उद्भूत वर्तमान दायित्व होने पर ही प्रावधान शामिल करता है, संसाधनों के संभावित बहिर्गमन के परिणामस्वरूप दायित्व के निपटान आर्थिक लाभ को समाविष्ट कर, इस दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन कर किया जा सकता है।

15.2 निम्नलिखित के लिए किसी प्रावधान का समावेश नहीं किया गया है:

i. पिछले परिणाम से उद्भूत किसी संभावित दायित्व के लिए और बैंक के नियंत्रण से बाहर होने वाले एक या अधिक अनिश्चित भावी परिणामों की प्राप्ति या अप्राप्ति से जिसकी पुष्टि की जा सकेगी, अथवा

ii. किसी वर्तमान दायित्व के लिए, जो पिछले परिणामों से उद्भूत है, किंतु उसे अभिज्ञान में नहीं लिया गया है, क्योंकि :-

क. यह संभव नहीं है कि दायित्व के निर्धारण में आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों का बहिर्गमन आवश्यक होगा, अथवा

ख. दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता।

ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया गया है। इन दायित्वों का नियमित अंतरालों पर मूल्यांकन किया जाता है और ऐसे दायित्व के केवल उस अंश का, जिसके आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना है, नितांत दुर्लभ परिस्थितियों, जिनमें कोई विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता, के अलावा प्रावधान किया गया है।

15.3 बैंक के डेबिट कार्डधारकों को दिए जाने वाले रिवार्ड प्वाइंट्स के लिए प्रावधान बीमांकिक के आकलन के अनुसार किया जा रहा है।

15.4 आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।

16. सर्राफा लेनदेन:

बैंक अपने ग्राहकों को बेचने के लिए परेषण आधार पर बहुमूल्य धातु बारों समेत सर्राफा का आयात करता है। ये आयात सामान्यता दुतरफा आधार पर होते हैं और ग्राहकों के लिए इनकी कीमत आपूर्तिकर्ता के द्वारा मांगी गई कीमत के आधार पर तय होती है। बैंक इस तरह के सर्राफा लेनदेन पर कुछ फीस के रूप में आय प्राप्त करता है। इस फीस की गणना कमीशन आय के अंतर्गत होती है। बैंक सोना जमा करने के लिए लेता है और इस पर उधार भी देता है, जिसे जमा / अग्रिम (जो भी हो) माना जाता है। इसमें भुगतान किए गए/प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय/आय के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाता है। स्वर्ण जमा, धातु ऋण अग्रिम तथा अंतिम स्वर्ण शेष को तुलन-पत्र की तिथि पर उपलब्ध बाजार दर पर मूल्य निर्धारित किया जाता है।

17. विशेष आरक्षित निधियां:

राजस्व एवं अन्य निधियों में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (i) (viii) के अंतर्गत सृजित विशेष आरक्षित निधि भी शामिल है। बैंक के निदेशक मंडल ने एक संकल्प पारित कर इस आरक्षित निधि के सृजन के लिए अनुमोदन किया है और यह भी पुष्टि की है कि उसका इस विशेष आरक्षित निधि से आहरण करने की कोई मंशा नहीं है।

18. शेयर निर्गम व्यय :

शेयर निर्गम व्ययों को शेयर प्रीमियम खाते को प्रभारित किया जाता है।

19. नकद एवं नकद समतुल्य

नकद एवं नकद समतुल्य में भारतीय रिज़र्व बैंक के पास का नकद एवं शेष, बैंकों में शेष तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय धन शामिल है।

अनुसूची - 18:
लेखा टिप्पणियां

18.1 पूंजी

1. पूंजी अनुपात

बेसल - II के अनुसार

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	मदें	31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार
(i)	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी अनुपात (%)	अप्रयोज्य	
(ii)	टियर 1 पूंजी-अनुपात (%)	10.71%	10.38%
(iii)	टियर 2 पूंजी-अनुपात (%)	2.42%	2.47%
(iv)	कुल पूंजी-अनुपात- (%)	13.13%	12.86%

बेसल - III के अनुसार

क्र. सं.	मदें	31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार	31 मार्च 2019 की स्थिति के अनुसार
(i)	सामान्य इक्विटी टियर 1 पूंजी अनुपात (%)	9.77%	9.62%
(ii)	टियर 1 पूंजी अनुपात (%)	11.00%	10.65%
(iii)	टियर 2 पूंजी अनुपात (%)	2.06%	2.07%
जब कभी घटनाएँ अथवा स्थितियों में परिवर्तन यह संकेत देते हैं कि किसी आस्ति की रखाव राशि की वसूली संदिग्ध है तो ऐसी स्थिति में अचल आस्तियों की अपसामान्यता हेतु समीक्षा की जाती है। धारित और प्रयोग की जाने वाली आस्तियों की वसूली हो पाएगी या नहीं इसे मापने के लिए आस्ति की रखाव राशि की तुलना आस्ति द्वारा अपेक्षित भविष्यगत निवल बट्टाकृत नकदी प्रवाह से तुलना करके ज्ञात की जाती है। यदि ऐसी आस्तियों को अपसामान्यता के योग्य पाया जाता है तो अपसामान्यता का माप-समावेश उस अधिक राशि के आधार पर किया जाता है जो आस्ति की रखाव राशि और उसके उचित मूल्य के बीच का अंतर होता है।

10. विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का प्रभाव:

10.1 विदेशी मुद्रा लेन-देन

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को लेन-देन की तिथि को सूचित मुद्रा एवं विदेशी मुद्रा के बीच विनिमय दर की विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में प्रारंभिक निर्धारण पर दर्ज किया गया है।

ii. विदेशी मुद्रा मौद्रिक मदों की सूचना भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (एफईडीएआई) द्वारा अधिसूचित अंतिम (स्पॉट/ वायदा) दरों का प्रयोग करके दी गई है।

iii. विदेशी मुद्रा गैर मौद्रिक मदों, जो अवधिगत लागत के आधार पर ली गई हैं, की सूचना लेन-देन की तिथि को प्रचलित मुद्रा विनिमय दरों का प्रयोग करके दी गई है।

iv. विदेशी मुद्रा में मूल्यांकित आकस्मिक देयताओं की सूचना एफईडीएआई की अंतिम तत्काल दर का प्रयोग करके दी गई है।

v. व्यवसाय के लिए रखी गई बकाया तत्काल विदेशी मुद्रा विनिमय तथा वायदा संविदाओं को इनकी निर्धारित परिपक्वता के लिए एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय दरों पर पुनर्मूल्यांकित किया गया है और परिणामी लाभ या हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

vi. विदेशी मुद्रा वायदा संविदाओं, जो व्यवसाय के लिए अपेक्षित नहीं हैं और तुलनपत्र की तिथि को बकाया हैं, का अंतिम तत्काल दर पर पुनः मूल्यांकन किया गया है। ऐसी वायदा विनिमय संविदा के

प्रारंभ से उद्भूत प्रीमियम या बट्टे को संविदा की परिपक्वता अवधि के व्यय या आय के रूप में परिशोधित किया गया है।

vii. मौद्रिक मदों के निर्धारण से उद्भूत विनिमय अंतर राशियों को उन दरों, जो दरे आरंभ से दर्ज की गई थीं, से भिन्न दरों पर उस अवधि, जिसमें ये दरें उद्भूत हुई हैं, की आय या व्यय के रूप में निर्धारित किया गया है।

viii. मुद्रा वायदा व्यापार में विदेशी मुद्रा दरों की आरंभिक स्थिति में हुए परिवर्तनों के कारण हुए लाभ/हानि को विदेशी मुद्रा समाशोधन गृह से प्रतिदिन निर्धारित किया जाता है और इस लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है।

10.2 विदेशी परिचालन:

बैंक की विदेश स्थित शाखाओं और समुद्रपारीय बैंकिंग इकाइयों (ओ बी यू) को असमाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है और प्रतिनिधि कार्यालयों को समाकलित परिचालनों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

क. असमाकलित परिचालन:

i. असमाकलित विदेशी परिचालनों की दोनों मौद्रिक और गैर-मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों एवं देयताओं तथा आकस्मिक देयताओं को तुलनपत्र तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है।

ii. असमाकलित विदेशी परिचालनों की आय एवं व्यय को तिमाही की औसत एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम दर पर परिवर्तित किया गया है।

iii. निवेश का निपटान होने तक असमाकलित विदेशी परिचालनों से उद्भूत विनिमय अंतर-राशियों का संचयन विदेशी मुद्रा रूपांतरण आरक्षिति में किया गया है ।

iv. विदेशी कार्यालयों की आस्तियां और देयताएं (विदेश स्थित कार्यालयों की स्थानीय मुद्रा के अलावा) को तुलनपत्र की तिथि लागू स्पॉट दर का प्रयोग करते हुए स्थानीय मुद्रा में परिवर्तित किया गया है।

ख. समाकलन परिचालन:

i. विदेशी मुद्रा लेन-देन को लेन-देन की तिथि की सूचित मुद्रा और विदेशी मुद्रा में विनिमय दर पर विदेशी मुद्रा राशि के प्रयोग द्वारा सूचित मुद्रा में आरंभिक अभिज्ञान पर दर्ज किया गया है।

ii. समाकलित विदेशी परिचालनों की मौद्रिक विदेशी मुद्रा आस्तियों और देयताओं को तुलनपत्र की तिथि को एफईडीएआई द्वारा अधिसूचित अंतिम विनिमय दरों पर रूपांतरित किया गया है और परिणामी लाभ/हानि को लाभ और हानि खाते में शामिल किया गया है। आकस्मिक देयताएं स्पॉट दर पर रूपांतरित की गई हैं।

iii. अवधिगत लागत के अनुरूप अग्रनीत विदेशी मुद्रा गैर-मौद्रिक मदों की सूचना लेनदेन की तिथि को प्रचलित विनिमय दर का प्रयोग करके दी गई है।

11. कर्मचारी हितलाभ:

11.1 अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ:

अल्पावधि कर्मचारी हितलाभ यथा चिकित्सा हितलाभ, जिसको कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा के विनिमय में प्रदान किया जाना अपेक्षित है, कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा अवधि के दौरान शामिल किया गया है।

11.2 दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ:

i. नियत हितलाभ योजना

क. एसबीआई एक भविष्य निधि योजना का परिचालन करता है। भविष्य निधि योजना के अंतर्गत सभी पात्र कर्मचारी यह हितलाभ प्राप्त करने के हकदार हैं। एसबीआई निर्धारित दर पर (वर्तमान समय में कर्मचारियों के मूल वेतन एवं पात्र-भत्ते का 10%) मासिक अंशदान करता है। इन अंशदान को, इस उद्देश्य के लिए स्थापित न्यास को प्रेषित कर दिया जाता है तथा इसे लाभ और हानि खाते में प्रभारित किया जाता है। बैंक इस प्रकार के वार्षिक अंशदानों और उस पर ब्याज को संबंधित वर्ष के संदर्भ में व्यय मानता है। यदि कोई कमी हो तो बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उसका प्रावधान किया जाता है।

एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड नियत कर्मचारी हित लाभ योजना भविष्य निधि में अंशदान करता है। भविष्य निधि का प्रबंधन एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कर्मचारी पीएफ ट्रस्ट के द्वारा किया जाता है। अवधि के दौरान दिए गए या देय अंशदान लाभ और हानि खाते में दिखाया जाता है जिसके लिए कर्मचारी ने संबंधित सेवा ली है। साथ ही स्वतंत्र बीमांकिक के द्वारा प्रति वर्ष बीमांकिक मूल्यांकन किया जाता है और सांविधिक दर से देयता की तुलना में अंशदान के लिए देय ब्याज की कमियों की पहचान (यदि कोई हो) करता है।

ख. समूह अलग से ग्रेच्युटी योजना परिचालित करता है जिसके नियत हितलाभ हैं। समूह सभी पात्र कर्मचारियों को ग्रेच्युटी प्रदान करता है। यह हितलाभ कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति या नौकरी के दौरान मृत्यु हो जाने या नौकरी की समाप्ति पर एकमुश्त राशि के भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है। यह राशि बैंक की सेवा के प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए देय 15 दिनों के मूलवेतन के समतुल्य राशि होती है, जो सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित उच्चतम सीमा के अधीन रहती है। यह हितलाभ सेवा के पांच वर्ष पूरे होने पर ही प्राप्त होता है। बैंक इस राशि का आवधिक अंशदान, वार्षिक स्वतंत्र बाह्य बीमांकिक मूल्यन के आधार पर न्यासियों द्वारा नियंत्रित निधि में करता है।

ग. एसबीआई सभी पात्र कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करता है। यह हितलाभ नियमानुसार मासिक भुगतान के रूप में प्रदान किया जाता है और यह भुगतान कर्मचारियों को नियमानुसार उनकी सेवानिवृत्ति, नौकरी के दौरान मृत्यु होने या नौकरी की समाप्ति पर किया जाता है। निहितीकरण नियमों के अनुसार विभिन्न चरणों में सम्पन्न होता है। बैंक एसबीआई पेंशन फंड नियमों के अनुसार पेंशन निधि में वेतन के 10% का मासिक अंशदान करता है। पेंशन-देयता की गणना वार्षिक स्वतंत्र बीमांकिक मूल्यन के आधार पर की जाती है और बैंक आवश्यक होने पर पेंशन विनियम के अंतर्गत हितलाभों के भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए इस निधि में अतिरिक्त अंशदान आवधिक आधार पर करता है।

घ. नियत हितलाभ-प्रावधान-लागत को प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि पर अग्रनीत बीमांकिक मूल्यन के आधार पर अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से निर्धारित किया जाता है। बीमांकिक लाभ/हानि को लाभ और हानि में तुरन्त शामिल कर दिया जाता है और उन्हें स्थगित नहीं किया जाता है।

ii. नियत अंशदान योजनाएँ:

बैंक ने 01 अगस्त 2010 को या उसके बाद बैंक में नियुक्त अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए एक नई पेंशन योजना लागू की है, जो एक नियत अंशदान योजना है और नए कर्मचारी बैंक की वर्तमान पेंशन योजना के सदस्य बनने के पात्र नहीं हैं। इस योजना के तहत आने वाले कर्मचारी, अपने मूल वेतन एवं महंगाई भत्ते की 10% राशि को अंशदान के रूप में जमा करेंगे और इतनी ही राशि बैंक अपनी ओर से देगा। संबंधित कर्मचारी की पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने तक इन अंशदानों को बैंक में जमा रखा जाएगा एवं इस जमा पर किसी चालू भविष्य निधि खाते के समकक्ष ब्याज दिया जाएगा। बैंक इन अंशदानों एवं इन पर दिए जाने वाले ब्याज को सम्बन्धित वर्ष के खर्च के रूप में परिगणित करता है। स्थायी सेवानिवृति खाता संख्या की प्राप्ति पर समेकित अंशदान राशि को एनपीएस न्यास में अंतरित कर दिया जाता है।

iii. कर्मचारियों के अन्य दीर्घावधि हितलाभ:

क) बैंक का प्रत्येक कर्मचारी प्रतिपूरित अनुपस्थिति, रजत जयंती सम्मान और अवकाश यात्रा - रियायत, सेवानिवृत्ति लाभ और पुनर्वासन भत्ते का पात्र होता है। इस प्रकार के दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ की लागत के लिए निधि बैंक द्वारा आंतरिक स्रोत से उपलब्ध कराई जाती है।

अन्य दीर्घावधि हितलाभ के प्रावधान की लागत का निर्धारण प्रत्येक तुलनपत्र की तिथि को बीमांकिक मूल्यन की अनुमानित यूनिट ऋण पद्धति के प्रयोग से किया जाता है। पूर्ववर्ती सेवा लागत को लाभ और हानि में तुरन्त शामिल कर दिया जाता है और उन्हें स्थगित नहीं किया जाता है।

113 विदेश स्थित कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के कर्मचारी हितों को सम्बन्धित देशों के स्थानीय कानूनों / विनियमों के अनुसार मूल्यांकित एवं लेखांकित किया जाता है।

12. सेगमेंट रिपोर्टिंग

यह समूह भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी लेखा मानक 17 के अनुपालन में व्यवसाय खंड को प्राथमिक रिपोर्टिंग खंड और भौगोलिक खंड के रूप में मान्यता देता है ।

13. आय पर कर:

समूह द्वारा भुगतान की गई वर्तमान कर, आस्थगित कर तथा अनुषंगी लाभ कर प्रभार की कुल राशि आय कर व्यय होता है। चालू वर्ष के कर तथा आस्थगित कर का निर्धारण आयकर अधिनियम 1961 तथा लेखा मानक 22, जो "आय पर कर लेखा" से संबंधित है, ऐसा करते समय विदेश स्थित कार्यालयों द्वारा संबंधित देशों के कर नियमों के अनुसार भुगतान किए गए कर को भी शामिल किया जाता है। आस्थगित कर समायोजनों में वर्ष के दौरान आस्थगित कर आस्तियों या देयताओं में हुए परिवर्तन भी समाविष्ट हैं। आस्थगित कर - आस्तियों और देयताओं का आकलन वर्तमान वर्ष की कर योग्य आय और लेखा आय तथा अग्रनीत हानि के बीच के अवधिगत अंतर के प्रभाव पर विचार करते हुए किया गया है।

आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं को कर दरों और कर नियमों द्वारा आंका जाता है जो तुलन-पत्र की तिथि को लागू है। आस्थगित कर आस्तियों और देयताओं में हुए परिवर्तन का प्रभाव लाभ और हानि खाते में प्रकट किया जाता है। आस्थगित कर आस्तियों का अभिज्ञान प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर प्रबंध-मंडल के विवेक के आधार पर किया जाता है कि क्या उनकी वसूली होने की संभावना है/ होना निश्चित है। आस्थगित कर आस्तियों को अनवशोषित मूल्यह्रास और कर घाटा के रूप में कैरी फॉरवर्ड तभी किया जाए जब यह निश्चित रूप से प्रमाण द्वारा समर्थित हो कि इस तरह की आस्थगित कर संपत्ति को भविष्य के लाभ के रूप में वसूल किया जा सकता है।

समेकित वित्तीय विवरण में आय कर पर खर्च मुख्य एवं अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों द्वारा कर पर खर्च का लागू विनियमों के अनुरूप कुल योग है।

14. प्रति शेयर आय:

14.1 बैंक आईसीएआई द्वारा जारी लेखा मानक - 20 ठप्रति शेयर आयड के अनुसार प्रति शेयर मूल और कम हुई आय रिपोर्ट करता है। प्रति शेयर मूल आय की गणना इक्विटी शेयरधारकों का प्राप्य उस वर्ष के करोपरांत निवल लाभ को उस वर्ष के लिए शेष इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से विभाजित करके की जाती है।

14.2 कम की हुई प्रति शेयर आय यह प्रदर्शित करती है कि यदि प्रतिभूतियों अथवा अन्य संविदाओं को वर्ष के दौरान जारी करने या संपरिवर्तित करने का विकल्प लिया गया तो शेयर मूल्यों में कितनी कमी आएगी। कम की हुई प्रति शेयर आय की गणना इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या और कम संभावना वाले इक्विटी शेयरों के बीच तुलना करके की जाती है।

15. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां:

15.1 भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के लेखा मानक 29 के अनुसार जारी "प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियाँ" में बैंक पिछले परिणाम से उद्भूत वर्तमान दायित्व होने पर ही प्रावधान शामिल करता है, संसाधनों के संभावित बहिर्गमन के परिणामस्वरूप दायित्व के निपटान आर्थिक लाभ को समाविष्ट कर, इस दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन कर किया जा सकता है।

15.2 निम्नलिखित के लिए किसी प्रावधान का समावेश नहीं किया गया है

i. पिछले परिणाम से उद्भूत किसी सम्भावित दायित्व के लिए और बैंक के नियंत्रण से बाहर होने वाले एक या अधिक अनिश्चित भावी परिणामों की प्राप्ति या अप्राप्ति से जिसकी पुष्टि की जा सकेगी, अथवा

ii. किसी वर्तमान दायित्व के लिए, जो पिछले परिणामों से उद्भूत है, किन्तु उसे अभिज्ञान में नहीं लिया गया है, क्योंकि :-

क. यह संभव नहीं है कि दायित्व के निर्धारण में आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों का बहिर्गमन आवश्यक होगा, अथवा

ख. दायित्व राशि का विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता.

ऐसे दायित्वों को आकस्मिक देयताओं के रूप में दर्ज किया गया है।

इन दायित्वों का नियमित अंतरालों पर मूल्यांकन किया जाता है और ऐसे दायित्व के केवल उस अंश का, जिसके आर्थिक लाभों को समाविष्ट करने वाले संसाधनों के बहिर्गमन की संभावना है, नितान्त दुर्लभ परिस्थितियों, जिनमें कोई विश्वस्त प्राक्कलन नहीं किया जा सकता, के अलावा प्रावधान किया गया है।

15.3 एसबीआई के डेबिट कार्डधारकों को दिए जाने वाले रिवार्ड प्वाइंट्स के लिए प्रावधान बीमांकिक के आकलन के अनुसार किया जा रहा है।

15.4 आकस्मिक आस्तियों को वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।

16. सर्राफा लेनदेन:

एसबीआई अपने ग्राहकों को बेचने के लिए परेषण आधार पर बहुमूल्य धातु बारों समेत सर्राफा का आयात करता है। ये आयात सामान्यता दुतरफा आधार पर होते हैं और ग्राहकों के लिए इनकी कीमत आपूर्तिकर्ता के द्वारा मांगी गई कीमत के आधार पर तय होती है। एसबीआई इस तरह के सर्राफा लेनदेन पर कुछ फीस के रूप में आय प्राप्त करता है। इस फीस की गणना कमीशन आय के अंतर्गत होती है। एसबीआई सोना जमा करने के लिए लेता है और इस पर उधार भी देता है, जिसे जमा / अग्रिम (जो भी हो) माना जाता है। इसमें भुगतान किए गए / प्राप्त ब्याज को ब्याज व्यय / आय के रूप में श्रेणीबद्ध किया जाता है। स्वर्ण जमा, धातु ऋण अग्रिम तथा अंतिम स्वर्ण शेष को तुलन-पत्र की तिथि पर उपलब्ध बाजार दर पर मूल्य निर्धारित किया जाता है।

17. विशेष आरक्षित निधि:

राजस्व एवं अन्य निधियों में आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36 (i) (viii) के अंतर्गत सृजित विशेष आरक्षित निधि भी शामिल है। निदेशक मंडल ने एक संकल्प पारित कर इस आरक्षित निधि के सृजन के लिए अनुमोदन किया है और यह भी पुष्टि की है कि उसका इस विशेष आरक्षित निधि से आहरण करने की कोई मंशा नहीं है।

18. शेयर जारी करने पर व्यय:

शेयर जारी करने के व्यय शेयर प्रीमियम खाते में खर्च के रूप में दिखाए गए हैं।

19. नकद और नकद समकक्ष

नकदी जमा राशि में भारतीय रिजर्व बैंक में जमाराशियां और मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशियां शामिल हैं।

अनुसूची 18

लेखा-टिप्पणियां

1. उन अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों/सहयोगियों की सूची जिन्हें शामिल करके समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं:

1.1 28 अनुषंगियों, 8 संयुक्त उद्यम और 18 एसोसिएट्स 15 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित जो वर्ष के दौरान विलय /एक्जिट की संबंधित तिथियों तक/ से (जो भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य संस्था के साथ-साथ समूह का गठन) समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में शामिल किया गया है, वे हैं

क. अनुषंगियां :

क्र. सं.	अनुषंगी का नाम	समूह की हिस्सेदारी (%)		
		निगमन-देश	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1)	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि.	भारत	100.00	100.00
2)	एसबीआई कैप सिक्युरिटीज लि.	भारत	100.00	100.00
3)	एसबीआई कैप ट्रस्टी कंपनी लि.	भारत	100.00	100.00
4)	एसबीआई कैप वेंचर्स लि.	भारत	100.00	100.00
5)	एसबीआई कैप (सिंगापुर) लिमिटेड	सिंगापुर	100.00	100.00
6)	एसबीआई कैप (यूके) लि.	यूके	100.00	100.00
7)	एसबीआई डीएचएफआई लि.	भारत	72.17	72.17
8)	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि.	भारत	86.18	86.18
9)	एसबीआई इंफ्रा मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्रा. लि.	भारत	100.00	100.00
10)	एसबीआई म्यूचुअल फंड ट्रस्टी कंपनी प्राइवेट लि.	भारत	100.00	100.00
11)	एसबीआई पेमेंट सर्विसज प्रा.लि. @	भारत	74.00	74.00
12)	एसबीआई पेंशन फंड प्राइवेट लि.	भारत	92.60	92.60
13)	एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लि.	भारत	57.60	62.10
14)	एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड @	भारत	70.00	70.00
15)	एसबीआई कार्ड्स और पेमेंट सर्विसेज प्रा. लिमिटेड @	भारत	69.51	74.00
16)	एसबीआई-एसजी ग्लोबल सिक्योरिटीज सर्वि. प्रा.लि.@	भारत	65.00	65.00
17)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट प्रा. लि.@	भारत	63.00	63.00
18)	एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट (इंटरनेशनल) प्राइवेट लिमिटेड @	मॉरीशस	63.00	63.00

क्र. सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन-देश	समूह की हिस्सेदारी (%) वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
19)	कमर्शियल इंडो बैंक एलआईसी, मास्को @	रूस	60.00	60.00
20)	बैंक एसबीआई बोत्सवाना लि.	बोत्सवाना	100.00	100.00
21)	एसबीआई कनाडा बैंक	कनाडा	100.00	100.00
22)	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया)	अमेरिका	100.00	100.00
23)	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (यूके) लिमिटेड	यूके	100.00	100.00
24)	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सर्विकोस लिमिटाडा	ब्राजील	100.00	100.00
25)	एसबीआई (मॉरीशस) लिमिटेड	मॉरीशस	96.60	96.60
26)	पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	इंडोनेशिया	99.00	99.00
27)	नेपाल एसबीआई बैंक लि.	नेपाल	55.00	55.00
28)	नेपाल एसबीआई मर्चेंट बैंकिंग लिमिटेड	नेपाल	55.00	55.00

@ उन कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है जो शेयरधारकों के समझौते के संदर्भ में संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाएं हैं। हालाँकि, इन्हें एएस 21 ठसमेकित वित्तीय विवरणड के अनुसार सहायक कंपनियों के रूप में समेकित किया गया है क्योंकि इन कंपनियों में एसबीआई की हिस्सेदारी 50% से अधिक है।

पिछले साल एसबीआई बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (सब्सिडियरी) को भी शामिल किया गया था । इसे एसबीआई कार्ड्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड के साथ 1 अप्रैल, 2018 से मिलाया गया था। कृपया नोट नंबर 1.1 का उल्लेख करें। (क) नीचे

ख. संयुक्त उद्यम :

क्र. सं.	संयुक्त उद्यम का नाम	निगमन-देश	समूह का हिस्सा (%) वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1)	सी - ऐज टेक्नोलॉजीस लि.	भारत	49.00	49.00
2)	एसबीआई मैक्वेरी इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्राइवेट लि.	भारत	45.00	45.00
3)	एसबीआई मैक्वेरी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा. लि.	भारत	45.00	45.00
4)	मैक्वेरी एसबीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट पीटीई. लिमिटेड	सिंगापुर	45.00	45.00
5)	मैक्वेरी एसबीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी लिमिटेड	बेरमुडा	45.00	45.00
6)	ओमान इंडिया ज्वाइंट इनवेस्टमेंट फंड मैनेजमेंट कंपनी प्रा. लिमिटेड	भारत	50.00	50.00
7)	ओमान इंडिया ज्वाइंट इनवेस्टमेंट फंड - ट्रस्टी कंपनी प्रा. लिमिटेड	भारत	50.00	50.00
8)	जियो पेमेंट्स बैंक लि.	भारत	30.00	30.00

ग. सहयोगी:

क्र. सं.	संयुक्त उद्यम का नाम	निगमन-देश	समूह का हिस्सा (%) वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
1)	आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	भारत	35.00	35.00
2)	अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
3)	छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
4)	इलाकाई देहाती बैंक	भारत	35.00	35.00
5)	मध्यांचल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
6)	मेघालय ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
7)	मिजोरम ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
8)	नागालैंड ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
9)	पूर्वांचल बैंक	भारत	35.00	35.00
10)	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
11)	उत्कल ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00

क्र. सं.	संयुक्त उद्यम का नाम	समूह का हिस्सा (%)		
		निगमन-देश	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
12)	उत्तराखंड ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
13)	झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
14)	राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
15)	तेलंगाना ग्रामीण बैंक	भारत	35.00	35.00
16)	दि क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि.	भारत	20.05	20.05
17)	यस बैंक लिमिटेड (14 मार्च 2020 से)	भारत	48.21	-
18)	बैंक ऑफ भूटान लि.	भूटान	20.00	20.00

- पिछले वर्ष कावेरी ग्रामीण बैंक, लंगपी देहांगी ग्रामीण बैंक और मालवा ग्रामीण बैंक (31 दिसंबर, 2018 तक) को भी शामिल किया गया था। इन्हें अब आरआरबी में मर्ज कर दिया गया है जो एसबीआई द्वारा प्रायोजित नहीं हैं।

कृपया नीचे नोट नंबर 1.1 (f) देखें जिसमें एसबीआई द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय से संबंधित विवरण है।

क) एनसीएलटी के 04 जून, 2019 के आदेश के अनुसार एसबीआई बिजनेस प्रोसेस मैनेजमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एक अनुषंगी) को एसबीआई कार्ड और पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एक सहायक) के साथ 01 अप्रैल, 2018 से विलय किया हैतक जीवित इकाई के साथ मिलाया गया है और बाद में यही उत्तरजीवी ईकाई रहेगी।

दिनांक 20.08.2020 से एसबीआई कार्ड और पेमेंट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का नाम बदलकर एसबीआई काड्र्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड कर दिया गया है।

मार्च 2020 के महीने में एसबीआई ने सार्वजनिक ऑफर के जरिए एसबीआई काड्र्स और पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड में अपनी 4.00% हिस्सेदारी बेची थी। इसी पब्लिक ऑफर में एसबीआई काड्र्स एंड पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड के 10-10 के फेस वैल्यू के 6,622,516 इक्विटी शेयरों का नया इश्यू आया।

नतीजतन एसबीआई काड्र्स और पेमेंट सर्विसेज लिमिटेड में एसबीआई ग्रुप की हिस्सेदारी 74.00% से घटकर 69.51% रह गई है।

ख) जून 2019 के महीने के दौरान एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड। (एक सहायक कंपनी) ने एसबीआईकैप (यूके) लिमिटेड (एक स्टेप डाउन सब्सिडियरी) में जीबीपी 2 लाख रुपये के बराबर 1.77 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी का संचार किया है।

अगस्त 2019 के महीने के दौरान, एसबीआईकैप (यूके) लिमिटेड के बोर्ड ने एसबीआईकैप (यूके) लिमिटेड के संचालन को समाप्त करने और यूके में वित्तीय आचरण प्राधिकरण (एफसीए) को अपना लाइसेंस सरेंडर करने को मंजूरी दे दी। एसबीआईकैप (यूके) का परिचालन 30.11.2019 को बंद हुआ था। मार्च 2020 के महीने में एसबीआईकैप (यूके) ने अपनी पूंजी और भंडार में शेष राशि को एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड को वापस भेज दिया है।

ग) अगस्त 2019 के महीने के दौरान एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड (एक सहायक कंपनी) ने एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड (एक स्टेप डाउन सब्सिडियरी) में 10.40 करोड़ रुपये की शेयर पूंजी का संचार किया है। एसबीआईकैप वेंचर्स लिमिटेड में एसबीआई ग्रुप की हिस्सेदारी जस की तस बनी हुई है।

घ) सितंबर 2019 के महीने में एसबीआई ने एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एक अनुषंगी) में अपनी 4.50% हिस्सेदारी बेची। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में एसबीआई ग्रुप की हिस्सेदारी 62.10% से घटकर 57.60% रह गई है।

ङ) दिसंबर 2019 के महीने में नेपाल एसबीआई बैंक लिमिटेड ने एसबीआई को 27,88,253 बोनस शेयर जारी किए हैं, जो 27.88 करोड़ हैं और। 17.47 करोड़ रुपये के बराबर है। नेपाल एसबीआई बैंक लिमिटेड में एसबीआई ग्रुप की हिस्सेदारी जस की तस बनी हुई है।

च) वर्ष के दौरान, एसबीआई ने प्रायोजित निम्नलिखित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) में अतिरिक्त पूंजी का संचार किया है

छ) फरवरी 2019 में एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि (एक सहायक) ने एसबीआई कैप वेंचर्स लिमिटेड (एक सहायक कंपनी) में ₹10.70 करोड़ लगाए। एसबीआई कैप वेंचर्स लिमिटेड में एसबीआई समूह की हिस्सेदारी समान है।

(₹करोड़ में)

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	राशि
उत्कल ग्रामीण बैंक	143.78
इलाकाई देहाती बैंक	5.48
राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक	8.91
नागालैंड ग्रामीण बैंक	0.48
योग	**158.65**

एसबीआई समूह का उक्त इस पूंजी निवेश के बाद भी वही है।

ज. भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निम्नलिखित एसबीआई प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) तथा अन्य बैंकों द्वारा प्रायोजित आरआरबी का समामेलन हुआ।

आरआरबी के समामेलन का ब्योरा, जहां ट्रांसफर किए गए आरआरबी को एसबीआई द्वारा प्रायोजित नहीं किया गया है, नीचे दिए गए हैं: -

	ट्रांसफर करने वाले आरआरबी का नाम	ट्रांसफर करने वाले आरआरबी का प्रायोजक बैंक	समामेलन के बाद आरआरबी का नया नाम	ट्रांसफरी आरआरबी के प्रायोजक बैंक का नाम	समामेलन की प्रभावी तिथि
1.	प्रगति कृष्ण ग्रामीण बैंक	केनरा बैंक	कर्नाटक ग्रामीण बैंक	केनरा बैंक	1 अप्रैल 2019
	कावेरी ग्रामीण बैंक	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया			
2.	असम ग्रामीण विकास बैंक	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	असम ग्रामीण विकास बैंक	यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	1 अप्रैल 2019
	लांगपी देहांगी ग्रामीण बैंक	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया			
3.	बड़ोदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक	बैंक ऑफ बड़ोदा			
	काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	बड़ौदा यूपी बैंक	बैंक ऑफ बड़ोदा	1 अप्रैल 2020
	पूर्वांचल बैंक	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया			

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के पत्र 06 फरवरी, 2019 और 14 फरवरी, 2019 के आधार पर प्रायोजक बैंकों की हिस्सेदारी का हस्तांतरण शेयरों के अंकित मूल्य पर हुआ है और 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान 207.93 करोड़ रुपये के नुकसान को ञ्अन्य आयट शीर्ष के तहत समेकित वित्तीय विवरणों में दिया गया है।

ii) आरआरबी के समामेलन का विवरण, जहां ट्रांसफरी आरआरबी एसबीआई द्वारा प्रायोजित है, निम्नलिखित हैं:-

	ट्रांसफर करने वाली आरआरबी का नाम	ट्रांसफर करने वाले आरआरबी का प्रायोजक बैंक	समामेलन के बाद आरआरबी का नया नाम	ट्रांसफरी आरआरबी के प्रायोजक बैंक का नाम	समामेलन की प्रभावी तिथि
1.	झारखंड ग्रामीण बैंक	बैंक ऑफ इंडिया	झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक	एसबीआई	01.04.2019
	वनांचल ग्रामीण बैंक	एसबीआई			

झ.) वर्ष 2020 के मार्च माह में भारत सरकार द्वारा अधिसूचित पुनर्निर्माण योजना के अनुसार एसबीआई ने यस बैंक लिमिटेड में 6,050 करोड़ रुपये का निवेश किया है। एसबीआई ग्रुप की हिस्सेदारी 48.21% है।

यस बैंक लिमिटेड एसबीआई समूह का सहयोगी बन गया है। 14 मार्च, 2020 और एएस-23 ठसमेकित वित्तीय विवरणों में एसोसिएट्स में निवेश के लिए लेखांकनड के अनुसार इक्विटी विधि का उपयोग करके समेकित किया गया है। एसस 23 के अनुसार, यस बैंक लिमिटेड में हिस्सेदारी अधिग्रहण के बाद कैपिटल रिजर्व प्रापधान 1947.53 करोड़ का किया गया है।

ञ) एसबीआई होम फाइनैंस लिमिटेड एसबीआई की एक सहायक कंपनी है जिसमें एसबीआई की हिस्सेदारी 25.05% है वह लिक्वीडेशन के अधीन है और इसलिए, लेखा परीक्षा मानक 21 के अनुसार समेकित वित्तीय विवरण की तैयारी में समेकन के लिए शामिल नहीं किया जा रहा है।

ट) चूंकि एसबीआई फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी कंपनी है (कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 7 (2) के तहत शामिल), उस पर लेखांकन मानक 21 के अनुसार समेकित वित्तीय विवरणों की तैयारी में समेकन के लिए विचार नहीं किया जा रहा है।

1.2 समूह के वित्तीय वर्ष 2019-20 के समेकित वित्तीय विवरणों में एक अनुषंगी (एसबीआई कनाडा बैंक) और तीन सहयोगियों (बैंक ऑफ भूटान लिमिटेड और दो क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) के अलेखापरीक्षित वित्तीय विवरण शामिल हैं, जिनके परिणाम महत्वपूर्ण नहीं हैं।

2. शेयर पूंजी:

शेयर जारी करने के व्यय के संबंध में ₹ निरक (पिछले वर्ष: ₹ 9.12 करोड़) शेयर प्रीमियम खाते में डेबिट किए गए।

3. लेखा मानकों के अनुसार प्रकटीकरण

3.1 लेखांकन मानक 5 - अवधि के लिए शुद्ध लाभ अथवा हानि, पूर्व अवधि मद और लेखांकन में परिवर्तन ।

- वर्ष के दौरान, मैटिरियल पूर्व अवधि के आय/व्यय के कोई मद नहीं थे
- सहयोगियों में निवेश के संबंध में पिछले वित्त वर्ष 2018-19 में अपनाए गए वर्ष की तुलना में 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के दौरान अपनाई गई महत्वपूर्ण लेखा नीतियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। इस बदलाव का 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के वित्तीय परिणामों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

3.2 लेखा मानक- 15 "कर्मचारी हितलाभ":

3.2.1 नियत हितलाभ योजनाएं

3.2.1.1 पेंशन योजना एवं ग्रेच्युटी योजना

नीचे दी गई तालिका लेखा मानक 15 (संशोधित 2005) के अनुसार नियत हितलाभ पेंशन योजना तथा ग्रेच्युटी की स्थिति को स्पष्ट करती है:-

(₹ करोड़ में)

विवरण	पेंशन योजना		ग्रेच्युटी योजना	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
नियत हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन				
1 अप्रैल 2019 को आरंभिक नियत हितलाभ दायित्व	95,362.15	87,786.56	12,378.30	13,025.81
वर्तमान सेवा लागत	953.34	1,060.57	471.10	430.32
ब्याज लागत	7,428.71	6,812.24	960.76	1,012.43
विगत सेवा लागत (निहित लाभ)	-	-	-	-
बीमांकिक हानि / (लाभ)	13,619.61	6,434.95	1,247.21	(89.76)
प्रदत्त लाभ	(3,914.34)	(3,966.53)	(1,967.24)	(2,000.50)
एसबीआई द्वारा प्रत्यक्ष भुगतान	(3,619.10)	(2,765.64)	-	-
31 मार्च 2020 को अंतिम नियत हितलाभ दायित्व	1,09,830.37	95,362.15	13,090.13	12,378.30
योजना आस्तियों में परिवर्तन				
1 अप्रैल 2019 को योजना आस्तियों का आरंभिक उचित मूल्य	90,399.61	85,249.60	10,493.46	9,263.16
योजनागत आस्तियों पर संभावित लाभ	7,015.01	6,615.37	815.36	721.37
नियोक्ता द्वारा अंशदान	2,407.68	2,391.18	1,183.65	2,404.93
कर्मचारियों द्वारा अपेक्षित अंशदान	0.28	0.34	-	-
प्रदत्त हितलाभ	(3,914.34)	(3,966.53)	(1,967.24)	(2,000.50)
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ/(हानि)	1,550.28	109.65	249.87	104.50
31 मार्च 2020 को योजना आस्तियों के उचित मूल्य का इतिशेष	97,458.52	90,399.61	10,775.10	10,493.46
दायित्व के वर्तमान मूल्य तथा योजना आस्तियों के उचित मूल्य का समाधान				
31 मार्च 2020 को निधिक दायित्व का वर्तमान मूल्य	1,09,830.37	95,362.15	13,090.13	12,378.30
31 मार्च 2020 को योजना आस्तियों का उचित मूल्य	97,458.52	90,399.61	10,775.10	10,493.46
कमी/(अधिशेष)	12,371.85	4,962.54	2,315.03	1,884.84
लेखे में नहीं ली गई विगत सेवा लागत (निहित) समापन शेष	-	-	-	-
गैर-मान्यता प्राप्त संक्रमणकालीन देयता समापन शेष	-	-	-	-
शुद्ध देयता / (परिसंपत्ति)	12,371.85	4,962.54	2,315.03	1,884.84
बैलेंस शीट में मान्यता प्राप्त राशि				
देयताएं	1,09,830.37	95,362.15	13,090.13	12,378.30
संपत्ति	97,458.52	90,399.61	10,775.10	10,493.46
बैलेंस शीट में मान्यता प्राप्त नेट लायबिलिटी / (एसेट)	12,371.85	4,962.54	2,315.03	1,884.84
गैर-मान्यता प्राप्त विगत सेवा लागत (निहित) समापन शेष	-	-	-	-
गैर-मान्यता प्राप्त संक्रमणकालीन देयता समापन शेष	-	-	-	-
शुद्ध देयता / (परिसंपत्ति)	12,371.85	4,962.54	2,315.03	1,884.84
शुद्ध लागत लाभ और हानि खाते में मान्यता प्राप्त है				
वर्तमान सेवा लागत	953.34	1,060.57	471.10	430.32
ब्याज लागत	7,428.71	6,812.24	960.76	1,012.43
योजनागत संपत्ति पर संभावित लाभ	(7,015.01)	(6,615.37)	(815.36)	(721.37)
कर्मचारियों द्वारा अपेक्षित योगदान	(0.28)	(0.34)	-	-
विगत सेवा लागत (परिशोधित) मान्यता प्राप्त	-	-	-	-
लेखे में लिया गया विगत सेवा लागत (निहित लाभ)	-	-	-	2,707.50
वर्ष के दौरान लेखे में शामिल शुद्ध बीमांकिक हानि /लाभ	12,069.33	6,325.30	997.34	(194.26)
अनुसूची 16 में शामिल परिभाषित लाभ योजनाओं की कुल लागत "कर्मचारियों के लिए भुगतान और प्रावधान"	13,436.09	7,582.40	1,613.84	3,234.62

विवरण	पेंशन योजना		ग्रेच्युटी योजना	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
योजनागत आस्ति पर अपेक्षित प्रतिलाभ और वास्तविक प्रतिलाभ का सामंजस्य				
योजनागत आस्ति पर अपेक्षित लाभ	7,015.01	6,615.37	815.36	721.37
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानियाँ)	1,550.28	109.65	249.87	104.50
योजना आस्ति पर वास्तविक लाभ	8,565.29	6,725.02	1,065.23	825.87
तुलन-पत्र में शामिल निवल देयता/(आस्ति) के आरंभिक अधिशेष व इतिशेष का समाधान				
1 अप्रैल 2019 की स्थिति के अनुसार निवल प्रारंभिक देयता/(आस्ति)	4,962.54	2,536.96	1,884.84	1,055.15
लाभ और हानि खाते में शामिल व्यय	13,436.09	7,582.40	1,613.84	3,234.62
बैंक द्वारा सीधे प्रदत्त	(3,619.10)	(2,765.64)	-	-
अन्य प्रावधानों को डेबिट	-	-	-	-
आरक्षित निधियों में शामिल	-	-	-	-
नियोक्ता का अंशदान	(2,407.68)	(2,391.18)	(1,183.63)	(2,404.93)
तुलन-पत्र में शामिल की गई निवल देयता/ (आस्ति)	12,371.85	4,962.54	2,315.05	1,884.84

31 मार्च, 2020 तक ग्रेच्युटी निधि और पेंशन निधि की योजना आस्तियों के अंतर्गत किए गए निवेश निम्नानुसार हैं:

आस्तियों की श्रेणी	पेंशन निधि	ग्रेच्युटी निधि
	योजना आस्तियों का%	योजना आस्तियों%
केंद्र सरकार की प्रतिभूति	23.60%	19.05%
राज्य सरकार की प्रतिभूति	36.89%	36.14%
डेट सिक्योरिटीज, मनी मार्केट सिक्योरिटीज और बैंक डिपॉजिट्स	30.68%	25.85%
म्यूचुअल फंड्स	3.36%	3.46%
बीमाकर्ता प्रबंधित फंड	2.56%	12.54%
अन्य लोग	2.91%	2.96%
योग	100.00%	100.00%

प्रमुख बीमांकिक आकलन;

Particulars	पेंशन योजनाएँ	
	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
बट्टा दर	6.83%	7.79%
योजना आस्ति पर प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर	6.83%	7.79%
वेतन बढ़ोतरी दर	5.40%	5.20%
पेंशन वृद्धि दर	0.80%	0.40%
सेवात्याग दर	2.00%	2.00%

	ग्रेच्युटी योजनाएँ	
	वर्तमान वर्ष	पिछला वर्ष
बट्टा दर	6.84%	7.77%
योजना आस्ति पर प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर	6.84%	7.77%
वेतन बढ़ोतरी दर	5.40%	5.20%
सेवात्याग दर	2.00%	2.00%

अगले वर्ष के लिए पेंशन और ग्रेच्युटी फंड में अपेक्षित योगदान क्रमशः 2,348.90 करोड़ रुपये और 1,420.97 करोड़ रुपये है।

भारतीय स्टेट बैंक के मामले में चूँकि योजनागत आस्ति को सरकारी प्रतिभूतियों के उत्पादकता कर्व के आधार पर बाजार के लिए मार्क किया गया है, अनुमानित प्राप्तियों की दर को डिस्काउंट दर में गणना की गई है।

बीमांकिक मूल्यन में प्रतिफलित भावी वेतन वृद्धि का पूर्वानुमान, मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति तथा रोजगार-बाजार में आपूर्ति और मांग की स्थिति जैसे अन्य संगत कारणों को ध्यान में रखकर किया गया है। ये अनुमान बहुत लंबी अवधि के हैं तथा सीमित विगत अनुभव/ निकट भविष्य पर आधारित नहीं हैं। अनुभवजन्य साक्ष्य भी बताते हैं कि बहुत लंबी अवधि में लगातार, उच्च वेतन वृद्धि दर संभव नहीं है, लेखा-परीक्षकों ने इन्हें स्वीकार किया है।

पेंशन फंड को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है कि कुछ धारणाओं में धीरे-धीरे उर्ध्वमुखी संशोधन किया जाए।

3.2.1.2 कर्मचारी भविष्य निधि

बैंक के भविष्य निधि न्यास में हुई ब्याज की कमी के संबंध में बीमांकिक मूल्यांकन ठशून्यड देयता दर्शाता है। अतः वित्तीय वर्ष 2019-20 में किसी भी तरह का प्रावधान नहीं किया गया है।

निम्नलिखित तालिका बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकिक द्वारा किए गए या किया गया बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार भविष्य निधि की स्थिति को दर्शाती है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	भविष्य निधि	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
नियत हितलाभ दायित्व के वर्तमान मूल्य में परिवर्तन		
1 अप्रैल 2019 को नियत हितलाभ दायित्व योजना की आरंभिक राशि	30,928.72	30,298.65
वर्तमान सेवा लागत	1,045.98	965.04
ब्याज लागत	2,495.99	2,507.55
कर्मचारी अंशदान (वीपीएफ सहित)	1,166.46	1,377.59
बीमांकिक हानि (लाभ)	220.06	-
प्रदत्त लाभ	(4,112.66)	(4,220.11)
31 मार्च 2020 को नियत हितलाभ दायित्व योजना का इतिशेष	31,744.55	30,928.72
योजना आस्तियों में परिवर्तन		
1 अप्रैल 2019 को योजना आस्तियों का आरंभिक उचित मूल्य	32,630.54	31,874.25
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	2,495.99	2,507.55
अंशदान	2,212.43	2,342.63
अन्य कंपनियों से हस्तांतरित	(467.66)	-
प्रदत्त हितलाभ	(4,112.66)	(4,220.11)
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	(109.92)	126.22
31 मार्च 2020 को योजना आस्तियों के उचित मूल्य का इतिशेष	32,648.72	32,630.54
दायित्व के वर्तमान मूल्य तथा योजना आस्तियों के उचित मूल्य का समाधान		
31 मार्च 2020 को निधिक दायित्व का वर्तमान मूल्य	31,744.55	30,928.72
31 मार्च 2020 को योजना आस्तियों का उचित मूल्य	32,648.72	32,630.54
कमी/(अधिशेष)	(904.17)	(1,701.82)
तुलन पत्र में शामिल न की गई निवल आस्ति	904.17	1,701.82

विवरण	भविष्य निधि	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
लाभ और हानि खाते में शामिल निवल लागत		
वर्तमान सेवा लागत	1,045.98	965.04
ब्याज लागत	2,495.99	2,507.55
योजना-आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	(2,495.99)	-2,507.55
ब्याज में आई कमी को वापस किया गया	-	-
अनुसूची 16 ठकर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधानड में शामिल की गई नियत लाभ योजनाओं की कुल लागत।	1,045.98	965.04
तुलन-पत्र में शामिल की गई प्रारम्भिक एवं अंतिम निवल देयता / (आस्ति) का समाधान		
1 अप्रैल 2019 को प्रारम्भिक निवल देयता	-	-
उपरोक्तानुसार व्यय	1045.98	965.04
नियोक्ता का अंशदान	(1045.98)	(965.04)
तुलन-पत्र में शामिल की गई निवल देयता /(आस्ति)	-	-

31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार भविष्य निधि की योजना आस्तियों के अंतर्गत निवेश निम्नानुसार हैं:

आस्तियों की श्रेणी	भविष्य निधि योजना आस्तियों का % % of Plan Assets
केंद्र सरकार की प्रतिभूतियाँ	34.56%
राज्य सरकार की प्रतिभूतियाँ	28.16%
ऋण प्रतिभूतियाँ, पूंजी बाजार प्रतिभूतियाँ और बैंक जमा	31.28%
म्यूचुअल फंड	2.58%
अन्य	3.42%
योग	100.00%

प्रमुख बीमांकिक आकलन

विवरण	भविष्य निधि	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
बट्टा दर	6.84%	7.77%
सुनिश्चित प्रतिलाभ	8.50%	8.55%
सेवात्याग दर	2.00%	2.00%
वेतन वृद्धि	5.40%	5.20%

i) एसबीआई कर्मचारी भविष्यनिधि के अंतर्गत देयता पर सुनिश्चित प्रतिलाभ दर लागू है, जो नीचे बताई गई दो दरों में से किसी से कम नहीं होगी:

क. पूर्ववर्ती वर्ष (पूर्ववर्ती 31 मार्च को समाप्त) में बारह माह के लिए नई सावधि जमाओं के लिए बैंक द्वारा उद्धृत औसत मानक दर (एक चौथाई प्रतिशत ऊपर या नीचे समायोजित) से आधा प्रतिशत अधिकः या

ख. तीन प्रतिशत वार्षिक, बशर्ते कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित किया जाए।

ii) एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की भविष्य निधि जिसका प्रबंध एक न्यास द्वारा किया जाता है, के नियमों में यह दिया गया है कि यदि न्यास बोर्ड इस कारण से कि निवेश पर आय कम हुई है या अन्य किसी कारण से उस दर से ब्याज अदा करने में असमर्थ हैं जो दर कर्मचारी भविष्य निधि योजना 1952 के पैरा 60 के तहत सरकार द्वारा कर्मचारी भविष्य निधि के लिए घोषित की जाती है तब कम पड़ने वाली राशि की पूर्ति इस कंपनी द्वारा की जाएगी।

3.2.2 नियत अंशदान योजना

3.2.2.1 कर्मचारी भविष्य निधि

समूह (नोट 3.2.1.2 में शामिल की गई इकाइयों को छोड़कर) द्वारा भविष्य निधि योजना के लिए ₹47.66 करोड़ (पिछले वर्ष ₹32.79 करोड़) की राशि अंशदान की गई है और उसे लाभ एवं हानि खाते में "कर्मचारी को भुगतान एवं उनके लिए प्रावधान" शीर्ष के तहत शामिल किया गया है।

3.2.2.2 नियत अंशदान पेंशन योजना

अगस्त 1, 2010 या उसके बाद एसबीआई की सेवा में आने वाले सभी श्रेणी के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए एसबीआई ने नियत अंशदान पेंशन योजना (डीसीपीएस) लागू की है। इस योजना का प्रबंध नई पेंशन योजना एनपीएस न्यास द्वारा पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में किया जाता है। एनपीएस के लिए राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड को केंद्रीय रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया है। बैंक ने वित्त वर्ष 2019-20 के दौरान ₹451.97 करोड़ का अंशदान किया (पिछले वर्ष ₹541.79 करोड़) था।

3.2.2.3 परिभाषित अंशदान योजनाओं की दिशा में निम्नलिखित राशि समूह द्वारा प्रदान की जाती है (एसबीआई को छोड़कर)

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1	पीएफ अधिनियम के तहत कर्मचारी पेंशन योजना	28.33	21.36
2	राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली	5.78	3.86
3	अन्य	8.41	9.89
योग		**42.52**	**35.11**

3.2.3 दीर्घकालिक कर्मचारी लाभ (वित्त रहित दायित्व):

3.2.3.1 संचित क्षतिपूर्ति अनुपस्थिति (अर्जित अवकाश)

निम्नलिखित तालिका में बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकिक के द्वारा बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार संचयी क्षतिपूर्ति अनुपस्थितियों (अर्जित अवकाश) की स्थितियां दर्शाई गई है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	संचित क्षतिपूर्ति अनुपस्थितियाँ (अर्जित अवकाश)	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
परिभाषित हितलाभ दायित्व की वर्तमान राशि में बदलाव		
1 अप्रैल 2019 की स्थिति के अनुसार निर्धारित प्रारंभिक हितलाभ दायित्व	6,876.64	6,248.59
Current Service Cost	288.00	261.33
ब्याज लागत	534.13	485.98
देयता में हस्तांतरित / अधिग्रहण	772.70	741.84
बीमांकिक हानियां/(लाभ)	(929.32)	(861.10)
31 मार्च 2020 की स्थिति के अनुसार इतिशेष परिभाषित निवल देयता	7,542.15	6,876.64
लाभ एवं हानि खाते में शामिल निवल लागत		
वर्तमान सेवा लागत	288.00	261.33
ब्याज लागत	534.13	485.98
बीमांकिक (लाभ)/हानियां	772.70	741.84
अनुसूची 16 -"कर्मचारियों को भुगतान एवं उनके लिए प्रावधान" में शामिल परिभाषित हितलाभ योजनाओं की कुल लागत	1,594.83	1,489.15
तुलन-पत्र में अभिनिर्धारित प्रारंभिक एवं अंतिम निवल देयता / (आस्ति) का समाधान		
1 अप्रैल 2019 की स्थिति के अनुसार प्रारंभिक निवल देयता	6,876.64	6,248.59
उपरोक्तानुसार व्यय	1,594.83	1,489.15
नियोजक का अंशदान	-	-
नियोजक द्वारा प्रदत्त प्रत्यक्ष लाभ	(929.32)	(861.10)
तुलन-पत्र में शामिल निवल देयता/(आस्ति)	7,542.15	6,876.64

प्रमुख बीमांकिक अनुमान :

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
बट्टा दर	6.84%	7.77%
वेतन वृद्धि	5.40%	5.20%
सेवात्याग दर	2.00%	2.00%

संचित प्रतिपूरक अनुपस्थितियां (अर्जित अवकाश) (उपर्युक्त तालिका में शामिल की गई इकाइयों को छोड़कर)

सेवानिवृत्ति पर किए जाने वाले अवकाश नकदीकरण सहित अर्जित अवकाश नकदीकरण के लिए समूह द्वारा ₹28.85 करोड़ का प्रावधान किया गया है (पिछले वर्ष ₹3.76 करोड़) का प्रावधान किया गया है और उसे लाभ एवं हानि खाते में कर्मचारियों को 'भुगतान एवं उसके लिए प्रावधान शीर्षट में शामिल किया गया है।

3.2.3.2 अन्य दीर्घावधि कर्मचारी हितलाभ

बैंक द्वारा दीर्घकालीन कर्मचारी हितलाभ के लिए ₹26.17 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 38.55 करोड़) की राशि का प्रावधान/(अपलेखन) किया गया तथा इसे लाभ एवं हानि लेखा में "कर्मचारियों को भुगतान एवं उनके लिए प्रावधान" शीर्ष में शामिल किया गया है।

वर्ष के दौरान विभिन्न दीर्घकालीन कर्मचारी हितलाभ के लिए किए गए प्रावधान का विवरणः

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	दीर्घकालीन कर्मचारी हितलाभ	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
1	अवकाश यात्रा एवं गृह यात्रा रियायत (नकदीकरण/उपयोग)	20.67	35.80
2	रुग्ण अवकाश	(0.26)	2.11
3	रजत जयंती / दीर्घावधि सेवा अवार्ड	7.96	12.64
4	अधिवर्षिता पर पुनर्वास व्यय	1.01	(4.15)
5	आकस्मिक अवकाश	-	-
6	सेवानिवृत्ति अवार्ड	(3.21)	(7.85)
	योग	26.17	38.55

3.1.4 उपर्युक्त सूचीबद्ध कर्मचारी हित लाभ भारत में स्थित समूह के कर्मचारियों के संबंध में है। विदेश स्थित कार्यालयों के कर्मचारियों को उक्त योजनाओं में शामिल नहीं किया गया है।

3.3 लेखा मानक - 17 'खंडवार सूचना'

3.3.1. खंड अभिनिर्धारण

ए) प्राथमिक (व्यवसाय खंड)

निम्नलिखित बैंक के प्राथमिक खंड है:-

- खजाना (ट्रेजरी)
- कॉरपोरेट/थोक बैंकिंग
- खुदरा बैंकिंग
- अन्य बैंकिंग व्यवसाय

बैंक की वर्तमान लेखा एवं सूचना प्रणाली में उपरोक्त खंडों के लिए अलग से आंकड़े संग्रहण व एक्सट्रेक्ट करने की व्यवस्था नहीं है। तथापि, वर्तमान आंतरिक, संगठनात्मक तथा प्रबंधकीय रिपोर्टिंग संरचना एवं प्राथमिक खंडों में निहित जोखिम व प्रतिलाभ के आधार पर निम्नलिखित के अनुसार उनकी गणना की गई है :-

क. **ट्रेजरी-** ट्रेजरी खंड में संपूर्ण निवेश पोर्टफोलियो और विदेशी विनिमय व डेरिवेटिव्स संविदाओं में ट्रेडिंग शामिल हैं। ट्रेजरी खंड की आय में मुख्य रूप से फीस तथा ट्रेडिंग परिचालनों से होने वाले लाभ या हानि तथा निवेश पोर्टफोलियो की ब्याज-आय शामिल होती है।

ख. **कॉरपोरेट/थोकबैंकिंग-** कारपोरेट/थोक बैंकिंग खंड में कारपोरेट लेखा समूह, वाणिज्यिक ग्राहक समूह तथा तनावग्रस्त आस्ति समाधान समूह की ऋण गतिविधियाँ शामिल हैं। इनमें कॉरपोरेट और संस्थागत ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली ऋण व लेन-देन सेवाएँ तथा विदेश स्थित कार्यालयों के गैर-कोष परिचालन भी शामिल हैं।

ग. **खुदरा बैंकिंग-** खुदरा बैंकिंग खंड में खुदरा शाखाएँ आती हैं, इन शाखाओं की गतिविधियों में संबद्ध कॉरपोरेट ग्राहकों को ऋण उपलब्ध कराने सहित वैयक्तिक बैंकिंग गतिविधियाँ शामिल हैं। इस खंड में एजेंसी व्यवसाय व एटीएम भी शामिल हैं।

घ. **बीमा व्यवसाय** - बीमा व्यवसाय खंड में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कं.लि. और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कं. लि. के परिणाम शामिल हैं।

ङ. **अन्य बैंकिंग व्यवसाय** - उपर्युक्त (क) से (घ) के अंतर्गत वर्गीकृत न किए गए खंड इस प्राथमिक खंड के अंतर्गत वर्गीकृत किए गए हैं। इस खंड में भी समूह की एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कं.लि. और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कं. लि. को छोड़कर सभी गैर-बैंकिंग अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों के परिचालन शामिल हैं।

बी. द्वितीयक (भौगोलिक खंड)

क) देशी परिचालन - भारत में परिचालित शाखाएँ/कार्यालय

ख) विदेशी परिचालन - भारत के बाहर परिचालित शाखाएँ/कार्यालय तथा भारत में परिचालन करने वाली समुद्र पारीय बैंकिंग इकाइयाँ।

ग. अंतर-खंडीय अंतरणों का मूल्य-निर्धारण

खुदरा बैंकिंग खंड मूलतः प्राथमिक संसाधन संग्रहण इकाई है। कॉरपोरेट/थोक बैंकिंग एवं ट्रेजरी खंड, खुदरा बैंकिंग खंड से ही निधियां प्राप्त करते हैं। बाजार संबद्ध निधि अंतरण मूल्यन (एमआरएफटीपी) का अनुसरण किया जाता है, इसके अंतर्गत निधीयन केंद्र (फंडिंग सेंटर) नामक एक अलग इकाई बनाई गई है। निधीयन केंद्र व्यवसाय इकाइयों द्वारा जमाओं और उधारियों के रूप में उगाही गई निधियों को कल्पित (नोशनल) रूप से खरीदता है तथा आस्ति सृजन में लगी वसाय इकाइयों को कल्पित विक्रय करता है।

घ. आय, व्यय, आस्तियों और देयताओं का आबंटन

सीधे कॉरपोरेट/थोक बैंकिंग एवं खुदरा बैंकिंग परिचालनों अथवा राजकोषीय परिचालन खंड से संबंधित कॉरपोरेट केंद्र की संस्थापनाओं में किए गए खर्च को उसी अनुसार आबंटित किया गया है। सीधे-सीधे न जुड़े हुए खर्च को प्रत्येक खंड के कर्मचारियों की संख्या/सीधे संबंध रखने वाले व्यय के अनुपात के आधार पर आंबटित किया गया है।

ऐसी आय, व्यय, सामान्य आस्तियाँ और देयताएँ होती हैं जो समग्रतः उद्यम से संबंधित होती है और जिन्हें किसी खंड में शामिल नहीं किया जा सकता, उन्हें अन-आबंटित श्रेणी में रखा गया है।

3.2.1. खंडवार सूचना

भाग क: प्राथमिक (व्यवसाय खंड)

(₹ करोड़ में)

व्यवसाय खंड	ट्रेजरी	कॉरपोरेट / थोक बैंकिंग	खुदरा बैंकिंग	बीमा व्यवसाय	अन्य बैंकिंग परिचालन	योग
आय (विशेष मदों से पूर्व)	75,104.23	91,801.08	1,31,232.17	52,947.77	14,272.32	3,65,357.57
	(77,713.33)	(80,139.68)	(1,21,250.27)	(43,417.32)	(11,643.14)	(3,34,163.74)
गैर-आबंटित आय						168.15
						(903.54)
घटाएं: अंतरखंडीय आय						3,296.63
						(4,846.40)
कुल आय						3,62,229.09
						(3,30,220.88)
परिणाम(विशेष मदों से पूर्व)	9,202.09	-3,830.03	18,173.66	2,367.02	3,165.05	29,077.79
	(6,593.12)	(-15,889.35)	(12,837.52)	(2,114.81)	(2,290.57)	(7,946.67)
जोड़ें: विशेष मदें	5,781.56					5,781.56
	(466.48)					(466.48)
परिणाम (विशेष मदों के पश्चात्)	14,983.65	-3,830.03	18,173.66	2,367.02	3,165.05	34,859.35
	(7,059.60)	(-15,889.35)	(12,837.52)	(2,114.81)	(2,290.57)	(8,413.15)
गैर-आबंटित आय (+)/व्यय(-) निवल						(4,542.76)
						(-3,192.67)
कर पूर्व लाभ/ (हानि)						30,316.59
						(5,220.48)
कर						12,139.76
						(2,151.41)
असाधारण लाभ						0.00
						(0.00)
सहयोगियों के लाभ में हिस्से से पूर्व निवल						18,176.83
लाभ/(हानि) और अल्पांश हित						(3,069.07)
जोड़ें: सहयोगियों के लाभ में हिस्सा						2,963.14
						(281.48)
घटाएं: अल्पांश हित						1,372.17
						(1,050.91)
समूह के लिए निवल लाभ/ हानि						19,767.80
						(2,299.64)
अन्य सूचना:						
खंड आस्तियां	11,35,750.90	12,00,452.76	15,83,362.39	1,74,612.94	43,899.44	41,38,078.43
	(10,00,105.22)	(11,54,958.34)	(14,93,139.12)	(1,53,352.63)	(33,271.02)	(38,34,826.33)
गैर आबंटित आस्तियां						59,413.91
						(53,637.87)
कुल आस्तियां						41,97,492.34
						(38,88,464.20)
खंड देयताएं	10,08,550.01	11,77,433.80	14,78,049.72	1,63,726.93	32,442.25	38,60,202.71
	(8,28,452.00)	(11,77,656.01)	(14,04,930.51)	(1,43,952.42)	(24,650.45)	(35,79,641.39)
गैर आबंटित देयताएं						86,229.51
						(74,327.15)
कुल देयताएं						39,46,432.22
						(36,53,968.54)

(i) आय/व्यय पूरे वर्ष के लिए है। परिसंपत्तियां/देनदारियां 31 मार्च, 2020 तक हैं।

(ii) कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष के हैं।

भाग ख : द्वितीयक (भौगोलिक खंड)

(₹ करोड़ में)

	देशीय परिचालन		विदेशी परिचालन		योग	
	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
आय (विशेष मदों से पूर्व)	3,44,982.70	3,13,646.59	17,246.39	16,574.29	3,62,229.09	3,30,220.88
निवल लाभ /हानि	15,297.21	(2,151.64)	4,470.59	4,451.28	19,767.80	2,299.64
आस्तियाँ	37,09,504.22	34,50,714.98	4,87,988.12	4,37,749.22	41,97,492.34	38,88,464.20
देयताएँ	34,65,172.72	32,22,552.87	4,81,259.50	4,31,415.67	39,46,432.22	36,53,968.54

(i) आय/ व्यय संपूर्ण वर्ष के लिए है। आस्तियां/ देयताएं 31 मार्च 2020 के लिए हैं।

(ii) 31 मार्च 2020 के लिए

3.4 लेखा मानक - 18 "संबंधित पक्षों का प्रकटन"

3.4.1 समूह के संबंधित पक्ष

क. संयुक्त उद्यम:

1. सी-ऐज टेकनोलॉजीज लि.
2. एसबीआई मैक्वैरी इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट प्रा. लि.
3. एसबीआई मैक्वैरी इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी प्रा. लि.
4. मैक्वैरी एसबीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट पीटीई लि.
5. मैक्वैरी एसबीआई इन्फ्रास्ट्रक्चर ट्रस्टी लि.
6. ओमान इंडिया ज्वाइंट इंवेस्टमेंट फंड-मैनजमेंट कंपनी प्रा. लि.
7. ओमान इंडिया ज्वाइंट इंवेस्टमेंट फंड-ट्रस्टी कंपनी प्रा. लि.
8. जियो पेमेंट्स बैंक लि.

ख. सहयोगी :

i.) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

1. आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक
2. अरुणाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक
3. छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक
4. इलाकाई देहाती बैंक
5. मध्यांचल ग्रामीण बैंक
6. मेघालय ग्रामीण बैंक
7. मिजोरम ग्रामीण बैंक
8. नागालैंड ग्रामीण बैंक
9. पूर्वांचल बैंक
10. सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक
11. उत्कल ग्रामीण बैंक
12. उत्तराखंड ग्रामीण बैंक
13. झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक
14. राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक
15. तेलंगाना ग्रामीण बैंक

ii. अन्य

1. दि क्लियरिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
2. बैंक ऑफ भूटान लिमिटेड
3. यस बैंक लि. (w.e.f. 14.03.2020)
4. एसबीआई होम फाइनैंस लिमिटेड (परिसमापन के अधीन)

ग. एसबीआई के प्रमुख प्रबंधन कार्मिक

1. श्री रजनीश कुमार, अध्यक्ष
2. श्री पी.के. गुप्ता, प्रबंध निदेशक (रिटेल एवं डिजिटल बैंकिंग
3. श्री दिनेश कुमार खारा, प्रबंध निदेशक (ग्लोबल बैंकिंग एवं अनुषंगियाँ)
4. श्री अरिजित बसु, प्रबंध निदेशक (कॉरपोरेट ग्राहक समूह एवं आईटी)
5. श्री चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी, प्रबंध निदेशक (तनाव ग्रस्त आस्तियां) (02.01.2020 से)
6. श्रीमती अंशुला कांत, प्रबंध निदेशक (तनाव ग्रस्त आस्तियां जोखिम एवं अनुपालन) (30.08.2019 तक)

3.4.2 वर्ष के दौरान जिन पक्षकारों के साथ लेनदेन किए गए:

लेखा मानक लेखा मानक (एएस) 18 के अनुच्छेद 9 के अंतर्गत 'सरकार द्वारा नियंत्रित उद्यम' के संबंधित पक्ष के संबंध में कोई प्रकटीकरण अपेक्षित नहीं है। इसके अतिरिक्त, लेखा मानक 18 के अनुच्छेद 5 के अंतर्गत प्रमुख प्रबंधन कार्मिक तथा प्रमुख प्रबंधन कार्मिकों के संबंधियों सहित बैंकर-ग्राहक संबंध की प्रकृति वाले लेनदेनों का प्रकटीकरण नहीं किया गया है।

3.4.3 Transactions and Balances:

(₹ करोड़ में)

विवरण	सहयोगी/ संयुक्त उद्यम	महत्वपूर्ण प्रबंधन निजी एवं संबंधी	योग
वर्ष 2019-20 को दौरान लेन देन			
ब्याज आय	4.94 (0.01)	- (-)	4.94 (0.01)
ब्याज ब्यय	0.82 -	- (-)	0.82 -
लाभांश से अर्जित आय	18.56 (22.19)	- (-)	18.56 (22.19)
अन्य आय	0.97 (0.90)	(-)	0.97 (0.90)
अन्य व्यय	4.17 (2.28)	- (-)	4.17 (2.28)
जमीन/भवन/अन्य आस्तियों के विक्रय से आय	- (-)	- (-)	- (-)
प्रबधन कंट्रैक्ट	3.77 (1.92)	1.38 (1.32)	5.15 (3.24)
31 मार्च 2020 को बकाया			
उधारियां	- (-)	- (-)	- (-)
जमा	748.31 (47.18)	- (-)	748.31 (47.18)
अन्य देयताएं	28.35 (0.29)	- (-)	28.35 (0.29)
मांग एवं अल्प सूचना पर बैंक के पास शेष धन	300.00 (-)	- (-)	300.00 (-)
निवेश	11,015.61 (108.31)	- (-)	11,015.61 (108.31)
अग्रिम	113.50 (-)	- (-)	113.50 (-)
अन्य आस्तियां	229.52 (217.55)	- (-)	229.52 (217.55)
नॉन फंड कमिटमेंट्स (एल सी/बीजीएस)	- (-)	- (-)	- (-)
वर्ष के दौरान अधिकतम बकाया			
उधारियां	- (-)	- (-)	- (-)
जमा	768.92 (207.32)	- (-)	768.92 (207.32)
अन्य देयताएं	28.35 (0.29)	- (-)	28.35 (0.29)
मांग एवं अल्प सूचना पर बैंक के पास शेष धन	300.00 (-)	- (-)	300.00 (-)
अग्रिम	113.50 (-)	- (-)	113.50 (-)
निवेश	11,015.61 (108.31)	- (-)	11,015.61 (108.31)
अन्य आस्तियां	229.52 (223.85)	- (-)	229.52 (223.85)
नॉन फंड कमिटमेंट्स (एल सी/बीजीएस)	- (-)	- (-)	- (-)

(कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष के हैं)

वर्ष के दौरान कोई भौतिक महत्वपूर्ण संबंधित पार्टी लेन देन नहीं है।

3.5 लेखा मानक -19 "पट्टे":

3.5.1 वित्तीय पट्टा

01 अप्रैल, 2001 को या उसके बाद वित्तीय पट्टे पर ली गई आस्तियाः वित्तीय पट्टों का ब्योरा नीचे प्रस्तुत किया गया है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2020 की स्थिति के अनुसार	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार
कुल न्यूनतम पट्टा भुगतान बकाया		
1 वर्ष से कम	42.59	24.58
1 से 5 वर्ष	105.50	65.08
5 वर्ष और उससे अधिक	28.47	-
योग	**176.56**	**89.66**
ब्याज लागत देय राशियां		
1 वर्ष से कम	8.86	6.03
1 से 5 वर्ष	14.72	7.89
5 वर्ष और उससे अधिक	3.69	-
योग	**27.27**	**13.92**
न्यूनतम पट्टा भुगतान देय राशियों का वर्तमान मूल्य		
1 वर्ष से कम	33.73	18.55
1 से 5 वर्ष	90.78	57.19
5 वर्ष और उससे अधिक	24.78	-
योग	**149.29**	**75.74**

3.5.2 परिचालन पट्टा

परिचालन पट्टे पर लिए गए परिसरों की जानकारी नीचे प्रस्तुत है:

परिचालन पट्टों में मुख्य रूप से कार्यालय परिसर और स्टाफ निवास शामिल हैं, जो समूह इकाइयों के विकल्प पर नवीकरण योग्य हैं।

रद्द होने योग्य नहीं परिचालन पट्टे पर लिए गए परिसरों की देयता नीचे प्रस्तुत की गई है

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2020 की स्थिति के अनुसार	31.03.2019 की स्थिति के अनुसार
1 वर्ष तक	165.73	188.39
1 वर्ष से 5 वर्ष तक	496.10	558.54
5 वर्ष के पश्चात	112.22	120.46
योग	774.05	867.39

इस वर्ष के लिए लाभ एवं हानि खाते में ली गई पट्टा भुगतानों की राशि ₹3,556.87 करोड़ (पिछले वर्ष 8,522.61 करोड़).

3.6 लेखा मानक-20 'प्रति शेयर उपार्जन'

बैंक, लेखा मानक 20, "प्रति शेयर उपार्जन" के अनुसार प्रत्येक इक्विटी शेयर पर मूल और कम की गई आय रिपोर्ट करता है। प्रतिशेयर "मूल आय" की गणना, वर्ष के दौरान, कर पश्चात समेकित (आधी हिस्सेदारी वाली संस्थाओं को छोड़कर) निवल लाभ/(हानि) बकाया इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या से भाग देकर निकाली गई है।

विवरण	चालू वर्ष	पिछला वर्ष
मूल एवं कम किया हुआ		
वर्ष के प्रारंभ में बकाया इक्विटी शेयरों की संख्या	892,46,11,534	892,45,87,534
वर्ष के दौरान जारी इक्विटी शेयरों की संख्या	Nil	24,000
वर्ष के अंत तक बकाया इक्विटी शेयरों की संख्या	892,46,11,534	892,46,11,534
प्रति शेयर मूल आय की गणना के लिए प्रयुक्त भारित औसत इक्विटी शेयरों की संख्या	892,46,11,534	892,45,91,479
प्रति शेयर कम की गई आय की गणना के लिए प्रयुक्त भारित औसत शेयरों की संख्या	892,46,11,534	892,45,91,479
